RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 234
नई दिल्ली, शनिवार, 2 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर



नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग में रजत जीता
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# नुपुर शर्मा की अनियंत्रित जुबान ने देश को आग में झोंकाः सुप्रीम कोर्ट

● सर्वोच्च अदालत ने पैगंबर मोहम्मद के बारे में विवादित टिप्पणी पर भाजपा की पूर्व प्रवक्ता से देश से माफी मांगने को कहा

● अदालत ने कहा- टिप्पणी या तो सस्ता प्रचार पाने के लिए या किसी राजनीतिक एजेंडे अथवा किसी घृणित गतिविधि के तहत की गई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





**उच्चतम** न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से निलंबित नेता नुपुर शर्मा की पैगंबर मोहम्मद के बारे में विवादित टिप्पणी को लेकर उन्हें शुक्रवार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि उनकी (नुपुर की) अनियंत्रित जुबान ने पूरे देश को आग में झोंक दिया। न्यायालय ने यह भी कहा कि देश में जो कुछ हो रहा है, उसके लिए शर्मा अकेले जिम्मेदार हैं।

न्यायालय ने शर्मा की विवादित टिप्पणी को लेकर विभिन्न राज्यों में दर्ज प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने संबंधी उनकी अर्जी स्वीकार करने से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने (शर्मा ने) पैगंबर मोहम्मद के बारे में टिप्पणी या तो सस्ता प्रचार पाने के लिए या किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत या किसी घृणित गतिविधि के तहत की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि उनका (शर्मा का) अपनी जुबान पर काबू नहीं है और उन्होंने टेलीविजन चैनल पर गैर-जिम्मेदाराना बयान दिए हैं तथा पूरे देश को आग में झोंक दिया है। फिर भी वह 10 साल से वकील होने का दावा करती हैं। उन्हें अपनी टिप्पणियों के लिए तुरंत पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए थी। टेलीविजन पर प्रसारित एक बहस के दौरान पैगंबर के बारे में की गई शर्मा की टिप्पणी के विरोध में देशभर में प्रदर्शन हुए थे और कई खाड़ी देशों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

भाजपा ने बाद में शर्मा को पार्टी से निलंबित कर दिया था। न्यायालय ने कहा कि ये बयान बहुत व्यथित करने वाले हैं और इनसे अहंकार की बू आती है। इस प्रकार के बयान देने का उनका क्या मतलब है? इन बयानों के कारण देश में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुईं। ये लोग धार्मिक नहीं हैं। वे अन्य धर्मों का सम्मान नहीं करते। ये टिप्पणियां या (शेष पेज 8)

## केंद्र सरकार ने देश में नफरत व गुस्से का माहौल बनायाः राहुल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पैगंबर** मोहम्मद पर विवादास्पद टिप्पणी के लिए निलंबित भाजपा नेता नुपुर शर्मा के खिलाफ उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों को लेकर विपक्ष ने शुक्रवार को सरकार पर तीखा हमला किया और उस पर देश में गुस्सा और नफरत का माहौल बनाने का आरोप लगाया।

शीर्ष अदालत की एक पीठ ने शर्मा की टिप्पणियों के लिए उनकी कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि उनकी अनियंत्रित जुबान ने पूरे देश को आग में झोंक दिया है। न्यायालय ने यह भी कहा कि देश में जो हो रहा है उसके लिए वह (शर्मा) अकेले जिम्मेदार हैं। कांग्रेस ने कहा कि पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी करके देश भर में भावनाओं को भड़काने के लिए शर्मा को जिम्मेदार ठहराकर शीर्ष अदालत ने सही किया है और सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी को शर्म से सिर झुकाना चाहिए।

कांग्रेसे नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि यह स्थिति केंद्र की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने बनाई है। राहुल ने कलपेट्टा में अपने कार्यालय का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह माहौल प्रधानमंत्री ने, गृहमंत्री ने, भाजपा और आरएसएस ने बनाया है। यह माहौल गुस्से और नफरत का है। ईमानदारी से कहूं तो देश में बना यह माहौल राष्ट्र (शेष पेज 8)

# शाह वादा पूरा करते तो महाराष्ट्र में भाजपा का मुख्यमंत्री होताः ठाकरे

● शिवसेना अध्यक्ष ने पूछा, भाजपा ने 2019 में शिवसेना को मुख्यमंत्री पद देने से इनकार क्यों किया

● शिंदे सरकार से आरे कॉलोनी में मेट्रो-3 कार शेड परियोजना के साथ आगे नहीं बढ़ने की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



**शिवसेना** अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा है कि यदि गृह मंत्री अमित शाह ने 2019 में उनसे किया गया वादा पूरा किया होता तो अब महाराष्ट्र में भाजपा का मुख्यमंत्री होता। उन्होंने तथाकथित शिवसैनिक को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाए जाने संबंधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के फैसले पर सवाल उठाए और आश्चर्य जताया कि भाजपा ने 2019 में शिवसेना को मुख्यमंत्री पद देने से इनकार क्यों किया।

ठाकरे ने अपनी पार्टी में बगावत को लोकतंत्र का मजाक और लोगों के वोट की बर्बादी बताया। मध्य मुंबई के दादर में पार्टी मुख्यालय शिवसेना भवन में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ठाकरे ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार से आरे कॉलोनी में मेट्रो-3 कार शेड परियोजना के साथ आगे नहीं बढ़ने की भी अपील की। बृहस्पतिवार को हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में शिंदे और (शेष पेज 8)

## शिंदे सरकार चार जुलाई को सदन में शक्ति परीक्षण का करेगी सामना

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार चार जुलाई को विधानसभा में शक्ति परीक्षण का सामना करेगी। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि भाजपा विधायक राहुल नार्वेकर ने शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। आवश्यकता पड़ने पर इस पद के लिए तीन जुलाई को चुनाव कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि तीन जुलाई को ही (शेष पेज 8)

## मुख्यमंत्री शिंदे, बागी विधायकों के निलंबन संबंधी याचिका पर सुनवाई 11 को

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उन 15 बागी विधायकों को विधानसभा से निलंबित किए जाने का अनुरोध करने वाली शिवसेना के मुख्य सचेतक सुनील प्रभु की याचिका पर 11 जुलाई को सुनवाई करेगा, जिनके खिलाफ अयोग्यता याचिकाएं लंबित हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की अवकाशकालीन पीठ से आग्रह किया कि मुख्यमंत्री समेत 16 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही लंबित होने के कारण अंतरिक याचिका पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है। सिब्बल ने कहा, परेशान करने के लिए माफी चाहता हूं...हमने एक अर्जी दाखिल (शेष पेज 8)

# मोदी ने पुतिन से बात की, यूक्रेन पर भारत का पुराना रुख दोहराया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बात की। इस दौरान उन्होंने यूक्रेन संकट को बातचीत और कूटनीति के जरिए सुलझाने के भारत के पुराने रुख को दोहराया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के एक बयान में कहा गया कि टेलीफोन पर बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा और खाद्य बाजारों की स्थिति सहित वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

इसके मुताबिक, दोनों नेताओं ने दिसंबर 2021 में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन की समीक्षा की। बयान के मुताबिक, उन्होंने विशेष रूप से कृषि वस्तुओं, उर्वरकों और फार्मा उत्पादों में द्विपक्षीय व्यापार को कैसे और प्रोत्साहित किया जा सकता है, इस पर विचारों का आदान-प्रदान किया।पीएमओ ने कहा, यूक्रेन में मौजूदा स्थिति के संदर्भ में प्रधानमंत्री ने वार्ता और कूटनीति के समर्थन में भारत के पुराने रुख को दोहराया। इसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर नियमित परामर्श जारी रखने पर भी सहमति व्यक्त की।

रूसी समाचार एजेंसी तास ने क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) प्रेस का हवाला देते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने पारस्परिक रूप से लाभप्रद आर्थिक सहयोग को और विकसित करने के कदमों पर ध्यान केंद्रित करते हुए रूस-भारत संबंधों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। क्रेमलिन प्रेस सेवा को एक बयान में कहा गया कि उन्होंने रूस और भारत के बीच विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए परस्पर इच्छा व्यक्त की।बयान में यह भी कहा गया कि पुतिन ने मोदी के साथ यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान की प्रगति पर चर्चा की और विशेष रूप से, कीव और उसके (शेष पेज 8)

# थल सेना, नौसेना ने अग्निपथ योजना के तहत शुरू कर दी भर्ती

● एक सप्ताह तक कई राज्यों में हिंसक प्रदर्शन हुए थे और विपक्षी दलों ने वापस लेने की मांग की थी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** थल सेना और नौसेना ने शुक्रवार को अग्निपथ योजना के तहत अपनी भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय वायु सेना ने 24 जून को ही इस योजना के तहत अपनी भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी थी और उसे बृहस्पतिवार तक 2.72 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। चौदह जून को इस योजना की शुरुआत के बाद लगभग एक सप्ताह तक कई राज्यों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे और विपक्षी दलों ने इसे वापस लेने की मांग की थी। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को ट्वीट किया, भारतीय नौसेना में अग्निवीरों के लिए पंजीकरण आज से शुरू हो रहा है। उसने आगे कहा, भारतीय सेना में शामिल हों। अग्निवीर के रूप में देश की सेवा करने के अपने सपने को पूरा करें। एक जुलाई से अग्निपथ भर्ती योजना के लिए पंजीकरण खुला है। अग्निपथ योजना के तहत साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष तक के युवाओं को चार साल के कार्यकाल के लिए सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा, जबकि उनमें से 25 प्रतिशत को बाद में नियमित सेवा में शामिल किया जाएगा। सरकार ने 16 जून को इस साल के लिए इस योजना के तहत भर्ती के लिए ऊपरी आयु सीमा 21 से बढ़ाकर 23 वर्ष कर दिया था, और सेवानिवृत्ति के बाद केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में अग्निवीरों के लिए प्राथमिकता दिए जाने समेत विभिन्न कदमों की घोषणा की थी। कई भाजपा शासित राज्यों ने यह भी घोषणा की कि अग्निपथ योजना के तहत शामिल किए गए अग्निवीर सैनिकों को राज्य पुलिस बलों में शामिल करने में प्राथमिकता दी जाएगी। सशस्त्र बलों ने स्पष्ट कर दिया है कि नई भर्ती योजना के खिलाफ हिंसक विरोध और आगजनी करने वालों को शामिल नहीं किया जाएगा।

## अगले सप्ताह भाजपा में शामिल हो सकते हैं कैप्टन अमरिंदर

**मोनिका मलिक।** चंडीगढ़

पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ नया दल बनाने वाले दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह शीघ्र ही भाजपा में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद वस्तुतः राजनीतिक अस्तित्व के लिए जूझ रहे कैप्टन अमरिंदर अपनी कांग्रेस सांसद पत्नी परनीत कौर के साथ अगले सप्ताह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल सकते हैं। इसी के साथ वह अपने आठ महीने पुराने राजनीतिक संगठन पंजाब लोक कांग्रेस का भी भाजपा में विलय करेंगे। कैप्टन (89 वर्षीय) की हाल ही में लंदन में रीढ़ की हड्डी की सर्जरी हुई है और वर्तमान में वह स्वस्थ हो रहे हैं। उनके अगले सप्ताह तक लौटने की उम्मीद है। पता चला है कि दो बार के पूर्व मुख्यमंत्री को अहम जिम्मेदारी दी जाएगी, जिसमें भगवा पार्टी मुख्य रूप से अगले लोकसभा चुनाव पर ध्यान देगी। चुनाव से पहले और बाद में कांग्रेस के कई प्रमुख नेता पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

# कोवोवैक्स की 32.4 लाख खुराक अमेरिका को आपूर्ति करेगा भारत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सीरम की यह वैक्सीन नुवैक्सोविद ब्रांड नाम के तहत जाएगी अमेरिका

**केंद्र** सरकार ने पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) को अपने कोविड-19 वैक्सीन कोवोवैक्स की 32.4 लाख खुराक अमेरिका को नुवैक्सोविद ब्रांड नाम के तहत आपूर्ति करने की अनुमति दी है। यह किसी भी भारतीय दवा निर्माता द्वारा अमेरिका को निर्यात किया जाने वाला पहला टीका होगा। आधिकारिक सूत्र ने समाचार एजेंसी को बताया कि पहला शिपमेंट 3 जुलाई को भेजे जाने की संभावना है।

बीते 29 जून को सरकार को लिखे पत्र में एसआईआई के निदेशक (सरकारी और नियामक मामले) प्रकाश कुमार सिंह ने अमेरिका को कोवोवैक्स निर्यात करने की अनुमति मांगी थी। सूत्रों ने कहा कि यह किसी भी भारतीय निर्माता द्वारा अमेरिका को किसी भी वैक्सीन कोविड या गैर-कोविड का निर्यात करने का पहला उदाहरण होगा। सूत्रों के अनुसार सिंह ने कहा कि यह भारत के लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेकिंग इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड के स्पष्ट आह्वान के अनुरूप सीरम के सीईओ, डॉ अदार सी पूनावाला के नेतृत्व में बनी कोवोवैक्स वैक्सीन हमारे देश की पहली जीवन रक्षक वैक्सीन होगी, जिसे संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात किया जाएगा।

ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने 28 दिसंबर, 2021 को कोवोवैक्स को आपातकालीन स्थितियों में कुछ शर्तों के साथ उपयोग के लिए वयस्कों में एवं बीते 9 मार्च को 12-17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए अनुमोदित किया था। इस दवा नियामक ने 29 जून को इसे 7 से 11 साल के बच्चों में प्रतिबंधित आपातकालीन उपयोग के लिए मंजूरी दी थी। कोवोवैक्स नोवावैक्स से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से निर्मित है और सशर्त विपणन प्राधिकरण के लिए यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी द्वारा अनुमोदित है।

## बाजार


| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,907 | ↓ 111 | |
| निफ्टी | 15,752 | ↓ 28 | |
| सोना | 51,458 | ↑ 1088 | /10g |
| चांदी | 58,159 | ↑ 411 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पुरी में भगवान जगन्नाथ की नौ दिवसीय रथयात्रा हुई शुरू

**पुरी(ओडिशा)।** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा के अलावा चक्रराज सुदर्शन के विशालकाय रथों के साथ शुक्रवार को नौ दिवसीय रथयात्रा उत्सव आरंभ हो गया। इस दौरान लाखों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ और हरिबोल का उद्घोष किया। घंटे, ढोल, मंजीरे और नगाड़ों की ध्वनि से आकाश गूंज उठा तथा सिंहद्वार के आसपास एकत्र हुए देशभर से आए श्रद्धालुओं ने रथों पर सवार देव प्रतिमाओं के दर्शन किए। गौरतलब है कि गत दो साल महामारी के दौरान रथयात्रा उत्सव का आयोजन नहीं हो सका था। रथयात्रा के आयोजन के लिए जिला प्रशासन और ओडिशा पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। हिंदू पंचांग के अनुसार, प्रतिवर्ष आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर इस पर्व का आयोजन किया जाता है।

# डीआरडीओ के पूर्ण स्वचालित विमान की पहली सफल उड़ान



**भाषा।** बेंगलुरु

**रक्षा** अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को कर्नाटक के चित्रदुर्ग में अपने पूर्ण स्वचालित विमान की पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की। इस संबंध में एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि मानवरहित विमान ने सटीकता के साथ उड़ान भरी और फिर सुगम तरीके से जमीन पर उतर गया।

बयान के मुताबिक, यह उड़ान भविष्य के मानवरहित विमानों के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को साबित करने के मामले में एक प्रमुख उपलब्धि है और यह सामरिक रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।


बयान में कहा गया कि इस मानवरहित वायुयान को वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई), बेंगलुरु द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है जो डीआरडीओ की एक प्रमुख अनुसंधान प्रयोगशाला है। प्रेस विज्ञप्ति के (शेष पेज 8)

# उत्तर प्रदेश में जल्द धूम मचाएगा 'रेडियो जय घोष'

● सांस्कृतिक विरासत को सहेजने व जन-जन तक पहुंचाने के लिए योगी सरकार शुरू करने जा रही है वेब रेडियो स्टेशन

**शिव विजय सिंह।** लखनऊ






**उत्तर** प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने व जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार वेब रेडियो स्टेशन 'रेडियो जय घोष' शुरू करने जा रही है। इसकी जिम्मेदारी संस्कृति विभाग को दी गई है। इस कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। 'रेडियो जय घोष' आकाशवाणी की तर्ज पर लोगों तक देश व प्रदेश की खबरे पहुंचाने के साथ ही आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, पर्यटन से जुड़े आकर्षक कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाने का काम करेगा। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत देश भर में जोर-शोर से कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के निवासियों को ज्ञान का भंडार देने व मन मोहने वाला ब्राडकास्टिंग स्टूडियो 'रेडियो जय घोष' के नाम से गोमतीनगर स्थित संगीत नाटक आकदमी परिसर मैं तैयार करा दिया है। इस 'रेडियो जय घोष' के माध्यम से प्रदेश सरकार यूपी के शूर वीरों व आजादी के नायकों की गाथाओं, सांस्कृतिक धरोहर, संगीत, धार्मिक प्रथाओं और रीति-रिवाजों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेगी। प्रदेश सरकार का यह एक ऐसा वेब रेडियो होगा जो (शेष पेज 8)

# चाइल्ड पीजीआई में 4 बिस्तरों वाली मातृ-नवजात इकाई शुरू

## मां अपने बीमार बच्चे के साथ रह सकेगी, परिसर की छत, दीवारों को गुलाबी और हरे रंग में रंगा गया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नियोनेटोलॉजी विभाग में चाइल्ड पीजीआई के निदेशक डॉ अजय सिंह के कर कमलों द्वारा 4 बिस्तरों वाली मातृ एवं नवजात देखभाल इकाई (एमएनसीयू) का उद्घाटन किया गया। इस इकाई में बीमार बच्चे के बिस्तर के साथ-साथ मां के लिए भी एक बिस्तर होगा।

इस इकाई को विकसित करने में तकनीकी सहायता एक गैर सरकारी संगठन कम्युनिटी एंपावरमेंट लैब सीईएल द्वारा प्रदान की गई है।

नियोनेटोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ रुचि राय ने कहा कि इससे बच्चे की देखभाल स्वयं मां कर सकेगी। इस इकाई में मां अपने बीमार बच्चे के साथ रह सकेगी एवं बच्चे को स्तनपान कराने और कंगारू मदर केयर केएमसी को बेहतर तरीके से देने में सक्षम होगी। केएमसी एक अनूठा तरीका है जिसमें मां अपने बच्चे को अपनी छाती पर त्वचा से त्वचा के संपर्क में रखती है।

राय ने बताया कि इस विधि का उपयोग बच्चे को गर्म रखने के लिए किया जाता है और यह समय से पहले जन्मे और कम वजन के बच्चों का तेजी से वजन बढ़ाने में भी मदद करता है। यह उन बच्चों के लिए मददगार होगा जो एनआईसीयू में भर्ती हैं, लेकिन बहुत बीमार नहीं हैं यानी उन्हें वेंटिलेटर या ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत नहीं है और वे अंत:शिरा तरल पदार्थ पर नहीं हैं। उन्होंने बताया कि एमएनसीयू की यह अवधारणा शिशुओं को बेहतर तरीके से ठीक होने में मदद करेगी और साथ ही माताओं को अपने बच्चों को केएमसी देते समय अधिक आराम मिलेगा। इकाई की छत, दीवारों एवं पर्दे आदि में गुलाबी और हरे रंग में रंगा गया है। जो मां और बच्चे दोनों के लिए सुखदायक है और यह एक खुशनुमा माहौल देने में सक्षम है। दीवारों को शिक्षाप्रद पोस्टरों से भी सजाया गया है। ताकि मां को केएमसी और नवजात देखभाल के अन्य पहलुओं के बारे में शिक्षित किया जा सके।

### जिम्स में जल्दी एमआरआई की सुविधा

*नोएडा। जनपद गौतम बुद्ध नगर के निवासियों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में जल्द ही बहुत बड़ी राहत मिलने वाली है। पहली बार सरकारी अस्पताल में मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग एमआरआई की सुविधा शुरू होगी। कासना स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान जिम्स में 15 जुलाई से पहले सुविधा शुरू करने की तैयारी है। यहां साधारण एमआरआई के लिए 1500 रुपये चार्ज जाएंगे। निजी अस्पतालों में साधारण एमआरआई कराने की कीमत पांच से छह हजार रुपये से शुरू होती है। जबकि विशेष तरह की एमआरआई के लिए और भी ज्यादा राशि वसूली जाती है। जिम्स में पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप पीपीपी मॉडल के तहत एमआरआई मशीन लगाई गई है। एमआरआई के लिए कुछ अन्य एसेसरीज की जरूरत है। इसे लगाकर 15 जुलाई तक एमआरआई सुविधा मरीजों को उपलब्ध कराने की तैयारी है। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक ब्रिगेडियर रिटायर्ड डॉ राकेश गुप्ता ने बताया कि 15 जुलाई तक एमआरआई सुविधा शुरू करने की तैयारी है। मशीन इंस्टॉल हो चुकी है, कुछ पाट्र्स आने के बाद इसे शुरू किया जाएगा। एमआरआई की सुविधा 1500 रुपये में शुरू होगी।*

## संक्षिप्त समाचार



संचारी रोग नियंत्रण अभियान को हरी झंडी दिखाते डिप्टी सीएम बृजेश पाठक।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान को दिखाई हरी झंडी

**नोएडा।** डिप्टी सीएम बृजेश पाठक नोएडा नोएडा पहुंचे हैं। यहां पर उन्होंने जिला स्वास्थ्य अस्पताल का जायजा लिया। नोएडा जिला अस्पताल में बृजेश पाठक विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की शुरुआत की है। यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर चला गया है। योगी आदित्यनाथ के इस खास अभियान को नोएडा में हरी झंडी देने के लिए बृजेश पाठक जिले में आए हैं। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस अभियान की शुरुआत गोरखपुर से कर रहे हैं। नोएडा में हरी झंडी दिखाकर विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की शुरुआत की है। इस दौरान बृजेश पाठक ने बताया कि संचारी रोगों से निपटने के लिए 1 जुलाई 2022 से 31 जुलाई 2022 तक संचारी रोग दस्तक अभियान चलाया जाएगा।

### सर्प दंश से पांच साल की बच्ची की मौत

**नोएडा।** सर्प दंश से एक पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि सांप के काटने से एक महिला की हालत गंभीर है। सर्फाबाद गांव में रहने वाले एक व्यक्ति की पांच वर्षीय बेटी को जहरीले सांप ने डस लिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। वहीं कुलेसरा गांव में रहने वाली एक 50 वर्षीय महिला को सांप ने काट लिया। अत्यंत गंभीर हालत में महिला को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव में झुग्गी डाल कर रहने वाले सतीश की बेटी छाया को देर रात जहरीले सांप ने काट लिया। चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

### सपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश का जन्मदिन मनाया



**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्म दिन शुक्रवार को सेक्टर 102 स्थित भंगेल सपा व्यापार सभा ग्रामीण कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। सपा नोएडा ग्रामीण महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे एवं व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल ने सपा कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया। दुबे ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता अखिलेश यादव जी के उज्ज्वल राजनैतिक भविष्य, स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना ईश्वर से करते हैं। इस अवसर पर व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल, विनोद राज, पुष्पेंद्र बंसल, मुसर्रफ, हाजी खालिद, सुबोध गोयल, सौरभ जिंदल, राजीव गुप्ता, प्रशांत गौतम, मनीष यादव समाजसेवी, शिव शंकर गोयल, कलीम खान, मोहम्मद इरशाद, ठाकुर अजीत सिंह, कपिल भाटी, आर्य गोयल सहित तमाम सपा नेता मौजूद रहे।

### नोएडा में 31 अगस्त तक धारा 144 लागू

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में 31 अगस्त तक धारा 144 लागू की गई है। अपर पुलिस उपायुक्त (कानून व्यवस्था) आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि जुलाई और अगस्त माह में आने वाले विभिन्न त्योहारों जैसे कि जगन्नाथ शोभायात्रा, ईद उल जुहा (बकरीद), सावन माह के अन्य त्योहार, श्रावण शिवरात्रि, मोहर्म, रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस, द्रोणाचार्य मेला, गणेश चतुर्थी आदि को ध्यान में रखते हुए धारा 144 लागू की गई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान कोई भी व्यक्ति बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के धरना-प्रदर्शन आदि नहीं करेगा। कोई व्यक्ति बिना अनुमति के किसी प्रकार का जुलूस नहीं निकाल सकेगा। द्विवेदी ने कहा कि धारा 144 के प्रभाव में रहने से कोई व्यक्ति लाठी-डंडा, बल्लम अथवा किसी प्रकार का घातक हथियार लेकर नहीं चल सकेगा।

# कोरियन नागरिकों के अवैध अड्डे का पर्दाफाश 258 बीयर की बोतलें बरामद, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने ग्रेटर नोएडा में एक अवैध शराब के अड्डे का पर्दाफाश हुआ है। इस अवैध शराब के अड्डे को कोरियन नागरिक चला रहा है। पुलिस ने मौके से 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। अवैध शराब के अड्डे पर एक दर्जन से भी ज्यादा कोरियन शराब और बीयर की बोतलें बरामद हुई है। पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश कर रही है। कोर्ट के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेटर नोएडा बीटा-2 कोतवाली पुलिस को एक सूचना मिली कि उनके थाना क्षेत्र में एक अवैध शराब का अड्डा चल रहा है। सूचना मिलने के बाद बीटा-2 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एडब्ल्यूएचओ में चल रहे अवैध शराब के अड्डे पर छापा मारा। पुलिस ने बताया कि एडब्ल्यूएचओ में कोरियन रेस्टोरेंट पर छापा मारा। यहां पर अवैध रूप से विदेशी शराब परोसी जा रही थी। पुलिस ने मौके से रेस्टोरेंट्स के होटल मैनेजर सागशु कू और सह संचालक नन्हे यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 258 बीयर की बोतलें मिली हैं। जिसमें से 72 बीयर की बोतल कोरियन है।घरबरा गांव में जो चीनी जासूसों का अड्डा चल रहा था। वहां पर भी चीनी नागरिकों के लिए यहां से शराब बेची जाती थी। पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है कि आखिर किसकी शह से कोरियन रेस्टोरेंट में अड्डा चल रहा था।

# पुलिस चौकी के पास युवती को जिंदा जलाया

● मृतका की जानकारी जुटा रही पुलिस की टीमें

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद शहर में दिल दहला देने वाली वारदात प्रकाश में आई है। कविनगर औद्योगिक क्षेत्र में बदमाशों ने पुलिस चौकी के नजदीक युवती को जिंदा जला दिया।

शत-प्रतिशत जली हालत में युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। दरअसल, कविनगर थानांतर्गत औद्योगिक क्षेत्र में श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के पास से पुलिस ने जली हालत में युवती का शव बरामद किया है। वह शत.प्रतिशत तक जल चुकी थी। पार्क में घूमने आए लोगों की नजर युवती के शव पर पड़ी। ऐसे में पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची।

शुरुआती जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जिस स्थान से युवती का शव मिला है, वहां से नजदीकी पुलिस चौकी ज्यादा दूर नहीं है।

वहीं, पुलिस का दावा है कि युवती को कहीं और जलाया गया। बाद में उसे कविनगर औद्योगिक क्षेत्र में लाकर फेंक दिया गया। युवती का जिस्म शत.प्रतिशत जल चुका था। उसका चेहरा भी जल चुका था। शव देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि हत्यारे की साजिश थी कि युवती को कोई पहचान न पाए।

पुलिस का मानना है कि संभवतरू कोई ज्वलनशील पदार्थ डालकर युवती को जलाया गया है। घटना की जांच के क्रम में पुलिस आस.पास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है।

इसके अलावा सभी थाना प्रभारियों को 25 से 30 साल की लापता महिलाओं की जानकारी जुटाने के आदेश दिए गए हैं। इसके लिए एसएसपी के निर्देशों पर 8 टीमों का गठन हुआ है।

# कप्तान ने दो दर्जन से अधिक दरोगाओं को किया सस्पेंड

● काम के प्रति निक्रिय रहने और भ्रष्टाचार के लगे है आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

एसएसपी मुनिराज जी ने ऑपरेशन क्लीन के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो दर्जन से अधिक भ्रष्ट अथवा निकृष्ट दरोगाओं, चौकी प्रभारियों को निलंबित कर दिया।

यूं तो पुलिस प्रशासन की और से इसकी ठोस पुष्टि नहीं की गई लेकिन सूत्रों की माने तो कप्तान का ऐसे लगभग 25-26 दरोगाओं व चौकी प्रभारियों पर हंटर चल गया है जिनपर निष्क्रिय रहने और अपने कर्तव्यों का अनुपालन करने के बजाय भ्रष्ट कृत्यों में लिप्त रहने के आरोप लगे थे। यूं तो इस कार्रवाई की चर्चा पूरे महकमे में होती दिखाई दी पर इसकी किसी भी अधिकारी ने खुले रूप से पुष्टि नहीं की। हालांकि इस कार्रवाई को लेकर पुलिसकर्मियों में हड़कंप मचा है। कार्रवाई को लेकर आशंका भी बनी हुई है।

# एयरपोर्ट के निर्माण की निगरानी करेगी ईआईएल

पायनियर समाचरा सेवा। नोएडा

● मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर और महाप्रबंधक मुकेश मीणा ने एग्रीमेंट पर दस्तखत किए




जेवर एयरपोर्ट का काम कैसा चल रहा है, अब यह देखने की जिम्मेदारी इंजीनियर इंडिया लिमिटेड को सौंपी गई है। इसके लिए शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह और ईआईएल के महाप्रबंधक मुकेश मीणा ने एग्रीमेंट पर दस्तखत किए हैं।

ईआईएल नियमित रूप से प्रोजेक्ट पर नजर रखेगी और समय.समय पर प्रोग्रेस रिपोर्ट यमुना अथॉरिटी को देगी। यमुना अथॉरिटी यह रिपोर्ट सरकार को भेजती रहेगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड को सिविल वर्क आवंटित किया गया है। यह एयरपोर्ट पूरी तरह से डिजिटल होगा। इसके लिए अभी से तैयारी शुरू हो गई है। वाईआईएपीएल ने मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर एमएसआई सलाहकार के रूप में आईसीएडी से समझौता किया है।

दुनिया में डिजिटल हवाई अड्डे के निर्माण के लिए आईसीएडी की एक अलग पहचान है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर निर्माण कार्य का जिम्मा टाटा प्रोजेक्ट्स को मिला है। टाटा प्रोजेक्ट्स रनवे और काफी निर्माण कार्य करेगी। कुछ दिनों पहले टाटा गोल्ड सीपी अरोड़ा एलएलपी के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर भूमि पूजन किया और कार्य शुरू किया। टाटा प्रोजेक्ट्स इस वक्त दिल्ली में संसद भवन की नई इमार, मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक, ईस्टर्न और वेस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर के अलावा मुंबई, पुणे, दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद और चेन्नई में मेट्रो परियोजनाओं पर काम कर रही है। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 25 नंवबर को जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की आधारशिला रखी थी।

Mahindra HOME FINANCE

**महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड** — बिक्री सूचना

कार्पोरेट कार्यालय :— महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग वर्ली, मुंबई —400018, भारत, फोन : +91 22 66523500 फैक्स : +91 22 24972741

आंचलिक कार्यालय : एलडीए कालोनी, बी 2/बी 70, कानपुर रोड, निकट फीनिक्स मॉल, लखनऊ
शाखा कार्यालय : तृतीय तल, 139—141, मंगल पांडे नगर, सीसीएस यूनिवर्सिटी के सामने, मेरठ, उत्तर प्रदेश—250002

**प्रतिभूत आस्तियों का प्राइवेट ट्रीटी के तहत निपटान, जैसीकि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(5)(डी) के तहत व्यवस्था दी गई है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :—**

प्रतिभूत लेनदार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है) के प्राधिकृत अधिकारी ने, प्रतिभूत ऋणों की वसूली के प्रयोजनार्थ वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "सरफासी ऐक्ट" कहा गया है) की धारा 13(4) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (इसमें आगे "नियमावली" कही गई है) के नियम 8 और 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) बेचने का निर्णय किया है। प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त सम्पत्ति का कब्जा सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत प्राप्त किया जा चुका है, जो "जैसी है जहां है आधार" तथा "जो है जैसी है आधार" पर बेची जाएगी तथा सर्वसाधारण और सभी संबंधित जन जिसमें संबंधित कर्जदार/बंधकदाता, उनके प्रतिनिधिगण, यथास्थिति, शामिल हैं, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध प्रतिभूत आस्तियां बेची जाएगी, जिनका विवरण यहां नीचे दिया गया है :—

| कर्जदार/गारंटर | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | अचल सम्पत्ति (प्रतिभूत आस्तियों) का वर्णन | प्राप्त की गई ऑफर राशि |
|---|---|---|---|
| 1. निर्भय सिंह नागर (कर्जदार) पता : पुत्र सतपाल सिंह, मकान नंबर 9, नगला शेरखान उर्फ जैन पुर, मेरठ, उत्तर प्रदेश —250002 2. अजय सिंह (सह—कर्जदार) पता : पुत्र सतपाल सिंह, रछोटी, मेरठ, उत्तर प्रदेश—250106 3. शिका अग्रवाल पता : पत्नी राजीव अग्रवाल, 278/7, जागृति विहार, सेक्टर—7, मेरठ, उत्तर प्रदेश—250004 शाखा : मेरठ 582727/ XSEMMER00489862 | 12—01—2021 रू.7,55,797/— भौतिक कब्जा की तिथि 10—04—2021 | प्लॉट नंबर 19 एवं 20 का भाग, खसरा नंबर 111, ग्राम कुंडा परतापुर, मेरठ, उत्तर प्रदेश: 250002 चौहद्दी :— उत्तर : प्लॉट नंबर 20 का बाकी भाग, दक्षिण : प्लॉट नंबर 19 का बाकी भाग, पूरब — धनपाल का खेत, पश्चिम — रास्ता 20 फीट चौड़ा | रू. 2,00,000/— (रूपए दो लाख मात्र) |

1. एमआरएचएफएल को अपने प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से कार्यवाही करते हुए अब उसके लिए ऑफर प्राप्त हुई है (ऑफर राशि ऊपर तालिका में दी गई है) और हम, अन्य के साथ इस तथ्य पर विचार करते हुए इसको स्वीकार करने के इच्छुक हैं कि पिछली सार्वजनिक नीलामी असफल हो चुकी है।
2. इच्छुक बिडर्स को नीलामी में भाग लेने हेतु सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।
3. नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निर्धारित निविदा प्रपत्र में समाविष्ट की गई हैं। निविदा प्रपत्र www.mahindraruralhousingfinance.com पर और शाखा कार्यालय में उपलब्ध हैं। बिक्री, नीलामी प्रपत्र में वर्णित नियम एवं शर्तों के तहत होगी।
4. अतिरिक्त विवरण के लिए प्राधिकृत अधिकारी दीप चन्द्र जोशी से 8853265434 पर सम्पर्क करें। निर्धारित निविदा प्रपत्र में सीलबंद ऑफर्स ईएमडी के साथ उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 18—जुलाई—2022 समय पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 6.00 बजे तक है। अधूरी निविदाएं अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदाएं अवैध मानी जाएंगी तथा अस्वीकृत होंगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
5. उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में सम्पत्ति हेतु ऑफर्स खोलने की तिथि 20—जुलाई—2022 को पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 3.00 बजे है। निविदा प्राधिकृत अधिकारी की मौजूदगी में खोली जाएगी।
6. अचल सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि 16—जुलाई—2022 समय पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 6.00 बजे तक है।
7. कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का नोटिस दिया जाता है कि वे उपरिवर्णित बकाया राशि नीलामी की तिथि से पहले जमा कर दें जिसमें असफल रहने पर प्राप्त की गई ऑफर स्वीकार कर ली जाएगी तथा अचल सम्पत्ति नीलाम कर दी जाएगी तथा शेष राशि, यदि कोई, ब्याज और लागतों सहित वसूल की जाएगी। यदि कर्जदार महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की पूरी बकाया राशि बिक्री की तिथि से पहले चुका देता है तो नीलामी रोक दी जाएगी।
8. अचल सम्पत्ति उच्चतम बोलीदाता को बेची जाएगी। तथापि, अधोहस्ताक्षरी का एकमात्र अपने विवेक के अनुसार परस्पर बोलीदान की अनुमति देने का अधिकार सुरक्षित है, यदि ऐसा आवश्यक समझा जाता है।

स्थान : मेरठ तिथि : 02—07—2022 हस्ता./—, प्राधिकृत अधिकारी, महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

# यातायात पुलिस कर्मी पर हमला करने वाले युवक पर मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर-16 मार्केट के पास यातायात पुलिस के एक कर्मी पर कार चढ़ाने के प्रयास के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी ने विपरीत दिशा से आ रहे कार चालक को रोकने का प्रयास किया तभी उसने पुलिसकर्मी पर कार चढ़ा दी। आरोप है कि युवक ने सिपाही से मारपीट भी की। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस में तैनात सिपाही मनोज सेक्टर-16 मार्केट के मोड़ पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी बीच, एक युवक गलत दिशा में कार लेकर आ रहा था। सिपाही ने जब आरोपी को रुकने का इशारा किया तो उसने रुकने के बजाय सिपाही पर कार चढ़ाने का प्रयास किया और विरोध करने पर सिपाही से मारपीट की। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आरटीई के तहत बच्चों को नहीं दिया दाखिला

● डीआईओएस को 59 की सूची भेजी गई, 30 विद्यालयों को नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले में 59 स्कूलों द्वारा शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत बच्चों को प्रवेश नहीं देने के मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) को इन स्कूलों की सूची भेजी गई है और 30 स्कूलों को अंतिम चेतावनी के साथ नोटिस जारी किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने बताया कि आरटीई अधिनियम के तहत तीसरी प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 30 जून थी। उन्होंने बताया कि विभाग ने 2022-23 सत्र में प्रवेश के लिए तीन चरणों में लॉटरी निकाली थी, जिसके तहत कुल 5,572 बच्चों को विभिन्न स्कूलों में सीट आवंटित हुई थी। पहली लॉटरी में 3,399, दूसरी लॉटरी में 1,650 और तीसरी लॉटरी में 523 सीटें थीं, लेकिन अंतिम तिथि बीत जाने के बावजूद 1300 से अधिक बच्चों को प्रवेश नहीं मिल पाया है। मामला सामने आने के बाद विभाग ने 59 स्कूलों पर कार्रवाई के लिए नोएडा डीआईओएस को सूची सौंपी है।

कार्रवाई के लिए जल्द जिला प्रशासन को फाइल भेजी जाएगी। दाखिले में अनियमितता पाए जाने पर जागरण पब्लिक स्कूल, ग्रेडस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, बाल भारती पब्लिक स्कूल, समसारा वर्ल्ड स्कूल, दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, स्टेप बाई स्टेप, ज्ञानश्री पब्लिक स्कूल, नोएडा एजुकेशनल एकेडमी, दा मिलेनियम स्कूल, मनथन स्कूल, राघव ग्लोबल स्कूल और फार्च्यून स्कूल आदि को शिक्षा विभाग ने नोटिस जारी किया गया।

### महिला सब्जी विक्रेता को चाकू से किया लहूलुहान

**गाजियाबाद।** विजयनगर थानाक्षेत्र में दुकान हटवाने के लिए सब्जी बेचने वाली महिला पर चाकू और डंडों से लहूलुहान करने का मामला सामने आया है। पास की ही होटल संचालिका पर कई महिलाओं व एक युवक के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने का आरोप लगा है। पीड़िता ने हमलावरों पर पति की अंगूठी लूटने का भी आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई की जाएगी। विजयनगर थानाक्षेत्र की आदर्श कॉलोनी गली नंबर-8 में वीर सिंह अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी कुसुम विजयनगर के ही सनी चौक जेपी फार्म हाउस के पास सब्जी की अस्थायी दुकान लगाती हैं। पास में ही एक महिला होटल चलाती है।

# गर्मियों की छुट्टी खत्म, 50% स्कूलों में लौटी रौनक

● निजी स्कूलों में 85 फीसदी उपस्थिति रही

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां खत्म हो गई है। शुक्रवार को सीबीएसई व राजकीय, अशासकीय माध्यमिक स्कूलों में रौनक लौटी। अभी सिर्फ 50 फीसदी सीबीएसई स्कूलों में नर्सरी से कक्षा-12वीं तक की पढ़ाई शुरू हुई है।

बारिश व वीकेंड के कारण शेष स्कूल सोमवार को यथासमय खुलेंगे। जिन निजी स्कूलों में कक्षाएं संचालित हुई, वहां नर्सरी से लेकर अन्य सभी कक्षाओं में 85 फीसद विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज हुई। प्रथम दिन शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल व मनोरंजन गतिविधियां भी कराई। स्कूल खुलने की बच्चों के चेहरे पर अलग खुशी दिखी। जिले के परिषदीय स्कूल तो पहले ही खुल गए थे, यहां 16 जून से पढ़ाई जारी है।

ग्रीष्मावकाश खत्म होने के बाद अब जिले में सीबीएसईए आईसीएसई बोर्ड के अलावा माध्यमिक इंटर व हाईस्कूल भी खुल गए हैं। इस संबंध में विद्यालय पहले ही छात्र व छात्राओं को मैसेज कर चुके थे। सेक्टर-71 स्थित यदु पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य मृणालिनी सिंह ने बताया कि उनके यहां नर्सरी से कक्षा.12 तक की पढ़ाई शुरू हो गई है। 11वीं के विद्यार्थियों को फिलहाल बेसिक कोर्स कराएं जाएंगे। परिणाम जारी होने के बाद पढ़ाई को आगे बढ़ाया जाएगा। सीबीएसई 10वीं व 12वीं परीक्षा परिणाम 15 जुलाई तक जारी होने की संभावना है। पहले दिन स्कूल में 85 प्रतिशत बच्चे उपस्थित रहे।

वहीं, डीएवी स्कूल की शिक्षिका रेनू छिब्बर ने बताया कि उनके यहां पर भी सभी कक्षाओं के बच्चों को बढ़ाया जा रहा है। पहले दिन अच्छे खासे बच्चे स्कूल आए। वहीं, कुछ बड़े नामचीन स्कूलों को सोमवार से खोलने की तैयारी है। सेक्टर.30 डीपीएस स्कूल की प्रधानाचार्य कामिनी भसीन और इंडस वेली स्कूल की प्रधानाचार्य शिखा शर्मा ने बताया कि उनके यहां पर सोमवार से सभी कक्षाएं संचालित की जाएगी। बहरहाल शुक्रवार को सिर्फ 50 फीसदी स्कूल ही खुले, लेकिन इनमें बच्चों की उपस्थिति बेहतर रही। जिले के राजकीय, अशासकीय व वित्तविहीन स्कूलों की घंटी भी बज गई है। शुक्रवार को स्कूलों में कक्षा-6, 7, 8 के लिए छात्रों की भारी भीड़ रही। हर तरफ बच्चे रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरते दिखाई दिए।

वहीं, कक्षा 9वीं में आधे से ज्यादा स्कूलों में पहले से ही दाखिले हो चुके हैं। सेक्टर-12 राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एसएस वरूण ने बताया कि उनके पास कक्षा 9 में

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# प्लास्टिक उपयोग पर दस दिन सिर्फ नोटिस, फिर कड़ी कार्रवाई

● सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर दिल्ली में लगा पूर्ण प्रतिबंध : राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजधानी में शुक्रवार से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंध लग गया। पहले चरण में प्रतिबंध के दायरे में 19 वस्तुओं को शामिल किया गया है। इन वस्तुओं का न तो उत्पादन हो सकेगा न ही बिक्री और आपूर्ति। पर्यावरण विभाग और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी ने प्रतिबंध की योजना सुनिश्चित करने की तैयारी कर ली है। इस बीच पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एसयूपी का उत्पादन, आपूर्ति और बिक्री करने वालों को बड़ी राहत दी है। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार एकल उपयोग वाली प्लास्टिक (एसयूपी) की 19 वस्तुओं पर प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाली इकाइयों को 10 जुलाई तक चेतावनी नोटिस जारी करेगी। इसके बाद फिर से ऐसा करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उल्लंघन करने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत एक लाख रुपए तक का जुर्माना या पांच साल तक की जेल या दोनों हो सकते हैं। गोपाल राय ने कहा दिल्ली सरकार एसयूपी वस्तुओं के उपयोग के खिलाफ जागरूकता पैदा करने और लोगों को उनके विकल्प प्रदान करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने पहले 30 जून तक पैकेजिंग फिल्मों और प्लास्टिक कटलरी सहित प्रतिबंधित वस्तुओं पर रोक लगाने के लिए एसयूपी वस्तुओं के निर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं और वितरकों को सख्त निर्देश जारी किए थे। कई लोगों का मानना है कि डीपीसीसी, राजस्व विभाग और एमसीडी की टीमों का गठन, जुर्माना लगाने और (दोषी) इकाइयों को बंद करने से प्रतिबंध सफल हो जाएगा। उनकी सरकार अलग तरह से सोचती है। राय ने कहा कि उनका मकसद प्रतिबंध लागू करने से पहले लोगों को विकल्प मुहैया करना है। डीपीसीसी, राजस्व विभाग और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की टीम निरीक्षण करेंगी और 10 जुलाई तक प्रतिबंध का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ चेतावनी नोटिस जारी करेंगी। राजस्व विभाग और डीपीसीसी ने प्रतिबंध को लागू करने के लिए क्रमश: 33 और 15 टीमों का गठन किया है। एमसीडी और अन्य शहरी स्थानीय निकाय अपने उपनियमों के अनुसार चूक करने वाली इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे जबकि राजस्व विभाग पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई करेगा। पर्यावरण विभाग ग्रीन वॉर रूम के माध्यम से प्रतिबंध के कार्यान्वयन की निगरानी करेगा। ग्रीन वॉर रूम अक्टूबर 2020 में वायु प्रदूषण के स्तर पर नजर रखने और संबंधित शिकायतों को दूर करने के लिए स्थापित किया गया था।



## त्यागराज स्टेडियम में 3 जुलाई तक चलेगा प्लास्टिक विकल्प मेला

**नई दिल्ली।** एक बार इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक पर पूरी तरह से बैन लगा दिया गया है।

इसी क्रम में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय का कहना है कि ऐसे प्लास्टिक के उत्पादनों को प्रतिबंधित किया गया है जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं और जिनको री साइकिल नहीं किया जा सकता। इसके प्रचार-प्रसार के लिए ही त्यागराज स्टेडियम में तीन जुलाई तक प्लास्टिक विकल्प मेला शुरू किया गया है। पर्यावरण मंत्री ने शुक्रवार को मेले का उद्घाटन किया है।

इस मेले में प्लास्टिक के विकल्पों पर काम कर रही कम्पनियाँ, स्टार्ट अप्स और उत्पादक अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाए हैं। इस मौके पर गोपाल राय ने दिल्ली को प्रदूषण के खिलाफ में देश में नंबर वन शहर बनाने के लिए चौबीसो घंटे काम किया जा रहा है। प्रदूषण को बढ़ावा देने में सिंगल यूज प्लास्टिक एक एहम भूमिका निभाता हैं।

# एमसीडी ने 350 लोगों का काटा चालान

● 689 किलो प्लास्टिक उत्पाद जब्त

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नगर निगम ने शुक्रवार को एकल उपयोग वाली प्लास्टिक (एसयूपी) पर प्रतिबंध लागू होने के बीच करीब 700 किलोग्राम प्लास्टिक उत्पाद जब्त करने के साथ ही 350 से अधिक चालान जारी किए। बयान के मुताबिक, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) एसयूपी प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित करने के संबंध में सभी आवश्यक कदम उठा रही है और लोगों को एकल उपयोग वाले प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को लेकर जागरूक कर रही है।

निगम ने बयान में कहा, एमसीडी ने 689.01 किलोग्राम प्लास्टिक उत्पाद जब्त किया और एकल उपयोग वाली प्लास्टिक के इस्तेमाल को लेकर अपने अधिकार क्षेत्र में 368 चालान जारी किए। प्रतिबंधित उत्पादों की बिक्री, उपयोग और भंडारण को रोकने के लिए जोन स्तर पर कुल 125 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है। इस बीच, लाजपत नगर, सरोजिनी नगर और पालिका बाजार समेत दिल्ली के प्रमुख बाजारों में दुकानदारों ने नो प्लास्टिक लिखे पोस्टर अपनी दुकानों पर चिपका दिए।

ग्राहकों के पॉलिथिन बैग की मांग करने पर कई दुकानदार उन्हें वैकल्पिक चीजों का उपयोग करने की सलाह देते दिखे, तो कुछ दुकानदार पॉलिथिन बैग में सामान की बिक्री करते दिखे। हालांकि, ऐसे दुकानदारों ने दावा किया कि वे बचे हुए पॉलिथिन बैग का ही उपयोग कर रहे हैं। सरोजिनी नगर बाजार के पास सड़क किनारे खाद्य उत्पाद बेचने वाली दुकानों पर प्लास्टिक की प्लेट, चम्मचों और कांटों का उपयोग होते देखा गया। बाजार में एसयूपी के इस्तेमाल पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाए जाने संबंधी पोस्टर भी लगे नजर आए।


## कार्यालय जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर

पत्रांक : 1470/विज्ञप्ति/2022–23 दिनांक : 01.07.2022

### निविदा सूचना

जिला पंचायत उधमसिंह नगर में निर्माण कार्यों के लिए इस कार्यालय में पंजीकृत आर्थिक स्थिति से सुदृढ ठेकेदारों से शासन से प्राप्त अनुदान राज्य वित्त आयोग/15वॉं वित्त आयोग मद के अन्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्यों की निविदा दिनॉक **20.07.2022** को दिन में 01.30 बजे से 2.30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो जिला पंचायत उधमसिंह नगर के कार्यालय में दिनाक **20.07.2022** को अपरान्ह 3.00 बजे टैण्डर खोलने हेतु गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनॉक **19.07.2022** को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक जिला पंचायत कार्यालय उधमसिंह नगर से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | विकास खण्ड का नाम | स्वीकृत धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनपद के विभिन्न विकास खण्डों के ग्रामीण क्षेत्रों में सीमेण्टेड बैंच की स्थापना का कार्य | | 9.94 | 19880.00 | 1000+ GST | 3 माह |
| 2 | जनपद के विभिन्न विकास खण्डों के ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर लाईट की स्थापना का कार्य | | 9.86 | 19720.00 | 1000+ GST | 3 माह |
| 3 | जनपद के विभिन्न विकास खण्डों के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक इण्डिया मार्का हैण्डपम्प स्थापना कार्य | | 9.80 | 19600.00 | 1000+ GST | 3 माह |
| 4 | जनपद के विभिन्न विकास खण्डों के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक समर्सिवल स्थापना कार्य | | 9.00 | 18000.00 | 900+ GST | 3 माह |
| 5 | शक्तिफार्म क्षेत्र के ग्राम गुरूग्राम, तिलियापुर, तिलियापुर न03, वन शक्ति मन्दिर, दुर्गा मन्दिर बंगाली कालौनी, शक्तिफार्म, देवनगर आदि ग्रामों में सार्वजनिक सोलर लाईट स्थापना कार्य | सितारगंज | 4.25 | 8500.00 | 400+ GST | 3 माह |
| 6 | ग्राम विथा, भिटोरा, उकरौली, नकुलिया, सुरेन्द्रनगर, विरिया फार्म, सावेपुर, सरकड़ा, पिपलिया, नकटपुरा, कंठगरी, गोटिया सिसैया, जमनी फार्म , हल्दुवा आदि ग्रामों में सार्वजनिक सोलर लाईट स्थापना कार्य | सितारगंज | 8.84 | 17680.00 | 900+ GST | 3 माह |
| 7 | ग्राम शहदौरा, बरा, अजीतपुर, बरी, शातिपुरी, गउघाट, डी0डी0 फार्म, मनजीत फार्म, गांधीनगर, गडरिया बाग, खामियां न04 , राजपुर आदि ग्रामों सार्वजनिक सोलर लाइट स्थापना कार्य | रूद्रपुर | 6.63 | 13260.00 | 700+ GST | 3 माह |
| 8 | ग्राम राजनगर, पड़ा गॉव, देवनगर, गगनपुर, करघटिया, जगतपुर, बैकुण्ठपुर न01, अरविन्द नगर, रंजीतनगर, जयनगर, टैगोरनगर, शिवनगर न04, ठाकुरनगर, निर्मलनगर, बसगर, गगोली, नूरपुर, नया गांव, कलयाणपुर, गुरूनानक पुरी, कश्मीरी फार्म, लालपुर, तिगरी फार्म, गोशला के पास आदि ग्रामों में सार्वजनिक सोलर लाइट स्थापना कार्य | सितारगंज | 8.16 | 16320.00 | 800+ GST | 3 माह |
| 9 | विकास खण्ड गदरपुर एवं रूद्रपुर के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में समर्सिवल स्थापना कार्य | गदरपुर/ रूद्रपुर | 7.00 | 14000.00 | 700+ GST | 3 माह |
| 10 | विकास खण्ड गदरपुर के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में प्रेशर हैण्ड पम्प स्थापना कार्य | गदरपुर | 2.00 | 4000.00 | 200+ GST | 3 माह |
| 11 | विधान सभा क्षेत्र गदरपुर में विभिन्न स्थानों पर समर्सिवल स्थापना कार्य | गदरपुर | 9.00 | 18000.00 | 900+ GST | 3 माह |
| 12 | ग्राम पत्थरकुई में सार्वजनिक स्थान पर सौन्दर्यीकरण कार्य एवं सी0सी0 टाईल्स मार्ग निर्माण कार्य | गदरपुर | 3.00 | 6000.00 | 300+ GST | 3 माह |
| 13 | ग्राम पत्थरकुई में रोड से महबूव खॉ एवं हनीफ खॉ आदि के घरों तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य | गदरपुर | 5.00 | 10000.00 | 500+ GST | 3 माह |
| 14 | ग्राम पत्थरकुई में मेंन रोड से आविद के घर तक सी0सी0 टाईल्स मार्ग निर्माण कार्य | गदरपुर | 1.00 | 2000.00 | 100+ GST | 3 माह |
| 15 | ग्राम नन्दपुर नरकाटोपा में अजीम के घर से रियाज, झुनिया के घर तक सी0सी0 टाईल्स मार्ग निर्माण कार्य | गदरपुर | 7.80 | 15600.00 | 800+ GST | 3 माह |
| 16 | ग्राम सभा बरी के गुरूनानक फार्म में रंजीत के घर से आगे की ओर डामरीकरण कार्य | गदरपुर | 5.00 | 10000.00 | 500+ GST | 3 माह |
| 17 | ग्राम सभा मलपुरी के पिपलिया नाथू में गुरूद्वारे के पास से लाल सिंह के घर की ओर डामरीकरण निर्माण कार्य | सितारगंज | 7.00 | 14000.00 | 700+ GST | 3 माह |
| 18 | ग्राम ग्राम सावेपुर में मेन रोड से पोल्ट्री फॉर्म एवं शमशान घाट की ओर सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य | सितारगंज | 1.50 | 3000.00 | 200+ GST | 3 माह |
| 19 | ग्राम सभा बरी में एन0एच0–74 से प्रेमपाल सिंह एवं मजार तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य | रूद्रपुर | 4.45 | 8900.00 | 500+ GST | 3 माह |
| 20 | ग्राम सभा शहदौरा के मनमोहन फॉर्म में डॉ0 सर्वजीत सिंह के घर के पास सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य | रूद्रपुर | 1.50 | 3000.00 | 200+ GST | 3 माह |
| 21 | ग्राम हसनपुर में गुरूद्वारे में सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य | रूद्रपुर | 7.00 | 14000.00 | 700+ GST | 3 माह |
| 22 | ग्राम जवाहरनगर में बहुगुणा जी के घर से सुन्दर सिंह भण्डारी जी के घर तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य | रूद्रपुर | 7.00 | 14000.00 | 700+ GST | 3 माह |
| 23 | ग्राम जवाहरनगर में के0डी0 पन्त के घर से कंचन सिंह गड़िया के घर तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य | रूद्रपुर | 8.50 | 17000.00 | 900+ GST | 3 माह |
| 24 | ग्राम शान्तिपुरी नं02 मुख्य मार्ग व बिन्दुखत्ता मार्ग से होते हुए पान सिंह कोरंगा के घर तक व ट्यूबवैल की ओर सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य | रूद्रपुर | 7.00 | 14000.00 | 700+ GST | 3 माह |
| 25 | ग्राम शान्तिपुरी न02 में हेमन्त दानू के घर से विरेन्द्र सिंह पत्रकार के घर तक सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य | रूद्रपुर | 9.00 | 18000.00 | 900+ GST | 3 माह |
| 26 | ग्राम भमरौला रामनगर में अरूण कुमार व जाहिद के घर के पास समर्सिवल स्थापना कार्य | रूद्रपुर | 2.00 | 4000.00 | 200+ GST | 3 माह |
| 27 | ग्राम सभा बरी के बरी फार्म में गुरजीत सिंह के घर के पास सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य | रूद्रपुर | 1.50 | 3000.00 | 200+ GST | 3 माह |
| 28 | ग्राम सभा बरी के फार्म में सम्येन्द्र सिंह के घर के पास सी0सी0 मार्ग िनिर्माण कार्य | रूद्रपुर | 2.75 | 5500.00 | 300+ GST | 3 माह |
| 29 | ग्राम सभा बरी में इन्द्रजीत सिंह के घर के सामनें सी0सी0 माग्र निर्माण कार्य | रूद्रपुर | 4.50 | 9000.00 | 500+ GST | 3 माह |
| 30 | ग्राम सभा कुंवरपुर में राश्ट्रीय राजमार्ग 74 के पास सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य | रूद्रपुर | 8.00 | 16000.00 | 800+ GST | 3 माह |
| 31 | ग्राम सभा बरी के बरी फार्म में गुरूद्वारे के पास किसान शहीद स्मारक स्थल का निर्माण कार्य एवं सी0सी0 फर्श आदि का कार्य | रूद्रपुर | 5.00 | 10000.00 | 500+ GST | 3 माह |
| 32 | कार्यालय जिला पंचायत ऊधमसिंहनगर में अपर मुख्य अधिकारी के कक्ष में एवं गैलरी में पी0वी0सी0 कार्य तथा सौन्दर्यीकरण कार्य | रूद्रपुर | 8.00 | 16000.00 | 800+ GST | 3 माह |
| 33 | ग्राम जवाहरनगर में रामलीला मंच का निर्माण कार्य | रूद्रपुर | 3.50 | 7000.00 | 400+ GST | 3 माह |

**निविदा की शर्तें**– 1 निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर वैद्यता की शर्तों के साथ जिसके उपर एक रू0 के रसीदी टिकट के साथ ठेकेदार का हस्ताक्षर युक्त संग्लन होगा चाहिए।निविदा प्रपत्र तथा अन्य संलग्न अभिलेखों पर ठेकेदार के मूल हस्ताक्षर अनिवार्यतः होने चाहिए।
2 निविदा के साथ धरोहर धनराशि राष्टीय बचत पत्र/एफ0डी0आर0 के रूप में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत उधमसिंहनगर के पदनाम से बन्धक करते हुए संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3 सफल निविदादाओं को अनुबन्ध गठित करने से पूर्व धरोहर धनराशि को सम्मिलित करते हुए 10 प्रतिशत की धनराशि राष्टीय बचत पत्र/एफ0डी0आर0 के रूप में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत उधमसिंह नगर के पदनाम से बन्धक कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4 मैनुवल फार्म संख्या 76/जी0पी0डब्लू0–9 जो लागू हो की समस्त शर्तें निविदा में मान्य होगी।
5 निविदादाता को प्रत्येक कार्य की धरोहर धनराशि पृथक–पृथक एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6 अध्यक्ष जिला पंचायत उधमसिंह नगर/अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
7 उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य शर्तें जिला पंचायत कार्यालय मे किसी भी कार्य दिवस मे देखी जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत उधम सिंह नगर**


# सरकारी अस्पतालों में अस्थायी चिकित्सक अब होंगे स्थायी

● उपराज्यपाल ने 128 पदों को स्थायी में बदलने की दी मंजूरी दी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सरकारी अस्पतालों में काम करने वाले चिकित्सक स्थायी होंगे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने विभिन्न सरकारी अस्पतालों में 128 अस्थायी पदों को स्थायी करने की मंजूरी दे दी है। जिन पदों को स्थायी किया गया है। उनमें सहायक प्रोफेसर हड्डी रोग, रेडियोलॉजी में वरिष्ठ रेजिडेंट, सर्जन, डेंटल सर्जन, जूनियर रेजिडेंट, स्टाफ नर्स, क्लिनिकल इंस्ट्रक्टर और रेडियोग्राफर आदि शामिल हैं।

उपराज्यपाल ने चिकित्सक दिवस पर चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चिकित्सकों के लिए सच्चा सम्मान उनके लिए सर्वोत्तम सेवा शर्तें, अनुकूल कार्य वातावरण और पेशेवर सुरक्षा प्रदान करना होगा। डाक्टरों पर लोगों के जीवन बचाने के साथ देश के स्वास्थ्य को मजबूत करने की भी जिम्मेदारी है। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को वर्षों से लंबित सभी रिक्तियों को जल्द से जल्द अपग्रेड करने और भरने के साथ-साथ उनको स्वीकृति कराये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर इससे बड़े पैमाने पर लोगों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी वहीं दूसरी ओर सेवा शर्तो में सुधार से चिकित्सक प्रोत्साहित होंगे और उनका मनोबल बढ़ेगा।

यह ऐसे लोग हैं जो कि कठिन समय में भी लोगों की सेवा करने में सबसे आगे रहते हैं। इससे पहले एलजी ने द्वारका स्थित इंदिरा गांधी अस्पताल के विभिन्न श्रेणियों के 918 पदों को भरने की मंजूरी दी थी। इसके बाद उन्होंने 128 अस्थायी पदों को स्थायी में बदलने की मंजूरी दी। उपराज्यपाल के इस निर्णय से डॉ.बी.एस. अम्बेडकर मेडिकल कॉलेज में 76, गुरु तेग बहादुर अस्पताल में 40, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में 9, और लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में 3, पदों पर चिकित्साकर्मियों की स्थायी नियुक्ति हो सकेगी।

# सत्येंद्र जैन के दो करीबी कारोबारी गिरफ्तार

● दोनों के ठिकानों पर पिछले महीने हुई थी छापेमारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



सत्येंद्र जैन की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। पहले उन्हें अदालत ने लंबी पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अब प्रवर्तन निदेशालय ने उनके दो करीबियों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों की पहचान अंकुश जैन और उद्योगपति वैभव जैन के रूप में हुई है। दोनों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराओं के तहत हिरासत में लिया गया। प्रवर्तन निदेशालय ने मामले की जांच के सिलसिले में पिछले महीने दोनों से संबद्ध ठिकानों पर छापेमारी की थी।

दोनों कथित तौर पर जैन के व्यावसायिक सहयोगी हैं। अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया। ईडी ने जैन 30 मई को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया था। अभी वह न्यायिक हिरासत में हैं।

# रैपिड रेल के संचालन व रखरखाव का काम करेगी जर्मन कंपनी

● एनसीआरटीसी ने डीबी इंडिया के साथ समझौत पर किए हस्ताक्षर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली और मेरठ के बीच रैपिड रेल दौड़ाने की तैयारियां तेज हो गई है। देश की पहली रैपिड रेल दुहाई डिपो में पहुंच चुकी है और अभी ट्रेन को असेंबल कर इसके कल पुर्जो की जांच की जा रही है।

इसके बाद जल्द ही इसका ट्रायल रन शुरू होगा। इस दौरान एनसीआरटीसी ने डॉयचे बान इंडिया के साथ रेल के संचालन और रखरखाव के लिए एक समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता 12 साल के लिए किया गया है। डॉयचे बान इंजीनियरिंग एंड कंसल्टेंसी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (डीबी इंडिया) जर्मनी की राष्ट्रीय रेलवे कंपनी डॉयचे बान एजी की सहायक कंपनी है। आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय ने वर्ष 2017 में मेट्रो रेल नीति जारी की थी, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ रीजनल रेल और मेट्रो रेल परियोजनाओं में निजी क्षेत्रों की भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इस अवसर पर विनय कुमार सिंह, एमडी, एनसीआरटीसी ने कहा, आरआरटीएस एक कैपिटल-इंटैन्सिव प्रोजेक्ट है।

# दिल्ली के सर्कल रेट नहीं हैं न्यायसंगत : नेता प्रतिपक्ष

**नई दिल्ली।** दिल्ली में संपत्ति खरीदना और बेचना अब महंगा हो गया है। दिल्ली सरकार की ओर से सर्किल रेट में मिल रही छूट को खत्म कर दिया गया है।

सरकार ने कोविड-19 के चलते प्रॉपर्टी सर्किल रेट में 20 फीसदी तक की छूट दी थी, ताकि लोगों की कुछ हद तक आर्थिक सुधार हो सके। सरकार के इस फैसले की नेता प्रतिपक्ष ने निंदा करते हुए कहा कि कोरोना के बाद अभी रियल एस्टेट सेक्टर पूरी तरह पटरी पर नहीं आया है। खरीदार भी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

वैसे भी सर्कल रेट को न्यायसंगत बनाने की जरूरत है। बिधूड़ी ने कहा है कि कई इलाकों में तो सर्कल रेट मार्केट रेट से बहुत ज्यादा हैं इसलिए लोगों को वहां प्रॉपर्टी खरीदने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

यहां तक कि कई पॉश कॉलोनियों में भी सर्कल रेट तर्कसंगत नहीं हैं इसलिए राजधानी में पूरे सर्कल रेट में मूलचूल परिवर्तन किए जाएं।

# मूलचंद स्टेशन पर मेट्रो रेल के आगे कूदा व्यक्ति

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की वायलेट लाइन के मूलचंद स्टेशन पर 50 वर्षीय व्यक्ति ट्रेन के आगे कूद गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शाम पांच बजकर चार मिनट पर पुलिस को सूचना मिली कि मूलचंद मेट्रो स्टेशन पर एक व्यक्ति घायल हो गया है।

उन्होंने बताया कि जैसी ही ट्रेन प्लेटफॉर्म संख्या एक पर पहुंची, व्यक्ति उसके आगे कूद गया। व्यक्ति की पहचान महेंद्र के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने कहा कि वह अभी अपना बयान देने की हालत में नहीं है। डीएमआरसी ने ट्वीट किया था, एक यात्री के मूलचंद स्टेशन की पटरियों पर पाए जाने के कारण कश्मीरी गेट से बदरपुर बॉर्डर तक की सेवाओं में विलंब। अन्य सभी लाइन पर सेवाएं सामान्य।

# डीयू परिसर की दीवार गंदा करने वालों पर होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर के अंदर दीवारों पर पोस्टर लगाना अब महंगा साबित हो सकता है क्योंकि विश्वविद्यालय ने दीवारों को गंदा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्वाई करने का फैसला किया है।

अधिकारियों के मुताबिक विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से प्रचार के लिए परिसर में निर्धारित जगह दिए जाने के बावजूद कुछ लोग नियमों का उल्लंघन कर कहीं भी दीवारों पर पोस्टर चिपका देते हैं और उन्हें गंदा कर देते हैं। अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के दौरान स्थिति और खराब हो जाती है जब विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग पूरी दीवार को पोस्टरों से ढंकने की कोशिश करते हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी एक अधिसूचना में प्रॉक्टर रजनी अब्बी ने इस बात का उल्लेख किया कि कुछ तत्व विश्वविद्यालय परिसर की दीवारों को विकृत और गंदा कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन लोगों के नाम व पोस्टर दीवारों पर चिपकाए गए या रंगे हुए पाए गए, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बाजारों की पहचान व प्रतिष्ठा बढ़ाने पर फोकस

## राजधानी को ट्रेड हब के रूप में विकसित करेंगे और थोक व खुदरा व्यापार को बढ़ाएंगे : सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



थोक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली में होलसेल शॉपिंग एक्सपो शुरू करने की योजना है। इसका मकसद अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा करना है। होलसेल शॉपिंग एक्सपो दिल्ली के प्रमुख होलसेल मार्केटों के स्टेकहोल्डर्स के साथ सरकार का विस्तार से बातचीत का परिणाम है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इसकी प्रगति की समीक्षा करने के लिए अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिल्ली देश के सबसे पुराने होलसेल मार्केटों का हब है और ये मार्केट दिल्ली को एक पहचान देते हैं और बड़ी आबादी को रोजगार प्रदान करने वाली अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। होलसेल शॉपिंग फेस्टिवल के माध्यम से द्यरकार इन बाजारों की पहचान और प्रतिष्ठा को और बढ़ाने तथा उनके करोबार को बढ़ावा देने का काम करेगी।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि होलसेल बाजार यहां की अर्थव्यवस्था की एक बड़ी ताकत हैं। होलसेल मार्केट अपने आप में ब्रांड हैं और दुनिया भर से लोग यहां आते हैं और इन बाजारों में खरीदारी करने के लिए आकर्षित होते हैं। इन्हें एक नई पहचान देने के लिए होलसेल शॉपिंग फेस्टिवल के आयोजन व मार्केटिंग के माध्यम से इनकी पहुँच को बढ़ाने और उन्हें दूरदराज के उपभोक्ताओं की पहुंच के भीतर ले जाने में मदद करेंगे।

### रियायती दरों पर मिलेगी जगह

देश भर के व्यवसायों और खरीददारों को आकर्षित करने के लिए 10–14 दिन के लिए होलसेल शॉपिंग फेस्टिवल का आयोजन होगा। एक्सपो में भाग लेने के इच्छुक सभी थोक विक्रेताओं को रियायती दरों पर जगह उपलब्ध करवाई जाएगी । थोक विक्रेताओं के व्यापार को बढ़ावा देने और थोक और व्यापार का केंद्र बनाने के इरादे से, होलसेल मार्केट एक्सपो महत्वपूर्ण योगदान निभाएगा। खरीदारों को आकर्षित करने और थोक विक्रेताओं के व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए भारत और दुनिया भर में बड़े स्तर पर विज्ञापन व मार्केटिंग कैम्पेन चलाए जाएंगे। एक्सपो के दौरान होने वाली बिक्री पर टैक्स रिफंड और छूट सहित कई तरह के इन्सेन्टिव दिए जाएंगे और थोक विक्रेताओं से खरीदारी के लिए इसे आकर्षक बनाने के लिए अन्य वित्तीय प्रोत्साहन दिए जाएंगे।

# हरियाणा के नंबरदार हुए हाईटेक, सरकार ने दिए स्मार्टफोन

**राज्य स्तरीय समारोह के मुख्यातिथि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला नहीं पहुंच पाए**

**राज्यमंत्री अनूप धानक ने निभाई मुख्य अतिथि की रस्म**

**9000 रुपये मूल्य के डिजिटल ई-वाउचर भी नंबरदारों को दिए गए**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में नंबरदारों को मोबाइल फोन दिए जाने के दौरान संबोधित करते राज्य मंत्री अनूप धानक।

**हरियाणा** के नंबरदारों को डिजिटिलाइजेशन की पहल से जोड़ते हुए उन्हें हाईटेक बनाने की दिशा में शुक्रवार को गुरुग्राम में हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राज्य मंत्री अनूप धानक ने 350 नंबरदारों को स्मार्टफोन खरीदने के लिए उपहार स्वरूप 9000 रुपये मूल्य के ई-रूपी वाउचर भेंट किए।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को बतौर मुख्यातिथि आना था, लेकिन किन्ही कारणों से वे कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए। राज्यमंत्री अनूप धानक ने मुख्य अतिथि की रस्म निभाई। श्री धानक ने नंबरदारों को स्मार्टफोन देने की मुख्यमंत्री मनोहर लाल की घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए योजना का विधिवत शुभारंभ किया।

अनूप धानक ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में नंबरदारों की अहम भूमिका है। किसी व्यक्ति का कोर्ट में कोई मुकदमा हो या तहसील से संबंधित कोई कार्य अथवा सरकार की तरफ से मुआवजा वितरण का कार्य हो, आबियाना एकत्रित करने या खराब फसलों की गिरदावरी आप हर क्षेत्र में प्रमुखता से अपनी भूमिका का निर्वहन करते हैं। वहीं सरकार व आमजन के बीच संवाद स्थापित करने में भी आप एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। ऐसे में समाज में डिजिटल क्रांति के दौर में हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए आपको भी हाईटेक बनाने की आवश्यकता थी। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने इस दिशा में सार्थक पहल की और नंबरदारों को 9000 रुपये के मूल्य के स्मार्टफोन उपहार स्वरूप भेंट करने की योजना को मूर्त रूप दिया है। इस योजना का आज गुरुग्राम जिला से विधिवत शुभारंभ किया गया है।

### 40 विभागों की 500 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन

**श्री धानक** ने कहा कि मोबाइल तो आपके पास पहले भी होंगे, लेकिन सरकार ने आज गुरुग्राम से शुरू हुए इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से उपहार स्वरूप स्मार्टफोन देने का वायदा पूरा कर आपको स्मार्टफोन से लैस कर हाईटेक बनाने की प्रक्रिया की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने राजस्व विभाग को डिजिटिलाइजेशन करने के लिए कई पहल की है। राज्य सरकार डिजिटाईजेशन को बढ़ावा देकर सरकारी कामकाज में पारदर्शिता ला रही है। आज प्रदेश में 40 विभागों की 500 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन की जा चुकी हैं जिनको आप अपने स्मार्टफोन पर भी देख सकते हैं।

### मानदेय किया दो गुना

**राज्यमंत्री** ने नंबरदारों द्वारा कोरोना काल में दिए गए सहयोग के लिए उनका धन्यवाद करते हुए कहा कि आज प्रदेश में मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार आपका मान सम्मान बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। नंबरदारों को मिलने वाला मानदेय 1500 रुपये से बढ़ाकर दोगुना कर 3000 रुपये किया गया है। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि आपको दिए गए यह स्मार्टफोन गांव की समस्याओं को प्रशासन व सरकार तक पहुंचाने में निर्णायक साबित होंगे। साथ ही आपकी कार्यकुशलता में भी बढ़ोतरी होगी और कार्यों में तेजी लाने के प्रमुख कारक बनेंगे।

## संक्षिप्त-समाचार

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रति किया जाएगा जागरुक



**गुरुग्राम।** किसानों को फसल बीमा योजना के लाभ के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जागरूकता वाहन की शुरूआत की गई। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने इस वाहन को शुक्रवार को लघु सचिवालय से झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जिला के अलग-2 क्षेत्रों में जाकर लोगों को इस योजना के फायदों के बारे में अवगत करवाएगा। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान 31 जुलाई तक खरीफ फसलों के लिए बीमा करवा सकते हैं। जिला में फसल बीमा की जिम्मेदारी रिलायंस कंपनी को दी गई है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसान 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर-18001802117 या संबधित बैंक और कृषि विभाग के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। उप-कृषि निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि कोई भी किसान अपनी खरीफफसल का बीमा करवा सकता है। बीमा कराने की योजना ऋणी व गैर ऋणी किसानों के लिए अलग-अलग है। यह योजना किसानों के लिए स्वैच्छिक है। यदि किसान अपनी फसल का बीमा नहीं करवाना चाहते तो 24 जुलाई तक बैंक को लिखित आवेदन कर दें। अगर किसान ने अपने खेत में जैसे कपास की बिजाई कर रखी है, लेकिन गलती से दूसरी फसल का बीमा हो गया या करा लिया है तो फसल को बदलने की सूचना संबधित बैंक को 29 जुलाई तक अवश्य दें।

### वर्षा ऋतु में बढ़-चढ़कर करें पौधारोपण : संजय चुघ

**गुरुग्राम।** ऊर्जा समिति महासचिव संजय कुमार चुघ मानसून के मौसम में लोगों से इस वर्षा ऋतु में बढ़-चढ़कर सभी पौधारोपण करें। भारत में 500 करोड़ पेड़ों की जरूरत है। समझदार बनकर अभी से पौधे लगाने होंगे, क्योंकि एक पौधे को बड़ा होने मे 5 से 7 वर्ष लग जाएंगे। अब वर्षा हो रही है, पौधे जरूर लगाएं। संजय कुमार चुघ ने बताया कि इस बार गर्मी का स्तर बढ़ा है। यह स्तर 45 से 49 डिग्री तापमान को 55 से 60 डिग्री तापमान होने में देर नहीं लगेगी। 56 डिग्री पर व्यक्ति जीवित नहीं रहेगा। सब कुछ सरकार पर मत छोड़िये, स्वयं आगे बढ़कर पौधारोपण करें। जैविक ही जीवन है। पीपल, बेल और नीम जैसे वृक्ष वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाते हैं साथ ही धरती के तापमान को भी कम करते हैं। उन्होंने कहा कि यह पौधारोपण अभियान मानसून में जारी रखें। सभी का आह्वान किया कि वर्षा ऋतु में ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण अभियानों में शामिल हों और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना पूरा योगदान दें। सभी लोग पर्यावरण की रक्षा के लिए न्यूनतम ऊर्जा, बिजली, पानी, तेल, गैस, पेट्रोल व डीजल का इस्तेमाल कर अपने दायित्वों का निर्वाह करें।

### पिछड़े वर्ग के अधिकारों पर खट्टर सरकार का हंटर : कैप्टन

**गुरुग्राम।** कांग्रेस ओबीसी सैल के राष्ट्रीय चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि आरक्षण में ओबीसी की क्रीमीलेयर को 8 लाख से 6 लाख तथा डेफिनेशन बदलने के इस पिछड़े वर्ग विरोधी फैसले के बाद मनोहर सरकार ने एक बार फिर बीसी वर्ग के अधिकारों पर कैंची चलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जहां शिक्षा विभाग में एससी व बीसी के अध्यापकों को पे ग्रेड के लिए 45 प्रतिशत अंक चाहिए थे, वहीं अब सरकार ने पिछड़े वर्ग के लिए इसे 50 प्रतिशत कर दिया है। सरकार के इस फैसले से 45 प्रतिशत अंकों के साथ भर्ती होने वाले पिछड़े वर्ग के अध्यापकों को अब कभी पे ग्रेड एसीपी नहीं मिलेगा। श्री यादव ने कहा आज भाजपा सत्ता में केवल पिछड़ा वर्ग के कारण है लेकिन भाजपा जिस थाली में खाती है उसी में छेद करती है। भाजपा की सोच हमेशा पिछड़ा वर्ग विरोधी रही है।

# 'मैं कैनविन के साथ जनहित के कार्यों का हिस्सा रहा हूं'

**सीएमओ विरेंद्र यादव बोले, कैनविन अब एनीमिया और टीबी जांच कार्यक्रम में भी बने सहयोगी**

**कैनविन फाउंडेशन की ओर से डॉक्टर आपके द्वार नाम से आरोग्य रथ को दिखाई झंडी**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



न्यू रेलवे रोड पर द्रोणाचार्य कॉलेज के साथ शिवा टावर से कैनविन फाउंडेशन के डॉक्टर आपके द्वार नाम से आरोग्य रथ को झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि।

**शुक्रवार** को भव्य समारोह के बीच कैनविन फाउंडेशन की ओर से डॉक्टर आपके द्वार नाम से आरोग्य रथ की शुरुआत करके गुरुग्राम की जनता को स्वास्थ्य के लिए नई सौगात दी। अब से पहले फाउंडेशन की ओर से शहर में तीन पॉलिक्लीनिक संचालित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में गुरुग्राम के सिविल सर्जन के अनुरोध पर कैनविन की ओर से जल्द ही लोगों की एनीमिया और टीबी जांच की भी शुरुआत की जाएगी। कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल के जन्मदिन के अवसर पर जनता के लिए आरोग्य रथ की शुरुआत की गई है। न्यू रेलवे रोड स्थित द्रोणाचार्य कालेज के पास कैनविन के नए डायगनोस्टिक सेंटर से सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव, आरएसएस के नगर कार्यवाह हरीश, शिक्षाविद् डॉ. अशोक दिवाकर ने इस रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया।

समारोह में बोलते हुए सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव ने कहा कि मैं कैनविन की ओर से जनहित में किए जा रहे हर काम का हिस्सा रहा हूं। आज जो शुरुआत की जा रही है, यह भी अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि वे इस आरोग्य रथ के साथ एक नया काम जोड़ना चाहते हैं। यह काम एनीमिया और टीबी मुक्त भारत बनाने की है। गुरुग्राम में इस पर बेहतरी से हम काम कर सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से प्रशिक्षित एलटी कैनविन को उपलब्ध करा दिया जाएगा, जो कि सेंपल लेकर विभाग तक पहुंचाएगा। विभाग की ओर से निशुल्क दवाएं भी दे दी जाएंगी। यह काम जल्द ही शुरू हो। नवीन गोयल ने उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही इसे कैनविन के सभी पॉलिक्लीनिक में शुरू कर दिया जाएगा।

आरएसएस के नगर कार्यवाह हरीश ने कहा कि हमें अपने समाज, देश के पति कर्तव्यों के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने डॉ. डीपी गोयल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। शिक्षाविद् डॉ. अशोक दिवाकर ने कहा कि कैनविन लोगों की उम्मीदों का दीया बन चुका है। हम सबका गोयल बंधुओं के साथ हैं।

### सिर्फ सरकार के भरोसे नहीं बैठ सकते

**कैनविन** फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. डीपी गोयल ने कहा कि कैनविन एक विचार है। यह विचार कि हम जीत सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी काम के लिए सिर्फ सरकार के भरोसे हमें नहीं बैठना। कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने सभी अतिथियों के नवीन सुझावों को शत-प्रतिशत अमल में लाने की बात कही। साथ ही कहा कि हमारा प्रयास गुरुग्राम की सेहत सुधारना है। हर व्यक्ति की इसमें भागीदारी हो, यही प्रयास हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस शिवा टावर में भी चिकित्सा सेवाएं शुरू की जा रही हैं। यहां डायग्नोस्टिक संबंधी काम होगा।

### इन सबकी मौजूदगी में हुआ यह समारोह

**भाजपा** के सह-प्रवक्ता रामराजी शर्मा, सेवा भारती के विभाग अध्यक्ष राम, भाजपा आईटी सैल के प्रदेश संयोजक अरुण यादव, भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक सुनील राव, भाजपा नेता सुमेर तंवर, एचसी चावला, हाउसिंग बोर्ड से रवि शर्मा व उनकी टीम, डेरावाल सभा के प्रधान रमेश चुटानी, मारुति के निदेशक एके तोमर, ओम स्वीट्स संचालक सुनील कुमार, समाजसेवी बनवारी लाल सैनी, राजेश वाल्मीकि, एमएम स्कूल के चेयरमैन मनोज गुप्ता, गुड़गांव विकास मंच से अजय शर्मा, मनीष, वीरेंद्र यादव, कृष्ण यादव, योगेश, जगदीश सिक्का, ऑटो यूनियन से योगेश शर्मा, सेक्टर-45 आरडब्ल्यूए प्रधान, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा गुरुग्राम के संयोजक प्रवीन अग्रवाल, भाजपा सेवानिवृत प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाली पंडित, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, समाजसेवी आशा गोयल, सुल्तान वाल्मीकि, सेक्टर-56 आरडब्ल्यूए प्रधान हरीश यादव, विजय वर्मा, राजेंद्र प्रधान, संजय लुहानी, रितु प्रजापति, निर्मला, दलीप लूथरा, राजेश गुलिया, वैशाली तोमर, ईशु वाल्मीकि, ललित क्रांतिकारी, डा. सतीश शर्मा, कमल वर्मा, रोहित, राजेंद्र, आरपी चौहान, राजकुमार यादव, रतनलाल गुप्ता, रेखा सैनी, नीलम सैनी, पुनीत अग्रवाल, धीरज डोने पत्तल वाले, श्याम मंदिर प्रधान पदम, आर्य समाज प्रधान लक्ष्मण पाहुजा, पटेल नगर आरडब्ल्यूए प्रधान दीपचंद, अनुज मलिक, किरण कटारिया, सुमिता, अमन हुड्डा समेत काफी संख्या में लोगों ने शिरकत करके कैनविन के कार्यों पर मुहर लगाई।

# गंदे और बरसाती पानी के नाले नगर परिषद के लिए बने चुनौती

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



मार्केट कमेटी द्वारा अनाज मंडी परिसर में बरसाती नाले की कराई जा रही सफाई।

**नगर** परिषद के लिए मानसूनी बारिश से पहले ही शहर में कूड़े-कचरे से भरे बरसाती व गंदे पानी के नाले शहर के आम रास्तों से लेकर सड़क, बाजार और आबादी क्षेत्र में तबाही मचाने को चुनौती दे रहे हैं। पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी बरसात के मौसम में नालों से उबलने वाला पानी तांडव मचाने को तैयार है।

बरसात का पानी आते देख शहर के व्यापारियों से लेकर आम लोगों तक सभी की रूह कांपने लगती है। क्योंकि बरसात के मौसम में शहर की आबादी क्षेत्र से लेकर सड़क, आम रास्ते और बाजारों में बने बरसाती नालों से पानी की निकासी सही ढंग से नहीं होती है। बरसात और गंदा पानी बाजार में बनी दुकान और मकानों में पानी जमा होने से दुकानदारों को बरसात के मौसम में काफी नुकसान होता है।

**कहां-कहां होता है जलभराव :** नगर परिषद के शहरी क्षेत्र में शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक, अस्पताल मार्ग, बस स्टैंड मार्ग, मंगलनगर, महाराजा अग्रसेन मार्ग, पुरानी सब्जी मंडी मार्ग, बालूदा मार्ग, इंडरी मोड़, बाईपास चौक से तावडू जाने वाला मार्ग, आईटीआई कॉलोनी आदि।

**मार्केट कमेटी ने कराई सफाई :** अनाज मंडी परिसर में मार्केट कमेटी विभाग ने एक मात्र बरसाती व गंदे पानी का नाले की सफाई करा दी गई है। ताकि बरसात के मौसम मंडी परिसर में नाले का पानी सूचारू रूप से निकल सके। नगर परिषद के एसडीओ सुशील ठाकरान ने बताया कि जल्द ही परिषद सीमा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण इलाके में बने बरसाती पानी के नालों की सफाई कराई जाएगी। जिसके लिए जल्द ही टेंडर लगाते हुए कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर किए गए चालान

**गुरुग्राम।** प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम के तहत पहली जुलाई से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं कैरी बैग का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ नगरनिगम गुरुग्राम द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

शुक्रवार को नगर निगम गुरुग्राम की टीमों ने विशेष विशेष अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं कैरी बैग का इस्तेमाल करने वाले 76 व्यक्तियों के चालान करते हुए 38 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं कैरीबैग का इस्तेमाल नहीं करने की हिदायत दी है। नगर निगम की पर्यावरण एवं स्थिरता विंग के नोडल अधिकारी सुभाष यादव ने बताया कि जोन-1 क्षेत्र में 16 चालान, जोन-2 क्षेत्र में 18 चालान, जोन-3 क्षेत्र में 22 चालान तथा जोन-4 क्षेत्र में 20 चालान किए गए। निगम की सैनीटेशन विंग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने यह कार्रवाई की।

# वाटर हार्वेस्टिंग बनाकर बारिश के पानी का करें संरक्षण

**सेक्टर-4 क्षेत्र में सड़कों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के वार्ड-15 के अंतर्गत सेक्टर-4 में सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने शुक्रवार को वार्ड-15 के अंतर्गत सेक्टर-4 क्षेत्र में विभिन्न आरएमसी सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। ये सड़कें 2.26 करोड़ रुपये के खर्च से तैयार होंगी। इस अवसर पर मेयर मधु आजाद, पार्षद सीमा पाहुजा व समाजसेवी पवन पाहुजा, एमके बहल, आरबी सिंगा, मोहन लाल वर्मा, राकेश कालड़ा, असीम वर्मा, प्रवीण मिश्रा, प्रवेश कुमार आदि मौजूद रहे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि शहर में लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है। सामान्य मूलभूत की सुविधाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है। उन्होंने मॉनसून के मद्देनजर लोगों को जल संरक्षण के लिए भी जागरुक किया। श्री सिंगला ने कहा कि मॉनसून की बारिश शुरू हो चुकी है। यह हम सब जानते हैं कि जमीनी पानी के मामले में गुरुग्राम डार्क जोन में है। यानी यहां पानी की नीचे जा चुका है, जो कि भविष्य के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी को हमें बर्बाद नहीं जाने देना। चाहे छतों पर हो या फिर गलियों में भरने वाला पानी, उसका संरक्षण जरूरी है।

हमें अपने आसपास वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरूर बनवाएं, ताकि बरसात के पानी को नालों में बहने की बजाय इस सिस्टम के माध्यम से जमीन में डालकर जमीन को रिचार्ज किया जाए। जिस तरह से हम अपने मोबाइल को रिचार्ज करते हैं, ठीक उसी तरह से जमीन को भी पानी से रिचार्ज करना जरूरी है। तभी हमारी पानी की पूर्ति हो सकेगी। बरसात में इंसानी लापरवाही से ही करोड़ों लीटर पानी नालियों में बहता रहता है। अगर हर सीजन में हम बरसात के पानी को सहेज लें तो बहुत जल्द हम डार्क जोन से बाहर आ सकते हैं। महानगर होने के चलते यहां आबादी के हिसाब से पानी की खपत बहुत ज्यादा है। जमीन से जितना दोहन हो रहा है, वह बरसाती मौसम में हमें वापस भी करना चाहिए। उन्होंने गुरुग्राम में विकसित हो रही सोसायटी की आरडब्ल्यूए से भी अनुरोध किया है कि वहां पर भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरूर लगवाएं, ताकि बर्बाद होने वाले बरसाती पानी को जमीन में डाला जा सके। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि यह सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि देश, प्रदेश के हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इसके प्रति गंभीरता दिखाएं।

# इस मानसून सीजन में अमेजन फ्रेश पर सुपर वैल्यू डेज के दौरान होगी आकर्षक डील्स की बारिश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ग्रोसरी और हाउसहोल्ड उत्पादों पैकेज्ड फूड्स चॉकलेट्स और अन्य पर आकर्षक डील्स के साथ बनाएं अपनी पसंदीदा मानसून**

**अमेजन** डॉट इन पर सुपर वैल्यू डेज के दौरान सात जुलाई तक किराना उत्पादों पर बड़ी बचत के साथ उठाएं मानसून सीजन का आनंद। ग्रोसरी, हाउसहोल्ड उत्पादों, पैकेज्ड फूड्स, पर्सनल केयर और बेबी और पेट केयर प्रोडक्ट्स सहित तमाम चीजों पर पाएं 45 फीसदी तक का लाभ।

उपभोक्ता दावत, कैडबरी, फॉर्च्यून, टाटा, नेस्ले, गॉदरेज और लोरियल सहित तमाम लोकप्रिय ब्रांड्स को एक सिंगल ऑनलाइन डेस्टिनेशन से आकर्षक कीमत और नवीनतम ऑफर्स पर सुविधाजनक डिलीवरी विकल्प के साथ खरीद सकते हैं। मानसून की ठंडक को घर पर हॉट चॉकलेट की सिप के साथ दूर करें क्योंकि अमेजन फ्रेश पर हम शीर्ष ब्रांड्स जैसे फेरेरो रोचर, क्वालिटी वॉल्स, नेस्ले किटकैट, कैडबरी, बॉर्नविले, हर्शीस आदि के साथ ग्रेट ऑफर्स और डील्स के साथ मना रहे हैं वर्ल्ड चॉकलेट डे उपभोक्ता एसबीआई बैंक डेबिट और क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई का उपयोग कर न्यूनतम 2500 रुपये की खरीद पर 10 प्रतिशत का इंस्टैंट डिस्काउंट और एक से तीन जुलाई, 2022 तक 300 रुपये तक की छूट प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक डेबिट और क्रेडिट कार्ड होल्डर्स भी चार से सात जुलाई 2022 तक 2500 रुपये के न्यूनतम खर्च पर मानसून सेविंग बोनांजा का फायदा उठा सकते हैं। प्राइम मेंबर्स के लिए, अमेजन डॉट इन ने फ्री शिपिंग की शुरुआत की है, जिसके तहत 199 रुपए से ज्यादा कीमत के सभी ऑर्डर की फ्री डिलीवरी की जाएगी। प्राइम को आपके दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। जो उपभोक्ता अभी तक प्राइम मेंबर्स नहीं बने हैं, वह amazon.in/prime पर 1499 रुपये प्रति वर्ष, तीन महीने के लिए 459 रुपये या 179 रुपये प्रति माह पर प्राइम को ज्वॉइन कर सकते हैं और प्राइम वीडियो के साथ अवॉर्ड-विनिंग मूवीज और टीवी शो का अनलिमिटेड एक्सेस, प्राइम म्यूजिक के साथ सात करोड़ से ज्यादा गानों तक ऐड-फ्री अनलिमिटेड एक्सेस, प्राइम रीडिंग के साथ 1000 से ज्यादा बुक्स, मैग्जीन और कॉमिक्स के फ्री रोटेटिंग सिलेक्शन, गेमिंग विथ प्राइम के साथ फ्री इन-गेम कंटेंट और बेनेफिट का एक्सेस, न्यू प्रोडक्ट लॉन्च, डील्स तक अर्ली एक्सेस जैसे तमाम प्राइम बेनेफिट्स के अलावा फ्री और फास्ट डिलीवरी का लाभ उठा सकते हैं।

# ड्रग फ्री हरियाणा बनाने में आमजन दे सहयोग : उपायुक्त

**गुरुग्राम।** प्रदेश के युवाओं को नशे की लत से बचाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा टोल फ्री ड्रग हेल्पलाइन नंबर-9050891508 जारी किया गया है। इस हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके आमजन नशे की रोकथाम से संबंधित कोई भी सूचना निःशुल्क दे सकते हैं।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा नशामुक्ति को लेकर स्टेट एक्शन प्लान तैयार किया गया है ताकि युवा नशे की लत से दूर रहे और प्रदेश को ड्रग फ्री हरियाणा बनाया जा सके। इसी कड़ी में नशामुक्ति को लकर हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो बनाया गया है, ताकि सरकारी विभागों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए नशामुक्ति को लेकर आवश्यक कदम उठाए जा सकें। इस हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से लोग नशे की रोकथाम संबंधी कोई भी सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। इसके साथ ही, हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो द्वारा नशा करने वाले व्यक्ति की सूचना मिलने पर उसकी नशे की लत छुड़वाने के साथ साथ उसके पुनर्वास की भी व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने कहा कि आज के मौजूदा हालात में युवा पीढ़ी को किसी भी प्रकार के नशे से बचा कर रखना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि काफी युवक व युवती बदलती जीवनशैली में जाने अनजाने में विभिन्न प्रकार की नशीली दवाओं के प्रति आकर्षित होकर इसके कुचक्र में फंस जाते है, जिसके दुष्परिणाम नशा करने वाले व्यक्ति के साथ साथ उनके परिजनों को भी भुगतने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा युवा नशे की राह पर चलता जा रहा है ऐसे में युवाओं का सही मार्गदर्शन करना बहुत जरूरी है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे नशा मुक्त हरियाणा बनाने में अपना सहयोग दें, ताकि हमारे प्रदेश के युवा नशे की लत से दूर रहते हुए देश व प्रदेश की उन्नति में अपना सहयोग दें।

# अमेजन बिजनेस ने लॉन्च किया नया एंड्रॉइड और आईओएस ऐप, अब आसान होगी चलते-फिरते खरीदारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**अमेजन** बिजनेस ने एक नया ndroid और iOS ऐप लॉन्च करने की घोषणा की है। इस ऐप को विशेष रूप से बिजनेस ग्राहकों के खरीद अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। नए और एक्सक्लूसिव ऐप के लॉन्च के साथ, ग्राहक अब अपने कारोबार को चलाने के लिए जरूरी सप्लाई ऑर्डर करने के लिए डेस्कटॉप/लैपटॉप की बजाय स्मार्टफोन की मदद से आसानी से चलते-फिरते बिजनेस एक्सक्लूसिव फीचर्स तक आसानी से पहुंच सकते हैं।

अमेजन बिजनेस ऐप को लॉन्च करने से पहले, व्यावसायिक ग्राहकों को अमेजन ऐप से अपने पर्सनल अकाउंट से लॉगआउट करना होगा और अपने मोबाइल से व्यावसायिक खरीदारी के लिए अपने अमेजन बिजनेस खाते से लॉगिन करना होगा। इसके अतिरिक्त, बिजनेस से जुड़े काम जैसे बिजनेस अकाउंट-ओन्ली लॉगिन, यूजर्स को जोड़ने के लिए बिजनेस सेटिंग्स तक 1-क्लिक एक्सेस, जीएसटीआईएन डिटेल्स को प्रबंधित करना, साझा भुगतान सेट करना और ऑर्डर स्वीकृत करना, केवल डेस्कटॉप/लैपटॉप पर किया जा सकता है और अमेजन इंडिया ऐप के माध्यम से एक्सेस नहीं किया जा सकता है। नए लॉन्च किए गए ऐप ने इस परेशानी को दूर कर दिया है और अब यह ऐप बिजनेस ग्राहकों की विशेष जरूरतों को पूरा करता है, जिससे ग्राहक इन बिजनेस फीचर्स को सीधे मोबाइल से एक्सेस कर सकते हैं। ग्राहकों अब एक ही ऐप पर दो खातों के बीच स्विच करने की आवश्यकता नहीं है। वे अपने बिजनेस और पर्सनल खरीदारी को अलग रख सकते हैं।

अमेजन बिजनेस ऐप दक्षता में और सुधार करता है और ग्राहकों को लंबित कार्यों और महत्वपूर्ण घोषणाओं से जुड़े पुश नोटिफिकेशन अलर्ट देकर समय पर कार्यों को पूरा करने में मदद करता है। नोटिफिकेशंस अगले खरीद अनुरोधों के बारे में अकाउंट एडमिन को सचेत करती हैं और उन्हें सीधे मोबाइल ऐप से ऑर्डर स्वीकृत या अस्वीकार करने, आकर्षक ऑफर के बारे में पता लगाने और वर्तमान ऑर्डर की डिलीवरी को ट्रैक करने की सुविधा देते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, अमेजन बिजनेस के डायरेक्टर सुचित सुभाष ने कहा, अमेजन में हम ग्राहकों को लगातार नया करने और ग्राहकों के लिए सर्वश्रेष्ठ खरीदारी अनुभव प्रदान करने के लिए कस्टमर बैकवर्ड एप्रोच का पालन करते हैं। अमेजन बिजनेस ऐप को बिजनेस ग्राहकों के खरीदारी अनुभव को अधिक सुविधाजनक और परेशानी मुक्त बनाने के लिए लॉन्च किया गया है। हाल ही में लॉन्च किए गए अमेजन बिजनेस ऐप के साथ, हम अमेजन बिजनेस द्वारा पेश किए जाने वाले लाभों जैसे कि प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण, उत्पादों की विशाल रेंज तक पहुंच, थोक छूट और बिजनेस के खास फीचर्स में और भी विस्तार ला सकेंगे। इतना ही नहीं, ऐप बिजनेस को समय पर रिमाइंडर और अपडेट के साथ पुश नोटिफिकेशन के माध्यम से उनने अनुभव को और अधिक बेहतर बनाने में मदद करेगा।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 2 जुलाई 2022



# मजदूरों के अंशदान से चल रही डिस्पेंसरी की हालत खस्ता

**8 जनवरी 2021 को पायनियर ने किया था डिस्पेंसरी की जर्जर हालत का जिक्र**

**शिकायत के बाद भी सुनवाई न होने पर गिर गई दीवार**

**कविता।** फरीदाबाद


डिस्पेंसरी के मुख्यद्वार की गिरी दीवार।

**लाखों** मजदूरों के अंशदान से चल रही ईएसआई डिस्पेंसरी नम्बर 5 की बदतर हालत का जिक्र पायनियर ने आठ जनवरी 2021 को प्रकाशित किया था। जिसमें बताया था कि यहां डिस्पेंसरी में आने वाले लोग जर्जर हालत में पड़ी डिस्पेंसरी में डॉक्टरी इलाज व दवा को तरस रहे हैं। डिस्पेंसरी के बाहर छज्जे रोजाना टूटकर गिर रहे हैं। यहां रोजाना करीब 350 से अधिक मरीज अपना इलाज करवाने के लिए आते है। लेकिन अब तक भी इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। अखिर बृहस्पतिवार को हुई तेज बरसात में डिस्पेंसरी के मुख्यदार की दीवार गिर गई।

जानकारी के मुताबिक एनएच-दो स्थित ईएसआई डिस्पेंसरी में दो स्थानों के कार्ड होल्डरों के इलाज की सुविधा देने के दावे किए जाते हैं। जिसमें इसमें डबुआ और एनएच-दो के करीब 50 हजार कार्ड होल्डर शामिल है। लेकिन यहां स्थित इमारत देखभाल के आभाव में इतनी जर्जर हो चुकी है कि यह कभी भी गिर सकती है। इस इमारत को बने करीब 20 साल हुए हैं, लेकिन मैंटिनेंस के अभाव में यह जर्जर हो चुकी है।

इमारत की हालत का जिक्र पायनियर ने आठ जून 2021 को अपने प्रकाशित अंक में किया था। जिसमें बताया था कि डिस्पेंसरी की हालत काफी दयानीय है। यहां मरीजों के लिए बने दवा काउंटरों समेत चारों तरफ से डिस्पेंसरी की छत्त का छज्जा टूटकर गिर रहा है। कमरों की दीवारें पुरी तरह से खराब पड़ी हैं। बरसात के मौसम में यहां मरीजों का पहुंच पाना काफी मुश्किल है, क्योंकि यहां चारों तरफ पानी भरा हुआ रहता है। यहां मरीजों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। यहां शौचालय भी गंदे पड़े रहते है। यहां जरा सी बरसात से पानी भर जाता है। यहां स्टाफ के क्वाटरों का बुरा हाल है, कभी भी लेंटर गिर जाता है।

## नहीं हो रही सुनवाई

मजदूर नेता बेचू गिरी ने बताया कि जिस इमारत में दीवार गिरी है, वह 21 साल पहले नई बनी थी। लेकिन उस समय उसमें मिलावटी सामग्री का इस्तेमाल किया गया था। जिसके कारण वह जर्जर हो गई। जिले में कुछ ईएसआई डिस्पेंसरी 1972 से बनी हुई है, तो कुछ 1990 में बनी। हॉस्पिटल डेवलपमेंट कमेटी को कई बार शिकायते की है। लेकिन लाल फीता साही के कारण यहां सुनवाई नहीं होती।

## स्टाम्प विक्रेता करें आवेदन, अंतिम तिथि 11 जुलाई : डीसी

**फरीदाबाद।** जिलाधीश जितेंद्र यादव ने जिला में स्टाम्प पेपर विक्रेताओं के लिए 30 रिक्त पदों को भरने बारे आवेदन आमंत्रित किये है। आवेदन का विस्तृत विवरण शैक्षणिक योग्यता, पदों की संख्या, चयन प्रक्रिया व सामान्य निर्देश जिला फरीदाबाद की वेबसाइट https://faridabad.nic.in/ पर अपलोड कर दिए गए है। आवेदक सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड/संस्थान से दसवीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। आरक्षित वर्ग के आवेदक जिस श्रेणी में आवेदन करेंगे उनको उस श्रेणी का प्रमाण पत्र व शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र भी जमा करना होगा। सभी आवेदकों को कंप्यूटर का ज्ञान भी होना अनिवार्य है।

# दीपक हत्याकांड में लिप्त दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**26 जून की रात आपसी रंजिश के चलते दो पक्षों में हुआ था झगड़ा**

**आरोपियों को पांच दिन की रिमांड पर लिया**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


हत्या के आरोप में गिरफ्तार श्याम बाबू और संदीप।

**चार** दिन पहले पुलिस चौकी एनआईटी 3 एरिया में लड़ाई झगड़े व मारपीट के बाद इलाज के दौरान हुई दीपक की मृत्यु के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर योगवेंद्र सिंह की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में श्याम बाबू उर्फ मंगल तथा संदीप उर्फ चिंटू का नाम शामिल है जो फरीदाबाद के तिलक नगर में बनी ऑटोपिन झुग्गी में रहते हैं। 26 जून की रात पुलिस चौकी एनआईटी 3 एरिया में लड़ाई झगडा हुआ था जिसमें आरोपियों ने अपने 11-12 अन्य साथियों के साथ मिलकर 35 वर्षीय दीपक पर किसी रंजिश के चलते लाठी-डंडों से हमला किया था, जिसमें पीड़ित को काफी चोटें आई थी, पीड़ित युवक सफदरजंग हॉस्पिटल में एडमिट था जिसकी 28 जून को मृत्यु हो गई।

दीपक का किसी बात को लेकर अपने पड़ोसियों से काफी समय से झगड़ा चल रहा था जिसके चलते इनकी आपस में रंजिश हो गई थी। इसी रंजिश के चलते 26 जून की रात दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया जिसमें लाठी डंडों की चोट के कारण दीपक की हालत गंभीर हो गई। दीपक को इलाज के लिए बीके अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से उसे वेदांता हॉस्पिटल और बाद में सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पीड़ित पक्ष की तरफ से पुलिस में शिकायत दी गई जिसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उनकी तलाश शुरू की गई। सफदरजंग हस्पताल में इलाज के दौरान दीपक की मृत्यु हो गई जिसके पश्चात मुकदमे में हत्या की धाराएं लगाई लगाकर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने इस मामले में आगे कार्रवाई करते हुए कल गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी श्यामबाबू तथा संदीप को बड़खल रेलवे पुल से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करके पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है जिसमें पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका दीपक तथा उसके दोस्त अशोक से पहले से झगड़ा चल रहा था। आरोपियों ने बताया कि दीपक तथा उसके दोस्तों ने एक बार हमारे दोस्तों के साथ मारपीट की थी जिसके चलते इनका आपस में कई बार झगड़ा हुआ था और बढ़ते बढ़ते यह रंजिश में तब्दील हो गया। इसी रंजिश के चलते बदला लेने के लिए आरोपियों ने दीपक के साथ मारपीट की थी जिसमें उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग लाठी डंडे बरामद किए जाएंगे तथा फरार चल रहे आरोपी के साथियों की तलाश करके उनकी धरपकड़ की जाएगी।

# मुख्य सचिव ने अवैध खनन रोकने को लेकर की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग


वीडियो कांफेंस के जरिये अधिकारियों की बैठक लेते हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल।

**उपायुक्त और पुलिस अधीक्षकों को दिए दिशा-निर्देश**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने राज्य के सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को अवैध खनन करने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए अवैध स्थलों का व्यक्तिगत रूप से दौरा करके रिपोर्ट भेजने के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने निर्देश दिए कि प्रदेश में सुरक्षा और माइनिंग में कही भी गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। मुख्य सचिव आज शुक्रवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य में अवैध खनन की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने उपायुक्तों को संबंधित जिलों में सभी अवैध खनन पर नियंत्रण करने के लिए उपायों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि अवैध खनन वाले इलाकों में समीक्षा करने के लिए व्यक्तिगत रूप से स्थल का दौरा करें और अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जिलों में अवैध खनन के नियंत्रण के लिए पुख्ता इंतजाम करना सुनिश्चित करें। अवैध खनन वाले क्षेत्र में 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि गंभीर एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी के लिए गांव के स्तर पर ग्राम सचिव एवं पटवारियों की तैनाती की जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में जिला फरीदाबाद के प्रबंधन बारे सीटीएम नसीब कुमार ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वीडियो कॉन्फ्रेंस में जिला राजस्व अधिकारी बिजेंदर राणा, डीआईपीआरओ राकेश गौतम, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के कार्यकारी अभियंता दिनेश कुमार, खनन विभाग की निरीक्षक निर्मला शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इनरव्हील ने डाक्टर्स डे पर एक नेत्रहीन जोडे का कराया विवाह

**फरीदाबाद।** डाक्टर्स डे के उपलक्ष्य पर इनरव्हील फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन क्लब द्वारा गीता मंदिर सेक्टर 15 में एक नेत्रहीन जोड़े का विवाह कराया गया। जिसमें इस जोड़े को एक फ्रिज, डबल बेड, वॉशिंग मशीन, मिक्सी, रसोई की जरूरत का सारा सामान, कपड़े व दो महीने का राशन प्रदान किया गया।


डॉक्टर डे अवसर पर नेत्रहीन जोड़े का विवाह करवा कर अशीर्वाद देतीं इनरव्हील फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन क्लब के सदस्य।

क्लब की अध्यक्ष संदीपिका वशिष्ठ ने कहा इनरव्हील इंडस्ट्रियल टाउन आने वाले समय में इस तरह के और भी विवाह कराएंगी। मंदिर में इस जोड़े के द्वारा फलदार वृक्ष के पौधे भी लगाए गए। इस कार्यक्रम में क्लब की पूर्व प्रधान साधना गुप्ता ने सर्वोदय हॉस्पिटल के साथ मिलकर मधुमेह, बीपी, एनीमिया चेकअप कैंप भी लगाया जिसमें सभी की फ्री जांच की गई। इस कार्यक्रम में डॉक्टर्स की टीम द्वारा मैमोग्राफी चेकअप के फ्री कूपन भी दिए गए। इस अवसर पर क्लब की प्रधान सनदीपिका वशिष्ठ, आई पीपी मंजू बंसल, इंटरनेशनल इनरव्हील पूर्व प्रधान मिन्ना कपूर, उपप्रधान मीनू गुप्ता, क्लब सचिव अज्जू महाना, कोषाध्यक्ष पूजा जैन आई एस ओ मनीता सिंगला एडिटर नैन्सी बब्बर, डॉ अंजलि जैन, मुक्ति अग्रवाल, संजना गर्ग व क्लब के अन्य सदस्य विशेष रूप से मजूद थे।

# महिलाओं और बच्चों के कैंसर से जुड़े भ्रम दूर करने की जरूरत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**महिलाओं** और बच्चों के कैंसर से जुड़े भ्रम दूर करने की आवश्यकता है, ताकि मरीजों के इलाज में देरी न हो और वे शुरुआती स्टेज में ही स्पेशलाइज्ड अस्पताल में जाकर जांच करा लें। दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) के विशेषज्ञों - डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. लीना डडवाल और डॉ. पायल मल्होत्रा ने यह जानकारी साझा की।

आरजीसीआईआरसी (नीति बाग) के मेडिकल ओंकोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि स्तन कैंसर शहरी महिलाओं में सबसे ज्यादा होने वाला कैंसर है। लोगों में यह भ्रम है कि दर्दरहित गांठ से कोई नुकसान नहीं होता है। इसी कारण से महिलाएं डॉक्टर से मिलने में देर करती हैं। सच्चाई यह है कि दर्दरहित गांठ के कैंसर होने की आशंका ज्यादा होती है। इसी तरह इस भ्रम को भी दूर करने की



आवश्यकता है कि बायोप्सी से शरीर में कैंसर का प्रसार बढ़ जाता है।

सर्जिकल ओंकोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. लीना डडवाल ने नई ब्रेस्ट कंजर्वेशन सर्जरी के बारे में चर्चा की। पहले यह माना जाता था कि स्तन कैंसर की स्थिति में पूरा स्तन काटकर हटाना पड़ेगा। हालांकि अब ऐसा नहीं है। अब ऐसी नई सर्जरी उपलब्ध हैं, जिनसे 80 प्रतिशत मामलों में बस गांठ को हटाया जाता है और स्तन पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं। डॉ. शर्मा और डॉ. डडवाल ने बताया कि स्तन कैंसर के कारणों में धूम्रपान एवं शराब के सेवन जैसे लाइफस्टाइल से जुड़े कारकों के अलावा फैमिली हिस्ट्री, बढ़ती उम्र, हार्मोनल असंतुलन, कम उम्र में माहवारी शुरू हो जाना व देरी से मीनोपॉज होना आदि भी शुमार हैं। महिलाओं को 40 साल की उम्र के बाद नियमित तौर पर जांच एवं स्क्रीनिंग कराते रहना चाहिए।

वहीं पीडियाट्रिक ओंकोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. पायल मल्होत्रा ने बच्चों के कैंसर से जुड़े मिथकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बच्चों और बड़ों में होने वाले कैंसर एक जैसे नहीं होते हैं और बच्चों के कैंसर प्राय: इलाज के योग्य होते हैं। बच्चों में कैंसर के मामले बहुत दुर्लभ होते हैं, लेकिन इसके लक्षणों को समय रहते समझना जरूरी है। इसका समय से पता लगना चाहिए और बच्चे को स्पेशलाइज्ड पीडियाट्रिक कैंसर सेंटर ले जाना चाहिए। बच्चों में कैंसर के लक्षणों को पहचानने में बच्चों के इलाज से जुड़े सामान्य डॉक्टरों की बड़ी भूमिका होती है।

## तीन साल से फरार गोतस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने 3 साल से फरार चल रहे गो तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा इस मुकदमे के छह अन्य आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है जिसमें शौकीन उर्फ सुंडा, आजाद उर्फ टिमानी, इश्ताक, रईस, वसीम तथा तस्लीम का नाम शामिल है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम साबिर है जो मेवात के फिरोजपुर नमक गांव का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ मई 2019 में फरीदाबाद के सेक्टर 58 में मुकदमा दर्ज किया था जिसमें आरोपी ने छह अन्य साथियों के साथ मिलकर गोकशी का प्रयास किया था और पुलिस तथा गो रक्षा दल को जान से मारने का प्रयास करते हुए उनपर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की थी। पुलिस टीम इस हमले में बाल-बाल बच गई। तस्कर गाड़ी छोड़कर फायरिंग करते हुए वहां से फरार हो गए थे।

# जलभराव की समस्या दूर करने को पुलिस ने की मशक्कत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


मथुरा रोड पर भरे बारिश के पानी को निकालते टैंकर।

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश तथा डीसीपी ट्रैफिक सुरेश कुमार के मार्गदर्शन तथा एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के नेतृत्व में फरीदाबाद की यातायात पुलिस ने जलभराव की समस्या से निपटने के लिए बहुत ही सराहनीय कदम उठाया है जिसके चलते भारी बारिश के बावजूद हाईवे अंडरपास में जलभराव नहीं हुआ और ट्रैफिक भी सुचारू रूप से चलता रहा। इसमें ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात ट्रैफिक एसएचओ दर्पण, सभी टीआई तथा सहित सभी ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का अहम योगदान रहा जिन्होंने पुलिस आयुक्त के इस प्रयास को सफल बनाया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मानसून में होने वाली बारिश के चलते फरीदाबाद पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपनी तैयारियां पूरी कर ली है और नागरिकों को इस बारिश के मौसम में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए अपनी कमर कस ली है। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने फरीदाबाद में बारिश के मौसम में होने वाली ट्रैफिक तथा जलभराव की समस्या का पहले से ही विश्लेषण करके यातायात पुलिस को इसके उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए थे जिसके तहत कार्य करते हुए फरीदाबाद की पूरी ट्रैफिक पुलिस ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। अक्सर देखने को मिलता है कि थोड़ी सी बारिश होने के बावजूद जगह जगह पर जलभराव हो जाता है जिसकी वजह से गाड़ियां अपनी सामान्य गति से नहीं चल पाती और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बरसात के मौसम में सड़कों पर गड्ढे हो जाते हैं परंतु उनमें जलभराव के कारण वाहन चालकों को गड्ढे दिखाई नहीं पड़ते और उनकी गाड़ी उस गड्ढे में टकराने की वजह से क्षतिग्रस्त हो जाती है और कई बार इसकी वजह से वाहन चालकों को शारीरिक रूप से बहुत नुकसान पहुंचता है।

## 15 पेटी अवैध शराब सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान द्वारा नशा तस्करी के मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर सेठी मलिक की टीम ने अवैध शराब तस्करी करते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियों में राकेश तथा लवली का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फरीदाबाद के सेक्टर 29 में किराए के मकान में रह रहे थे। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर पुलिस थाना सेक्टर 31 एरिया से आरोपियों को अवैध शराब सहित काबू कर लिया। आरोपियों के कब्जे से अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्रांड की 161 बोतल तथा बियर की 24 बोतल बरामद की गई। आरोपियों से जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए जिसके बाद उन्हें काबू करके थाने लाया गया और उनके खिलाफ एक्साइज एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई।

# अस्पताल ने 50 हजार पेड़ लगाने की शपथ ली

**फरीदाबाद।** मैंरिंगो एशिया हेल्थकेयर हॉस्पिटल्स, ने 1300 बैड्स के तीन अस्पतालों के नेटवर्क के साथ वृक्षारोपण अभियान की शपथ ली है, जिसके तहत मैंरिंगो एशिया हॉस्पिटल के संचालन वाले शहरों में समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने के लिए 50,000 पेड़ लगाए जाएंगे।

पर्यावरण के अनुकूल अपनी तरह की इस अनूठी पहल की शुरुआत राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के मौके पर की गई। अभियान का लॉन्च मैंरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल में मुख्य अतिथि डॉ. गरिमा मित्तल, सीईओ- स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स, फरीदाबाद तथा अतिथि परमजीत सिंह दहिया, आईपीएस डीआईजी, महाराष्ट्र ने किया। कार्यक्रम में मैंरिंगो एशिया हेल्थकेयर के संस्थापक सदस्य, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ डॉ राजीव सिंघल तथा मैंरिंगो क्यूआरजी हॉस्पिटल्स के अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर भी मौजूद थे। इसी तरह की गतिविधि का आयोजन अहमदाबाद में मैंरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल और केके



राष्ट्रीय डाक्टर दिवस पर पौधा लगाकर पानी देतीं सीईओ स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स फरीदाबद की गरिमा मितल।

पटेल हॉस्पिटल द्वारा भी किया रहा है।

एक जिम्मेदार ईएसजी के रूप में मैंरिंगो एशिया हेल्थकेयर की प्रतिबद्धता यूएन सतत विकास लक्ष्य 15 के अनुरूप है जिसके अनुसार स्थलीय पारिस्थितिकी प्रणाली के सतत उपयोग, संरक्षण एवं बहाली, वनों के स्थायी प्रबन्धन, मरूस्थलीकरण की रोकथाम, भूक्षरण की रोकथाम एवं जैव विविधता की क्षति की रोकथाम का लक्ष्य तय किया है।

# संक्षिप्त समाचार

## जिले के खिलाड़ियों ने एक बार फिर विदेश में लहराया तिरंगा



**फरीदाबाद।** जिले के खिलाड़ियों ने एक बार फिर विदेश में लहराया तिरंगा। दुबई में आयोजित विश्व कराटे चैंपियनशिप में फरीदाबाद के चैंपियन स्टूडियों के खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया है। ऐरा तालीकोटी दो स्वर्ण पदक के साथ भारत लौटी सारा साध दो स्वर्ण पदक, किमाया साध एक स्वर्ण एक रजत पदक, जसजीव कुकरेजा एक स्वर्ण पदक एक कांस्य पदक, जीवल कुकरेजा एक स्वर्ण पदक, जुहा कुरैशी एक रजत पदक, एक कांस्य पदक, अभिषेक रावत एक रजत पदक एक कांस्य पदक जीता। वहीं पूरी टीम 7 स्वर्ण, 3 रजत के साथ भारत लौटी है। कोच नितिन सिंह राणा को भी दुबई में बेस्ट कोच की ट्रॉफी देकर सम्मानित किया है। भारत वापसी पर बुडाकोन के कराटे कोच गणेश राजपूत, दिनेश कुमार, अनिरूद्ध चौधरी, अभिषेक कुमार, नितिन राना, रीतिका रावत, दीप्शिका, वैभव कुमार आदि ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## धरती का श्रृंगार हैं पौधेः चुघ

**फरीदाबाद।** वृक्ष हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। वृक्षों के द्वारा ही प्रकृति का सौंदर्य बनता है और पौधे ही धरती का श्रृंगार है। यह बात सेक्टर 87 स्थित श्रद्धा मंदिर स्कूल में लायंस क्लब फरीदाबाद मैत्री द्वारा आयोजित सघन पौधारोपण कार्यक्रम में क्लब के संरक्षक एवं शिक्षाविद लॉयन डीके चुघ ने स्कूली बच्चों और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है, क्योंकि यह अनेक प्रकार की परेशानियों से हमें बचाते हैं। हमें वृक्षारोपण करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रद्धा मंदिर स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर गजराज सिंह आर्य ने उपस्थित बच्चों से आह्वान किया कि वे घरों के आसपास बरसात के मौसम में पौधे अवश्य लगाएं। लॉयन्स क्लब के प्रधान नवीन ग्रोवर ने कहा कि लायंस क्लब का यह अभियान जारी रहेगा। सचिव सोनिया भाटिया ने हमें अब सचेत हो जाना चाहिए कि बिना प्रकृति के सौंदर्य के हमारा जीवन कुछ भी नहीं है। इसलिए धरा को हरा भरा रखने के लिए पेड़ पौधे अति आवश्यक हैं। समाजसेवी एवं पूर्व बिजली बोर्ड के एससी लायन एसके सचदेवा ने कहा कि हर सामाजिक एवं धार्मिक संस्था को पेड़ पौधों के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में रानी चुघ, राजेंद्र भाटी, विनय मेहता, राजकुमार आर्य, मूलचंद आर्य, एडवोकेट विजय आर्य, दयाचंद सैनी, पूजा, पल्लवी, हर्षित, रि मी, प्रिया, सुरेश कुमार वर्मा सहित स्कूल के अनेक बच्चे भी उपस्थित थे।


पौधारोपण करते लायंस क्लब फरीदाबाद मैत्री के सदस्य एवं छात्र-छात्राएं।

## रोटरी क्लब ने जसाना गांव में किया पौधारोपण

**फरीदाबाद।** जसाना गांव में रोटरी क्लब फरीदाबाद ईस्ट के अध्यक्ष कुलबीर सचदेवा ने पौधरोपण कोटवेल इंक प्राइवेट लिमिटेड में किया। कुलबीर ने बताया कि रोटरी क्लब इंटरनेशनल संस्था है। आज रोटरी क्लब ईस्ट की समस्त टीम के द्वारा गांव जसाना में नीम, जामुन, अमरूद और अशोक के सैकड़ों पौधे लगाए गए। पौधे जीवन जीने का आधार है। सभी पौधे को पेड़ बनाने की जिम्मेदारी संस्था की है। महासचिव अजय गुप्ता ने बताया कि प्रदूषण से कई प्रकार की बीमारियां से लोग ग्रसित हैं। इसलिए बरसात के मौसम में सभी पौधे लगाएं जो आगे चलकर वृक्ष बनें और बढ़ते तापमान और प्रदूषण को कम करने का काम करेगा। मेवला महाराजपुर में फरीदाबाद मॉडल संस्कृति सरकारी स्कूल में फरीदाबाद जोन के 4 क्लब ने मिलकर हैंड वाश स्टेशन भी लगाया। जिससे स्कूल के बच्चे अपने हाथों की सफाई करके कई बीमारियों से बच सकें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोटरी क्लब ईस्ट से अध्यक्ष कुलबीर सिंह, हेरिटेज क्लब अध्यक्ष अनूप गर्ग, मिड्टाउन नेक्स्ट अध्यक्ष कविता सलूजा, रोटरी ग्रेटर अध्यक्ष मनुज मदान व सरकारी अधिवक्ता रोटेरियन दीपक ठुकराल, सायराम सचदेव, ईशान सचदेव, राहुल नागर, योगेश नागर, मनु नागर की उपस्थिति रही।




पौधा लगाते रोटरी क्लब ईस्ट के सदस्य।

## प्लास्टिक के झंडे समेत 19 चीजों पर प्रतिबंध

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला फरीदाबाद में पहली जुलाई से 19 चीजों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल, भंडारण व बिक्री पर पूर्णतया रोक हो गई है । एनजीटी द्वारा बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने और वातावरण का स्वच्छ रखने के उद्देश्य से सरकार एवं एनजीटी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। डीसी जितेन्द्र यादव ने बताया कि सरकार एवं एनजीटी द्वारा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट नियम, 2016 को प्रभावी ढंग से लागू हो गया है। इन आदेशों की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति अथवा संस्थान के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने का भी प्रावधान किया है। सरकार एवं एनजीटी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्लास्टिक की मोटाई 120 माइक्रोन से कम नहीं होनी चाहिए। इससे कम मोटाई वाले प्लास्टिक की चीजों पर प्रतिबंध रहेगा। डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला में पर्यावरण को सिंगल यूज प्लास्टिक से पहुंचने वाले नुकसान के प्रति जनमानस को जागृत करने व बाजार में व्यापारियों व खुदरा विक्रेताओं को पॉलीथिन के विकल्प अपनाने से जुड़ी गतिविधियां भी आरंभ की गई हैं। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को सबसे बड़ा कारण प्लास्टिक है। प्लास्टिक हमारे वातावरण को कई तरीकों से नुकसान पहुंचाता है। वायु प्रदूषण के साथ साथ प्लास्टिक से जल व भूमि प्रदूषण भी बड़े पैमाने पर होता है। प्लास्टिक के कारण भूजल रिचार्ज भी नहीं हो पाता है। प्लास्टिक कई सालों तक नष्ट नहीं होता है, जिसके कारण सालों तक वातावरण को इसका नुकसान झेलना पड़ता है। हम सभी को ये बात समझनी होगी कि प्लास्टिक ना केवल वातावरण के लिए बल्कि मनुष्य के लिए भी खतरनाक है।

## नशे के विरुद्ध जागरूक कर नशा न करने की दिलवाई शपथ



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा दिए गए दिशा निर्देशो पर लोगों को नशा के प्रति जागरूक करने के अभियान के तहत पुलिस चौकी सेक्टर 14 प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने एरिया में स्थित सामुदायिक भवन में बैठक आयोजित कर नशे के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि चौकी प्रभारी ने सभा का आयोजन कर लोगों को समाज में नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया है। उन्होंने बताया की आधुनिक समय में नशा का प्रचलन बहुत बढ़ गया है। पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान के अंतर्गत पुलिस की गाड़ी विभिन्न स्थानों पर जाकर नागरिकों को नशे के विरुद्ध जागरूक करेगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशा के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है। नशा करने से न केवल धन की क्षति होती है, बल्कि कई बीमारियां भी घर कर जाती हैं। इससे मानसिक और शारीरिक सेहत पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए बच्चों के माता-पिता से भी अपील है कि अपने बच्चों का ध्यान रखें और उन्हें गलत संगत में पड़ने से बचाएं। साथ ही युवा नशे को छोड़कर अपनी उर्जा को अच्छी दिशा में लगाएं ताकि आप और आपके परिवार की खुशियां सलामत रहे।

## आश्चर्यजनक मोड़

### शिंदे मुख्यमंत्री

**काफी** समय से जारी उठापटक के बाद आखिरकार शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री तथा फडनवीस उनके उप-मुख्यमंत्री बन गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बुधवार को विधानसभा में बहुमत परीक्षण रोकने से इनकार करने के फौरन बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने इस्तीफा दे दिया। इसके बाद लग रहा था कि पूर्व मुख्यमंत्री तथा राज्य में भारतीय जनता पार्टी के सर्वोच्च नेता देवेंद्र फडनवीस की वापसी होगी। उम्मीद थी कि विद्रोही शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे उनके उप-मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शिंदे के साथ एक संयुक्त प्रेस सम्मेलन में फडनवीस ने स्वयं घोषणा कर दी कि शिंदे उच्च पद पर विराजमान होंगे। यह न केवल भाजपा व शिवसेना नेताओं, बल्कि ठाकरे समूह व अन्य भाजपा-विरोधी नेताओं, दूसरे शब्दों में सबके लिए आश्चर्यजनक था। भाजपा शिविर में कुछ निराशा थी कि एमवीए सरकार पर लगातार दबाव डालने तथा आखिरकार उसे सत्ता से बाहर करने के लिए अत्यधिक कठोर परिश्रम करने वाले उनके नेता को मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। फडनवीस ने कहा था कि वे सरकार का हिस्सा नहीं बनेंगे। लेकिन दिन में आश्चर्य की समाप्ति प्रेस सम्मेलन के साथ नहीं हुई। राजनीतिक टिप्पणीकार उनके राज्य सरकार में शामिल न होने के परिणामों पर मंथन कर रहे थे और सोच रहे थे कि क्या वे पार्टी में राष्ट्रीय भूमिका निभाने के इच्छुक हैं? क्या वे सरकार को रिमोट कंट्रोल से चलाएंगे? तभी खबर आई कि वे वास्तव में उप-मुख्यमंत्री के रूप में सरकार में शामिल होंगे। पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा, 'भाजपा के



केन्द्रीय नेतृत्व ने तय किया है कि देवेंद्र फडनवीस को सरकार का हिस्सा बनना चाहिए। मैंने उनसे इस बारे में व्यक्तिगत प्रार्थना की है। केन्द्रीय नेतृत्व ने कहा कि देवेंद्र फडनवीस का महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ लेनी चाहिए।'

अंततः 7.30 बजे शाम को शिंदे के मुख्यमंत्री तथा फडनवीस को उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। शिंदे को मुख्यमंत्री बना कर भाजपा के सर्वोच्च नेतृत्व ने सर्वोच्च पद के लाभों की तुलना में संभवतः प्रमुख औद्योगिक राज्य महाराष्ट्र में सरकार की दीर्घजीविता सुनिश्चित की है। इसके साथ ही वे जानते है कि शिंदे पद पर बने रहने के लिए पूर्णतः उन पर निर्भर रहेंगे। उद्धव ठाकरे परिवार से सारे संबंध तोड़ कर अब वे शिवसेना की राजनीति में लक्ष्मण रेखा पार कर चुके हैं क्योंकि उद्धव परिवार को अक्सर शिवसेना के दिल और दिमाग की तरह पेश किया जाता है। वर्तमान समय में यह समझ है कि जहां शिंदे के साथ शिवसेना के बहुसंख्य विधायक हैं, वहीं पार्टी के जमीनी नेता व कार्यकर्ता मजबूती से ठाकरे के पीछे खड़े हैं। लेकिन अक्सर कल्पना और यथार्थ में विरोधाभास होता है। स्वयं शिंदे व उनके समर्थक भी जमीन से उठ कर यहां तक पहुंचे हैं। दूसरे शब्दों में, शिंदे व उनके साथियों को महत्वहीन बता कर तथा यह कह कर खारिज नहीं किया जा सकता है कि वे ठाकरे परिवार के समर्थन के बिना कुछ नहीं हैं। हालांकि, ठाकरे ने प्रकारान्तर से शिंदे को मुख्यमंत्री बनने में सहायता की है। विद्रोह पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने पूछा था, 'यदि मैं इस्तीफा दे दूं तो क्या आप गारंटी कर सकते हैं कि एक और शिवसैनिक मुख्यमंत्री बनेगा?' लेकिन अब विद्रोहियों के बजाय भाजपा ने इस सवाल का सटीक जवाब दे दिया है।

# महिला विरोधी दृष्टिकोण को चुनौती जरूरी

जेंडर समानता के लिए यौन उत्पीड़न को समाप्त करना जरूरी है। शिक्षा संस्थानों को जेंडर संवेदनशीलता अवश्य अपनानी चाहिए।





**वी के कार्तिका**
(लेखिका एनआईटी तिरुची में सह प्रोफेसर हैं)

**यौन** हिंसा को व्यापक रूप से बलात्कार मामलों का पर्याय समझ लिया जाता है। मीडिया की सुर्खियों में बढ़ती अपराध दर, महिला-विरोधी हिंसा तथा महिलाओं की सुरक्षा को स्थान मिलता है। लेकिन यौनवादी उत्पीड़न ज्यादा आम है और रोजमर्रा के जीवन में पाया जाता है, जिसे सामान्य मान लिया गया है। यौनवादी उत्पीड़न को बहुत सामान्य सी चीज के रूप में स्वीकार कर लिया जाता है। यह सामान्यता पितृसत्तात्मक दृष्टिकोणों के कारण है। इसमें भय का एक तत्व भी शामिल है क्योंकि पीड़ित अक्सर अपनी आवाज उठाने पर सुरक्षित नहीं अनुभव करती है। बहुत से लोगों के लिए यौनवादी उत्पीड़न का अर्थ 'एक मैत्री संकेत' या 'अनोखा मजाक' होता है। इस प्रकार शीला सूर्यनारायणन का यह कथन उचित है कि यौनवादी उत्पीड़न के प्रति 'एक खतरनाक चुप्पी' जैसी स्थिति है। यौन हिंसा की शुरुआत घर से होती है जहां महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग नियमों को बढ़ावा दिया जाता है।

माना जाता है कि शिक्षित होने पर मानव सोच से सभी प्रकार के पूर्वाग्रह समाप्त होते हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों को ऐसे स्थान माना जाता है जहां सामाजिक पूर्वाग्रहों पर स्वस्थ बहसों से नौजवान लोग संकुचित सोच, सामाजिक असमानताओं व पहचान के संकटों की सीमाओं से बाहर निकलते हैं। लेकिन दुःख की बात है कि यौनवादी हिंसा उच्च शिक्षा संस्थानों में भी प्रवेश कर गई है तथा वह जेंडर समानता स्थापित करने की सभी संभावनाओं को प्रदूषित कर रही है। महिलाओं के प्रति द्वेष सभी क्षेत्रों में पाया जाता है तथा शिक्षा संस्थान भी यौनवादी विचारधाराओं का ऐसा परिवेश बनाते हैं जिसमें महिला छात्रों, शिक्षिकाओं व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का उत्पीड़न होता है। हालांकि, महिलाओं के प्रति हिंसा की प्रकृति व गंभीरता में अंतर देखा जा सकता है।

छात्र कल्याण कार्यालय शिक्षा संस्थानों का अभिन्न अंग होता है। लेकिन कभी-कभी यह कार्यालय स्वयं ऐसी एजेंसी के रूप में काम करने लगता है जो यौनवादी अवधारणाओं को प्रोत्साहित करता है, भले ही वह प्रत्यक्ष के बजाय परोक्ष रूप से इसकी अनुमति देता हो। ऐसे में यह रेखांकित करना महत्वपूर्ण हो जाता है कि ऐसी विचारधाराओं को स्वीकार करने या उनका प्रचार करने वाला हर व्यक्ति महिला-विरोधी प्रचार का अंग बन जाता है। अनेक शिक्षा संस्थान ड्रेस, व्यवहार तथा परिसर में व्यवहार के संबंध में छात्राओं के लिए अलग नियम लागू करते हैं। यहां तक कि खेल व कला उत्सवों में भी जहां छात्रों को उत्सव का हिस्सा बनाया जाता है तथा छात्राओं को उत्सव में उस समय तक शामिल नहीं होने दिया जाता है जब तक वे अपने हास्टलों में न चले जांए। इस प्रकार परिसर में एक 'जेंडरवादी कर्फ्यू' जैसा लगा दिया जाता है। अधिकारी छात्राओं तथा छात्रों के लिए अलग-अलग नियम घोषित करने वाली नोटिसें जारी करते हैं।

लेकिन यौनवादी दृष्टिकोण परोक्ष रूप से उन छात्राओं के चरित्र के प्रति टिप्पणियों के रूप में भी सामने आता है जो अधिकारियों की उम्मीदों के अनुसार व्यापक जेंडर उम्मीदों का उल्लंघन करती हैं। अनुचित व्यवहार व पुलिसिंग के आरोप लगने पर अधिकारी हमेशा उदारवादी यौनवाद का प्रयोग कर अपना बचाव करते हैं। वे कहते हैं कि उनका इरादा महिलाओं की सुरक्षा करना है। मध्य भारत में एक प्रख्यात संस्थान के छात्र कल्याण डीन ने नशा प्रयोग के खतरों के बारे में एक पैंफलेट जारी किया जिसमें छात्रों की प्रतियोगिता के माध्यम से बुद्धिमत्तापूर्ण व आकर्षक नारों का प्रयोग किया गया था। इन नारों को प्रतियोगिता में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त नारे बताया गया था। इन नारों में सर्वोच्च स्थान 'ड्रग एंड डेथ-कपुल विध नो डाइवोर्स' को मिला था। इसमें परोक्ष रूप से यह स्वीकार किया गया था कि पत्नी और पति का कभी तलाक नहीं होता है तथा वे विषमलिंगी होते हैं। इसमें वैवाहिक संबंधों को आदर्श तथा नौजवानों के बीच सभी संबंधों के आदर्श के रूप में भी प्रदर्शित किया गया था। यह नारा कट्टरपंथी ढंग से विवाह के संस्थान का प्रचार करता है तथा ऐसे विचारों को उस परिसर में प्रचारित करता है जहां नौजवानों को सभी संस्थानों के प्रति आलोचनात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। अतः यौनवादी उत्पीड़न को संस्थाबद्ध करने वाले इस पैंफलेट की आलोचना होनी चाहिए। सबसे पहले तो यही सवाल है कि आखिर नशे के प्रयोग और नशे की विभीषिका को जेंडर के संबंध में देखने की जरूरत क्यों पड़ी?

'हैरोइन' को 'हीरोइन' के साथ जोड़ने तथा 'हीरो' को ऐसे साथी के बिना रहने की अपील जैसे 'आकर्षक नारे' परेशान करने वाले ढंग से नशों व महिलाओं में तुलना करते हैं। 'बी अ हीरो विधाउट हैरोइन' जैसे नारे हीरोवाद या नायकत्व की एक मर्दवादी संरचना तैयार करते हैं जहां महिला साथी के बिना रहने पर उसके नायकत्व में वृद्धि होती है। द्विआयामी ढंग से सोचने तथा इसके या उसके बीच पसंद सीमित करने से अतार्किकता को प्रोत्साहन मिलता है। इसकी परिणति 'हैरोइन विल मेक यू लूज़ हैरोइन' जैसे नारों में होती है। वैसे मासूम व मजाकिया दिखने वाले ऐसे नारे जेंडर संवेदनहीनता का अभाव प्रदर्शित करते हैं। इससे हमारे चारों ओर व्याप्त वर्तमान जेंडर पूर्वाग्रह तथा पितृसत्तात्मक पूर्वाग्रह मजबूत होते हैं। महिलाओं को नशे, पतन और विनाश से जोड़ कर देखने वाले नारे अन्यायपूर्ण जेंडर संबंधों को बढ़ावा देते हैं। ये प्रत्यक्ष रूप से कहावतों की तरह नौजवानों की सोच में बस सकते हैं। उदारवादी यौनवाद तथा 'भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं की रक्षा संबंधी सरोकार' उस समय स्पष्ट रूप से दिखाई पड़े जब उत्तर भारत में एक अन्य केन्द्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों ने विश्वविद्यालय की दीवाल पर 'पिंजड़े में बंद चिड़िया' का चित्र बनाया। पिजंड़े की हर छड़ 'विश्वास', 'गरिमा', 'समर्पण' व 'नैतिकता' का प्रदर्शन करती थी। इसके साथ ही एक संदर्भ दिया गया था जो महिलाओं द्वारा अपने अधिकारों की मांग को 'बुरा' कृत्य बताता था।

इसी संस्थान में छात्राओं को पुस्तकालय जाने की अनुमति नहीं थी क्योंकि संस्थान प्रमुख का विश्वास था कि इससे छात्र अनावश्यक रूप से पुस्तकालय की ओर आकर्षित होंगे। वैसे 2014 से पहले भी इस प्रकार के कर्फ्यू के अकादमिक प्रभावों पर बहस हो चुकी थी।

इस प्रकार यौनवादी विचारधारा को अनजाने ही स्वीकार करने वाले लोग बाद में परोक्ष रूप से या जानबूझ कर इसके प्रवक्ता बन जाते हैं। राष्ट्रीय महत्व के संस्थान की एक छात्रा ने कहा, 'हालिया खेल आयोजन में हमारे बैच ने समग्र चैम्पियनशिप जीती। लेकिन हमारी टीम में शामिल एक लड़के ने कहा कि लड़कियों को जाकर ट्राफी लेनी चाहिए, भले ही उन्होंने मैच में हिस्सा न लिया हो। इसका कारण पूछने पर उसने बताया कि यह खिलाड़ियों के लिए तालियां बजा कर उनका हौसला बढ़ाने का मुआवजा है। यह हम सभी लड़कियों का अपमान था। हमारी एकजुटता के संदेश को गलत समझा गया था और हमारे छात्र सहयोगी हमें चियर गर्ल्स जैसा समझते थे।' यूजीसी नेशनल इलिजिबिलिटी टेस्ट-नेट पास करने तथा दो केन्द्रीय विश्वविद्यालयों से परास्नातक व बीएड डिग्री पाने वाली एक महिला प्रवक्ता को उसके कपड़ों के कारण कुडंगुलूर, केरल में कालेज आफ अप्लाइड साइंसेज़-सीएएस के प्रबंधन द्वारा अपमानित किया गया। प्रवक्ता ने साड़ी पहनने की प्रबंधन की शर्त नहीं मानी और उसे इस्तीफा देना पड़ा। इस घटना के परिणामस्वरूप राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने नवंबर, 2021 में एक सर्कुलर जारी कर स्पष्ट किया कि शिक्षकों को एक खास ड्रेस कोड का पालन करना पड़ेगा। यह देखना बहुत अपमानजनक है कि विभिन्न केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी व एनआईटी के नियमों में जेंडर-संवेदनहीन भाषा का प्रयोग किया गया था।

इन दस्तावेजों के संदर्भ से उप-कुलपति, निदेशक, उप-निदेशक व रजिस्ट्रार जैसे प्रशासकों ने 'ही' जैसे शब्द के स्थान पर यथासंभव वैकल्पिक शब्दों का प्रयोग किया है। क्या इसका अर्थ यह है कि महिलायें महत्वपूर्ण पदों पर जाने के अनुपयुक्त हैं? अथवा क्या यदि महिला ऐसे पद पर सौभाग्य से पहुंच जाए तो उसे इन दस्तावेजों में पुरुषोन्मुख भाषाई संरचनाओं से समझौता करना पड़ेगा? यौनवादी उत्पीड़न तथा हमारे चारों ओर मौजूद महिला-द्वेषी माहौल का महिलाओं के व्यक्तिगत व पेशेवर विकास पर निश्चित रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। समय आ गया है कि समाज व खासकर उसके शिक्षा संस्थान महिलाओं को खुश करने वाली 'वस्तुओं' या 'उपकरणों' अथवा शक्तिहीन दोयम दर्जे के नागरिकों की तरह पेश करना बंद करें। जेंडर समानता एक विकास लक्ष्य है और हमें टिकाऊ विकास वाले समाज की ओर बढ़ने की जरूरत है।

# दुनिया में बढ़ रहा योग का प्रभाव

> आज योग का ज्ञान और अभ्यास पूर्व और दक्षिण एशिया की सीमाओं से परे फैल गया है।

**ईश्वर वी बासवरेड्डी**
(लेखक नई दिल्ली स्थित योग संस्थान के निदेशक हैं)

**21** जून को दुनिया योग सत्रों की मेजबानी करके मानव भावना की आकांक्षाओं का जश्न मनाने के लिए एक साथ आती है। भारत, जिसने योग को जन्म दिया, भारत के वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को ध्यान में रखते हुए, अर्थात् 'संपूर्ण विश्व एक है परिवार।'

योग एक अनुशासन है जो मानव शरीर और मन के मिलन को उसकी अनंत क्षमता की प्राप्ति की दिशा में पूरा करने और मानव चेतना को व्यक्तिगत मन और अहंकार की सीमाओं से ऊपर उठाने का प्रयास करता है जब तक कि यह सभी व्यापक सर्वोच्च चेतना में विलीन नहीं हो जाता। योग के विभिन्न सिद्धांतों का नियमित अभ्यास शारीरिक, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और बौद्धिक स्वास्थ्य में सुधार करके समग्र कल्याण में सहायता करता है।

27 सितंबर, 2014 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा से योग की सार्वभौमिक अपील का संज्ञान लेने का आग्रह किया। इस तरह 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बन गया।

भारत दुनिया को यह प्रभावित करने में भी सफल रहा है कि योग उसकी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है जो 5,000 साल पुरानी है। भारत सरकार के सक्रिय प्रयासों ने भी योग को दिसंबर 2016 में यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया।

आज योग का ज्ञान और अभ्यास पूर्व और दक्षिण एशिया की सीमाओं से परे फैल गया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अब लगभग सभी देशों में सभी पंथों, नस्ल, जाति, लिंग और आयु समूहों द्वारा एक त्योहार के रूप में मनाया जाता है, जो इसे मानवता के समग्र स्वास्थ्य और भलाई के लिए सबसे बड़ा वैश्विक आयोजन बनाता है।



योग शब्द का उल्लेख सबसे पहले ऋग्वेद के प्राचीन ग्रंथ में मिलता है जिसकी रचना सिंधु-सरस्वती घाटी सभ्यता के दौरान हुई थी। इसके बाद ऋषियों ने इसे और विकसित किया। दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व के दौरान पतंजलि द्वारा राज योग (दिमाग प्रबंधन का योग) को आठ-अंग ग्रंथ, योग सूत्र में व्यवस्थित किया गया था। श्रीमद्भगवद् गीता, सबसे व्यापक रूप से पढ़ा जाने वाला ग्रंथ, मुख्य रूप से योग के चार शास्त्रीय रूपों की चर्चा करता है- अर्थात, ज्ञान-योग, भक्ति-योग, कर्म-योग और ध्यान-योग। हालांकि पश्चिमी दुनिया की रुचि योग में है, लेकिन इसका ध्यान ज्यादातर योग के भौतिक पहलू तक ही सीमित है। हालांकि, पिछले कुछ दशकों में, अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा बिरादरी आत्मकेंद्रित स्पेक्ट्रम विकार के इलाज के लिए योग में प्राणायाम (विनियमित श्वास तकनीक) और ध्यान का उपयोग कर रही है। पबमेड में विभिन्न शोध लेख और एम्स, निमहंस आदि के सहयोग से भारत में किए गए शोध शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण में योग की प्रभावशीलता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं।

भारत लोगों के बीच योग के दैनिक अभ्यास को प्रोत्साहित करता है। प्राणायाम की प्रभावशीलता कोविड -19 के प्रकोप के दौरान प्रकट हुई थी। रिकॉर्ड बताते हैं कि भारत में लाखों स्वास्थ्य कर्मियों और कोविड -19 रोगियों ने योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करके स्थायी और तेजी से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

योग के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों में इसके अभ्यास को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल घोषित किया है। एशियाई और ओलंपिक खेलों में इसे स्थापित करने के लिए भारत के प्रयास जारी हैं। योग के प्रचार और विकास में उत्कृष्ट योगदान करने वाले व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करने के लिए प्रधान मंत्री ने दो श्रेणियों के पुरस्कारों की भी घोषणा की है, अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय।

वर्तमान में, देश भर में लगभग 1.25 लाख वेलनेस सेंटर योग सिखाते हैं। ग्रामीण भारत में, ग्राम पंचायतों को विभिन्न प्रयासों के माध्यम से योग के नियमित अभ्यास और योग प्रोटोकॉल के बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है। योग से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ने ढाई लाख ग्राम पंचायत प्रधानों को पत्र लिखा। वर्दीधारी सेवाओं में भी योग का अभ्यास शुरू किया गया है।

## आप की बात

### शिक्षित को नौकरी

**उप्र** सरकार सर्वे करा कर ऐसे परिवारों को परिवार कार्ड जारी करेगी। जिनके किसी भी सदस्य को कभी सरकारी नौकरी नही मिली। सरकार ऐसे परिवार के एक सदस्य को नौकरी या स्वरोजगार से जोड़ने जा रही है। 30 जून को लोकभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में वृहद ऋणमेले के अवसर पर उप्र के मुख्यमंत्री ने हस्तशिल्पियों, कारीगरों, और उद्यमियों को व्हेक वितरित करते हुये हर परिवार के एक सदस्य को नौकरी या स्वरोजगार देने की घोषणा किया। देश के विशाल आबादी वाले राज्य में बेरोजगारी की समस्या है। शिक्षित और प्रशिक्षित लोगों की कमी नही है। हर विभाग में लोकसेवकों की कमी है। ब्लाक में बीडीओ, वीडीओ, अस्पतालों में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों का अभाव, विद्यालयों में शिक्षको का अभाव है। ऐसे में इन शिक्षित बेरोजगारों को संविदा और ठेकेदारी पर काम देने के बजाय नए वेतनमान में भर्ती किया जाए। जो बेरोजगारी की पीड़ा झेल रहे हैं। यह सही है। सरकार सभी को नौकरी नहीं दे सकती। लेकिन विभागों में रिक्त पड़े पदों पर अभियान चलाकर भर्ती कर सकती है। सर्वाधिक युवाशक्ति वाले राज्य में मुख्यमंत्री योगी की संकल्पना है कि प्रदेश के युवा नौकरी मांगने वाले नही देने वाले बने।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### एक तीर से कई निशाने

**जिस** तरह से घटनाक्रम में बदलाव आये हैं उसका अंदाजा किसी भी बड़े से बड़े राजनीती विशेषज्ञ ने नहीं लगाया होगा। लेकिन एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री का पद दे कर भाजपा ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं। अब एकनाथ शिंदे धड़ के नेता वापस उद्धव ठाकरे के वापस शायद ही जाएं। और दूसरा उद्धव ठाकरे अब भाजपा पर यह इलज़ाम भी नहीं लगा सकते कि उन्होंने एक शिव सैनिक को सत्ता से हटाने के लिए यह सब किया और जब एकनाथ शिंदे स्वयं शिव सेना के हैं और भाजपा और वह स्वयं हिंदुत्व विचारधारा को सर्वोपरि मानते हैं। अब जबकि शिव सेना और भाजपा ने मिलकर सरकार बनाने का फैसला किया है जो वास्तव में 2019 में हो जाना चाहिए था , दोनों की विचारधारा, काडर बेस आधार, कार्य करने का तरीका सामान होने से राज्य सरकार आसानी से चलने की पूरी उम्मीद है। निसंदेह आने वाले बीएमसी चुनावों में भाजपा और शिव सेना को इस बदलाव से बड़ा फायदा मिलेगा। पिछले ढाई वर्षों में जो भी कमी रह गयी है उसको अगले ढाई वर्षों में पूरा करने की कोशिश होगी। और केंद्र और राज्य में एक ही सरकार होने के फायदे भी मिलेंगे और महाराष्ट्र जैसा बड़ा राज्य विकास और प्रगति की रह पर फिर चलेगा।

– **बाल गोविंद**, सेक्टर-44 नोएडा

### तालिबानी करतूत

**उदयपुर** में तालिबानी तर्ज पर जिस नृशंस व कायरता से एक बेगुनाह की हत्या की गई, हत्यारों ने बेखौफ होकर जिस तरह से वीडियो वायरल किया, उसकी जितनी निंदा की जाए वह तो कम हैं ही, लेकिन ऐसे हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिलना चाहिए ताकि उनकी रूह कांप उठे। आखिर यह नफरत की आग कैसे बुझेगी! चाहे व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर या अन्य जो भी मीडिया के प्लेटफार्म है व कुछ न्यूज़ चैनल धर्म के नाम पर एक दूसरे को उकसाने भड़काने का काम ही तो कर रहे हैं ! ऐसे में यह आग बुझने वाली नहीं लगती है। जिस टीवी मीडिया व मोबाइल के विभिन्न प्लेटफार्म को देश व समाज हित में वरदान साबित होना था, वह बढ़ते दुरुपयोग के कारण देश व समाज के लिए घातक अभिशाप बन गया है। इन सबका पक्का व शर्तिया इलाज बहुत ही जरूरी हो गया है, अन्यथा ये नासूर बन जाएंगे। भले ही कोई स्वीकार करें या ना करें जिस तरह से उदयपुर में हत्या हुई, उस हत्या के लिए ये हत्यारे तो जिम्मेदार हैं, उससे भी ज्यादा जिम्मेदार न्यूज़ चैनल व मोबाइल के विभिन्न प्लेटफार्म हैं।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**राजस्थान** सरकार की नीतियों के कारण राज्य में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति बन गई है।

– **वसुंधरा राजे**
राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री



**हमें** तत्काल ऐसे सभी कदम उठाने चाहिए जिनसे रूस द्वारा लगातार की जाने वाली हत्यायें रोकी जा सकें।

– **व्लोदीमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**पद** की शपथ लेने के बाद से ही उप-राज्यपाल दिल्ली की संवैधानिक व्यवस्था तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

– **आतिशी**
आप नेता

# हवाई सेवा से जुड़ेंगे प्रदेश के पांच और जिले

## ● सीएम की मौजूदगी में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा राज्य सरकार के बीच अनुबंध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** के पांच और जिलें हवाई सेवा से जुडने जा रहे है। ये जिलें है अलीगढ़, आजमगढ़, श्रावस्ती, चित्रकूट और सोनभद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आज इन जिलों में विकसित किये जाने वाले हवाई अड्डों के संचालन एवं प्रबंधन के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा राज्य सरकार के बीच अनुबंध हुआ।

इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह एयरपोर्ट ऐसे क्षेत्रों में स्थापित हो रहे हैं जो विकास की दौड़ में कतिपय कारणों के चलते विकास के मामले में पीछे छूट गए थे। उन्होने कहा कि जो जिले हवाई सेवा से जुडने जा रहे है उनमें श्रावस्ती, सोनभद्र और चित्रकूट तो आकांक्षात्मक जिले हैं। यहां से एयर कनेक्टिविटी होने से इन क्षेत्रों के विकास को नये पंख लगेंगे। उन्होने कहा कि आजमगढ़ जो पूरब में है, वहां 5 वर्ष पूर्व कोई सोच नहीं सकता था कि यहां एयरपोर्ट बनेगा। लोग डरते थे यहां के नाम से। हमने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे आजमगढ़ के बीच से निकाला। लोग कहते थे कैसे होगा, जब काम शुरू हुआ तो कहीं एक विरोध नहीं हुआ। प्रधानमंत्री के हाथों इसका लोकार्पण हुआ। सीएम ने कहा कि अलीगढ़ जो कि हार्डवेयर का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरीडोर का एक नोड स्थापित कर रहे हैं। जल्द ही यहां बेहतर एयर कनेक्टिविटी सुविधा होगी। उन्होने कहा कि चित्रकूट रामायण सर्किट का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने अपने वनवास के सर्वाधिक समय यहीं व्यतीत किया था। यहां ऊंचाई पर पहाड़ी पर बहुत सुंदर एयरपोर्ट बन रहा है। इसी तरह श्रावस्ती पर्यटन की दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। भगवान राम के पुत्र की राजधानी रही है तो भगवान बुद्ध ने अपने जीवन काल में सर्वाधिक चातुर्मास यहीं व्यतीत किये थे। अब यहां से वायुसेवा शुरू होने जा रही है। सीएम ने कहा कि सोनभद्र कभी नक्सल गतिविधियों के लिए कुख्यात रहा है। लेकिन यह प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। माइनिंग के लिहाज से बहुत समृद्ध है। यही नहीं, जनजातीय समाज का उद्गम सोनभद्र ही है। यहां वायु सेवा आवश्यक थी, जिसे हम पूरा कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई उड़ान योजना का प्रदेश को सबसे अधिक फायदा हुआ है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में लखनऊ और वाराणसी में ही एयरपोर्ट हुआ करते थे। गोरखपुर और आगरा में आंशिक रूप से क्रियाशील एयरपोर्ट थे। तब 4 एयरपोर्ट से मात्र 25 गंतव्यों तक वायुसेवा उपलब्ध थी, लेकिन आज 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं और 10 पर काम जारी है। आज 75 गंतव्यों तक वायुसेवा की सुविधा है। यह तब है जबकि बीते 2 वर्ष से हम कोरोना का सामना कर रहे हैं। उन्होने कहा कि वर्ष 2017 के पहले गोरखपुर से दिल्ली तक केवल एक फ्लाइट थी। आज 14 उड़ानें हैं और मैं जब पूछता हूँ तो पता लगता है कि सभी भरकर आती हैं और भरकर ही जाती हैं। इसने गोरखपुर के विकास को नई गति दी है। इसी प्रकार मात्र 11 माह में एयरपोर्ट तैयार कर प्रयागराज कुम्भ के लिए अच्छी वायुसेवा दी। सीएम ने कहा कि यूपी जल्द 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला राज्य बनने जा रहा है। वर्तमान में वाराणसी, कुशीनगर और लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं जबकि जेवर और अयोध्या में निर्माण जारी है। उन्होने कहा कि 25 करोड प्रदेशवासियों को बेहतर कनेक्टिविटी.अच्छी वायुसेवा देना शासन का दायित्व है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हम इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। वायुसेवा सामान्य कनेक्टिविटी सुविधा भर नहीं है, बल्कि पर्यटन संवर्धन को भी गति देने में उपयोगी हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा इन सभी एयरपोर्ट्स को एयर बस ए-320 के मानकों के अनुसार विकसित करने के निर्देश भी दिए गए। इस सम्बन-?ध में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से शीघ्र ही सर्वे की प्रक्रिया कराकर भूमि क्रय के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

## 25 जिलों के सीएमओ बदले अन्य के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन

**लखनऊ।** शासन स्तर पर स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर स्थानान्तरण किये गये हैं। इनमें 27 जिले के सीएमओ का भी तबादला किया गया है। स्थानान्तरण की सूची में डॉ मंजीत सिंह सीएमओ हाथरस, डॉ आभा मिश्रा सीएमओ ललितपुर, डॉ तरन्नुम रजा सीएमओ संभल, डॉ अवनींद्र कुमार सीएमओ फर्रुखाबाद, डॉ राधेश्याम केसरी संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य अयोध्या, डॉ रश्मि वर्मा सीएमओ गोंडा, डॉ अनिल कुमार संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य सहारनपुर, डॉ सुधाकर पांडेय सीएमओ झांसी, डॉ अरविंद कुमार श्रीवास्तव जेडी स्वास्थ्य महानिदेशालय, डॉ गिरेंद्र मोहन शुक्ला सीएमओ प्रतापगढ़, डॉ शैलेंद्र भटनागर राज्य क्षय अधिकारी लखनऊ, डॉ अरूणेंद्र कुमार सीएमओ लखीमपुर खीरी, डॉ अर्जुन प्रसाद भार्गव संयुक्त निदेशक चिकित्सा आजमगढ़, डॉ शारदा प्रसाद तिवारी सीएमओ श्रावस्ती बनाए गए हैं। इसी तरह डॉ राजीव सिंघल सीएमओ अमरोहा, डॉ राजेंद्र प्रसाद सीएमओ मिर्जापुर, डॉ आलोक रंजन सीएमओ कानपुर नगर, डा सुनील कुमार सीएमओ हापुड़, डॉ विमल कुमार बैसवार सीएमओ देवरिया, डॉ चंद्रशेखर संयुक्त निदेशक चिकित्सा आगरा, डॉ हरिदास अग्रवाल सीएमओ बस्ती, डॉ अवध किशोर प्रसाद सीएमओ कासगंज, डॉ सिमी मेहरा संयुक्त निदेशक चिकित्सा अलीगढ़, डॉ विमलेंदु शेखर सीएमओ अमेठी, डॉ कमलचंद्र राय संयुक्त निदेशक चिकित्सा झांसी, डॉ सुष्पेंद्र कुमार सीएमओ कौशांबी, डॉ ओम प्रकाश तिवारी संयुक्त निदेशक चिकित्सा आजमगढ़, डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव सीएमओ हरदोई, डॉ राजेंद्र सिंह संयुक्त निदेशक चिकित्सा मेरठ, डॉ सुनील भारतीय सीएमओ फतेहपुर, डॉ नीरज कुमार पांडेय संयुक्त निदेशक चिकित्सा बस्ती, डॉ जयंत कुमार सीएमओ बलिया, डॉ अशोक कुमार श्रीवास्तव संयुक्त निदेशक चिकित्सा अयोध्या, डॉ नीना वर्मा सीएमओ महराजगंज, डॉ अनिरूद्ध कुमार सिंह सीएमओ संतकबीरनगर, डॉ विनोद कुमार अग्रवाल सीएमओ सिद्धार्थनगर, डॉ धनेष कुमार गर्ग सीएमओ महोबा बनाए गए हैं।

## नर्सिंग और पैरा मेडिक्स में अवसर अपार, युवाओं के लिए खुले नौकरी के द्वार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को नर्सिंग और पैरा मेडिक्स हब बनाने की बड़ी पहल की है। आजादी के बाद से लेकर 2017 तक नर्सिंग और पैरा मेडिक्स को नजरअंदाज किया गया, जिस कारण सरकारी मेडिकल कॉलेजों में योग्य नर्सिंग और पैरा मेडिक्स की कमी रही। इसे दूर करते हुए पहली बार 36 हजार से अधिक चिकित्सा शिक्षकों, सीनियर और जूनियर रेजिडेंट्स, नर्सिंग और पैरा मेडिकल संवर्ग आदि की नियुक्ति की गई है। इस क्षेत्र में अभी भी रोजगार और सरकारी नौकरी के अपार अवसर हैं। आबादी के लिहाज से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद प्रदेश में 2017 के पहले तक मात्र एक संस्थान 1972 में कानपुर में खुला था। इसके बाद 2013 में तीन जिलों आगरा, झांसी और मेरठ को स्वीकृति दी गई, लेकिन मेरठ के अलावा कोई संचालित नहीं हो पाया। योगी सरकार ने बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई के लिए सात जिलों प्रयागराज, गोरखपुर, कन्नौज, आगरा, जिम्स ग्रेटर नोएडा, राम मनोहर लोहिया संस्थान लखनऊ और झांसी में न सिर्फ नर्सिंग स्कूल स्वीकृत किए हैं, बल्कि इनमें प्रधानाचार्य और प्रोफेसरों सहित 138 पदों का सृजन कर नियुक्तियां भी कर दी हैं। इन संस्थानों में उच्च तकनीकी की लैब और अन्य संसाधनों को भी उपलब्ध कराया गया है। अब उत्तर प्रदेश राज्य मेडिकल फेकेल्टी 2022-23 के सत्र के लिए 15 तक पंजीकरण और 24 को प्रवेश परीक्षा करेगी। चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख सचिव आलोक कुमार कहते हैं कि प्रदेश में नर्सिंग और पैरा मेडिक्स में युवाओं के लिए अवसर ज्यादा हैं। इन क्षेत्रों में प्रदेश में लंबे अर्से बाद सीएम योगी के निर्देशानुसार सात नर्सिंग स्कूलों का संचालन शुरू किया गया है। इसके अलावा विभिन्न पदों का सृजन कर 36 हजार से अधिक युवाओं को मेडिकल कॉलेजों, संस्थानों, नर्सिंग स्कूलों और पैरामेडिक्स आदि में नियुक्ति दी गई है।

## सरकार के सौ दिनों के जश्न की तैयारियां तेज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सत्ता** की अपनी दूसरी पारी में सौ दिनों का कार्यकाल पूरा होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी सरकार के कामकाज का लेखाजोखा राज्य की जनता के सामने पेश करेगी। विभागों के कार्य तथा सरकार के स्तर पर लिये गये अहम फैसलों पर आधारित एक पुस्तिका तैयार करायी गई है, जिसे चार जुलाई को सीएम योगी सरकार के सभी सदस्यों की मौजूदगी में जारी करेंगे।

विधानसभा चुनाव जीतकर इतिहास रचने वाली योगी सरकार ने अपनी दूसरी पारी 25 मार्च को शपथ लेने के साथ शुरू की थी। सरकार के सौ दिनों का कार्यकाल 4 जुलाई को पूरा होगा। इस दिन लोकभवन में भव्य आयोजन रखा गया है। जिसमें सरकार के सभी मंत्री और विधायकों के अलावा भाजपा संगठन के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहेगे। सरकार की बागडोर संभालने के साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने सरकार के सभी मंत्रियों के विभागों की सौ दिन, छह माह और एक साल की कार्ययोजना तय कर दी थी। इस कार्ययोजना के आधार पर सरकार के मंत्रियों को अपने विभागों के कामकाज का संचालन करके विकास को आगे बढाना था। कार्ययोजना के काम के आधार पर सरकार के मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड तैयार होना था। राज्य की जनता से मिले फीडबैक के आधार पर यह कार्ययोजना मंत्रियों की देखरेख में तैयार हुई थी और फिर मंत्रिमंडल की हरीझण्डी के बाद क्रियान्वयन का काम शुरू हुआ था। सूत्रों का कहना है कि सरकार के सौ दिनों के कामकाज पर मुख्यालय स्तर पर लखनऊ में आयोजन के अलावा भाजपा संगठन जिलों में सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखने का काम करेगा।

## डीएल बनवाने में हो रही परेशानी पर परिवहन मंत्री नाराज

### एकमुश्त दंड समाधान योजना का प्रचार-प्रसार करने के अफसरों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**परिवहन** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि सख्त निर्देशों के बावजूद भी अभी लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अभी भी लोगों की शिकायतें मिल रही हैं। इसके लिए यद्यपि कि स्लाटों की संख्या दोगुनी कर दी गयी है फिर भी अभी इसमें और बेहतर किये जाने की जरूरत है। उन्होंने डीएल बनवाने में किसी को भी परेशानी न हो, इसके लिए विभागीय अधिकारियों को और अधिक प्रयास करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा है कि परिवहन विभाग के अधिकारी कॉमन सर्विस सेंटर पर ट्रेनिंग दिये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए इसे और सरल करने की कार्रवाई करें।

दयाशंकर सिंह शुक्रवार को अलीगंज स्थित प्रशासनिक प्रशिक्षण अकादमी में वेबिनार के माध्यम से परिवहन विभाग और परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं और एजेंडों पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने डीएल बनवाने की दिशा में और अधिक पारिदर्शिता लाने, एकमुश्त दंड समाधान योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराने, लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण कराने और अनधिकृत एवं ओवरलोडिंग वाहन के खिलाफ प्रवर्तन की कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग के अधिकारी एकमुश्त दंड समाधान योजना का अपने-अपने जनपदों में बेहतर प्रचार-प्रसार कराएं। कार्यालयों, बस स्टेशनों एवं अन्य जगहों पर इससे संबंधित होर्डिंग्स लगवाएं, जिससे कि इस योजना की जानकारी सभी वाहन संचालकों को ससमय मिल सके और लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि इस योजना का बेहतर परिणाम मिलना चाहिए। परिवहन मंत्री ने कहा कि अनधिकृत एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ की गई कार्रवाई से एक तरफ जहां अवैध बस स्टेशनों एवं अनधिकृत बसों से मुक्ति मिली है वहीं इससे परिवहन निगम के रिवेन्यू में भी विगत माह में बढ़ोत्तरी देखी गयी है। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन की कार्यवाही आगे भी जारी रखें, जिससे कि अवैध बस अड्डा एवं बस संचालन की कार्यवाही को पूरी तरह से रोका जा सके एवं ऐसा करने वालों का मनोबल तोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि इससे प्राइवेट बस संचालक निगम से अपने बसों को अनुबंधित कराने का स्वयं प्रयास करेंगे। रिवेन्यू बढ़ने से परिवहन विभाग अपनी आंतरिक क्रियाकलापों को और बेहतर करने के साथ मैनपावर की समस्या को भी दूर करेगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि बसें अनुबंधित ढ़ाबों पर ही रुकें। इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन ढाबों पर एक नार्म्स बनाएं और उसे चस्पा कराएं। इसमें भोजन के रेट्स के साथ-साथ अन्य यात्री सुविधाओं का विवरण रहे। साथ ही इन अनुबंधित ढाबों पर महिला यात्रियों के बैठने की अलग व्यवस्था हो, शौचालय साफ सुथरे एवं क्रियाशील रहें तथा वहां के परिसर की भी साफ-सफाई की व्यवस्था यथोचित रहनी चाहिए।

## 18 जेल अधीक्षकों व 85 डिप्टी जेलर के तबादले

### ● एक दिन पूर्व जेलरों के तबादलों के बाद जेल महकमें में फिर हुआ फेरबदल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कारागार** विभाग में बीते बृहस्पतिवर को भारी पैमाने पर किए गए जेलर के तबादलों के बाद शुक्रवार को एक बार फिर 18 जेलों के जेल अधीक्षक और 85 डिप्टी जेलर के तबादले कर दिए गए।

अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से जारी आदेश के अनुसार हाल ही में प्रशिक्षण पूरा करके जेल अधीक्षक बने जिला अधिकारियों की तैनाती की गई उनमें कुंदन कुमार को गोरखपुर से जिला कारागार बलरामपुर, सौरभ श्रीवास्तव को मेरठ से जिला कारागार सोनभद्र, नीरज देव को लखनऊ से जिला कारागार उरई, राजेश यादव को गाजियाबाद से जिला कारागार बहराइच, प्रभात सिंह को झांसी से जिला कारागार महराजगंज और कुमारी अदिति श्रीवास्तव को बिजनौर से जिला कारागार बिजनौर स्थानान्तरित किया गया है। इनके अलावा प्रमोद कुमार त्रिपाठी को ललितपुर से जिला कारागार कन्नौज, राम शिरोमणि यादव को सीतापुर से जिला कारागार उन्नाव, रमाकांत को पीलीभीत से जिला कारागार प्रतापगढ़, भोलानाथ मिश्र को महोबा से जिला कारागार देवरिया और लाल रत्नाकर सिंह को बलिया/मऊ से जिला कारागार ललिपुर का अधीक्षक बनाया गया है। राजेंद्र कुमार जायसवाल को कानपुर नगर से अधीक्षक जिला कारागार बुलंदशहर के पद पर भेजा गया है। पवन प्रताप सिंह को जिला कारागार खीरी से जिला कारागार बांदा, बृजेंद्र कुमार सिंह को बागपत से जिला कारागार अलीगढ़, विष्णु कांत मिश्र को कन्नौज से जिला कारागार बागपत, वीडी पांडेय को शाहजहांपुर से जिला कारागार कानपुर नगर और अरुण कुमार सिंह को सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ से जिला कारागार फिरोजाबाद का अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा मिजाजी लाल को बुलंदशहर से शाहजहांपुर जिला कारागार का नया अधीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं डीजी कारागार आनंद कुमार ने जिन डिप्टी जेलर को स्थानान्तरित किया है उनमें तारकेश्वर सिंह को उरई, पुष्पेंद्र विकंग मो मुरादाबाद, नयन कमल को संतकबीर नगर, जीवन सिंह को फिरोजाबाद, संजय कुमार शाही को गाजियाबाद, जितेंद्र कुमार कश्यप को इटावा, राम प्रताप प्रजापित को लखनऊ, सुमन रानी को मिर्जापुर, अजय कुमार कुलवंत को लखनऊ, संतोष रावत को सीतापुर, करुणेश कुमार को मथुरा, संदीप कुमार को अलीगढ़ जेल सहित 73 अन्य डिप्टी जेलरों की भी नई जेलों में तैनाती की गई है।

## संजीव भारद्वाज बनाए गए प्रबन्ध निदेशक यूपी राज्य सेतु निगम

### ● संजय तिवारी को मिला प्रबन्ध निदेशक यूपी राजकीय निर्माण निगम का अतिरिक्त चार्ज

**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने स्थानान्तरण नीति 2022 के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग में प्रमुख अभियन्ता, मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं अन्य अभियन्ताओं की पदोन्नति एवं स्थानान्तरण निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत सम्पन्न कराया गया। सत्य प्रकाश मुख्य अभियन्ता जो यूपी राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, लखनऊ में प्रबन्ध निदेशक के पद पर तैनात थे, को प्रोन्नत करते हुए प्रमुख अभियन्ता ग्रामीण सड़क लोक निर्माण विभाग के पद पर तैनात किया गया। संजय तिवारी जो मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र के पद पर तैनात थे, को अतिरिक्त प्रबन्ध निदेशक यूपी राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड लखनऊ के पद तैनात करते हुए प्रबन्ध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया। संजीव भारद्वाज जो मुख्य अभियन्ता, आगरा क्षेत्र के पद पर तैनात थे, को प्रबन्ध निदेशकए यूपी राज्य सेतु निगम लिमिटेड के पद पर तैनात किया गया। इसके अतिरिक्त पूर्व में तैनात एवं नवपदोन्नत 9 मुख्य अभियन्ताओं एवं 30 अधीक्षण अभियन्ताओं को नवीन स्थान पर तैनाती दी गयी। लोक निर्माण विभाग में सहायक अभियन्ता से अधिषासी अभियन्ता के पद पर विगत 4 वर्ष से लम्बित डीपीसी को व्यक्तिगत प्रयास करते हुए, सभी अड़चनों को दूर कराने के बाद पदोन्नति की गयी जिससे विभाग में रिक्त चल रहे अधिषासी अभियन्ता के पदों पर नये अधिषासी अभियन्ताओं की तैनाती होगी एवं प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों को ससमय पूर्ण कराया जा सकेगा।

## एलयू के कुलसचिव का आगरा स्थानान्तरण

**लखनऊ।** लविवि के कुलसचिव डा विनोद कुमार सिंह का स्थानान्तरण डॉ भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा कर दिया गया है। वहरं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ अनिल कुमार यादव का तबादला लखनऊ विश्वविद्यालय किया गया है। उन्हें लखनऊ विश्वविद्यालय का रजिस्ट्रार बनाया गया है। सीएसजेएमयू में कुलसचिव का कार्यभार अभी परीक्षा नियंत्रक डॉ अंजनी कुमार मिश्र को ही सौंपा गया है।


## धूमधाम से मनाया गया स्टेट बैंक का स्थापना दिवस



लखनऊ। आज स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपना 67वां स्थापना दिवस मनाया। स्टेट बैंक की स्थापना 1 जुलाई 1955 को हुई थी। इस अवसर पर स्टेट बैंक, लखनऊ मण्डल के मुख्य महा प्रबन्धक अजय कुमार खन्ना ने कहा कि समाज के प्रति हमारे चार दायित्वों में से पहला दायित्व ग्राहकों के प्रति है जिसके लिए हमारी आज सभी शाखाओं में ग्राहक संबंध कार्यक्रम (सीआरपी) का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने सम्मानित ग्राहकों को ग्राहक अनुकूल पहलों के साथ एसबीआई के गौरव पूर्ण इतिहास से भी अवगत कराया। हमारा दूसरा दायित्व समाज के प्रति होता है जिसके लिए बैंक द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें समस्त मण्डल के 1000 से अधिक बैंक स्टाफ ने रक्तदान किया। तीसरा दायित्व हमारा अपने स्टाफके प्रति है, उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बैंक में कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा कर्मचारियों हेतु डेस्क योगा का आयोजन किया गया। चौथा दायित्व बच्चों एवं नौजवानों के प्रति है जो हमारे देश का भविष्य हैं इसके लिए शाखा के अधिकारी गणों ने विद्यालयों में जा कर छात्रों को वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी एवं बैंक के बचत बैंक उत्पाद- 'पहला कदम' और भारत सरकार की 'सुकन्या समृद्धि योजना' तथा एजुकेशन लोन एवं आधुनिक बैंकिंग सेवाओं के बारे में बताया। सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए स्थानीय प्रधान कार्यालय में दान उत्सव का भी आयोजन किया गया। आज का दिन डॉक्टर दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में बैंक अधिकारियों ने डोक्टर्स से भेंट कर डॉक्टर दिवस की शुभकामनायें दीं।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश एक बड़ी सीखः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने नूपुर शर्मा विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से की गई टिप्पणी आने के बाद तंज कसा है। उन्होंने इस मामले को सांप्रदायिकता फैलाने वालों को सीख के तौर पर लेने की सलाह दी है। मायावती ने कहा है कि लोगों के लिए सुप्रीम कोर्ट का आदेश एक बड़ी सीख है। शुक्रवार को ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि मा. सुप्रीम कोर्ट द्वारा नुपूर शर्मा के विरूद्ध आज लिए गये सख्त स्टैण्ड तथा अपने भड़काऊ बयान से देश को हिंसक माहौल में झोंकने हेतु उनसे माफी मांगने का निर्देश, उन सभी के लिए जरूरी सबक है जो देश का साम्प्रदायिकता की आग में झोंक कर अपनी राजनीति चमका रहे हैं। मायावती ने आगे कहा कि साथ ही नफरती भाषण के लिए नुपूर शर्मा के विरूद्ध एफआईआर होने के बावजूद पुलिस द्वारा उनके प्रति निष्क्रिय रवैये का भी मा. कोर्ट द्वारा संज्ञान लेने से संभव है कि आगे इस प्रकार की प्रवृति पर थोड़ा रोक लगे।

## अखिलेश ने जन्मदिन पर मेधावी छात्रों को बांटे लैपटॉप

### ● भाजपा को याद दिलाया चुनावी वादा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार को युवाओं को लैपटॉप देने का उसका चुनावी वादा याद दिलाते हुए शुक्रवार को कहा कि बच्चों को स्कूटी भी मिलनी चाहिए। अपने जन्मदिन पर यूपी बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में शीर्ष 5 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देकर सम्मानित करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि हम सत्ता में नहीं हैं, इसलिए कुछ ही बच्चों को लैपटॉप दिया गया है। लैपटॉप इसलिए दिया गया है ताकि इस सरकार को युवाओं को लैपटॉप देने का उसका चुनावी वादा याद दिलाया जा सके। भाजपा सरकार ने अपने संकल्प पत्रों में लैपटॉप देने व आईटी सेक्टर के लिए जो घोषणा की थी उसे पूरा करें। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में 10वीं के टॉपर प्रिंस पटेल, किरन कुशवाहा, पलक अवस्थी, नैंशी वर्मा, प्रांशी द्विवेदी सभी (कानपुर),आस्था सिंह (प्रयागराज), एकता वर्मा (सीतापुर), अथर्व श्रीवास्तव (मुरादाबाद) और अनिकेत शर्मा (कन्नौज) शामिल थे। इंटरमीडिएट के टॉपर में अंशिका यादव, जिया मिश्रा एवं आंचल यादव (प्रयागराज), बालकृष्ण एवं दिव्यांशी (फ तेहपुर), योगेश प्रताप सिंह एवं अभिमन्यू वर्मा (बाराबंकी) प्रखर पाठक (कानपुर नगर), जतिन राज (मुरादाबाद), स्वाती गोस्वामी (लखनऊ) एवं श्रेया सोनी (सुल्तानपुर) शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त कन्नौज के हाईस्कूल टॉपर अनिकेत शर्मा, स्वप्निलए प्रिया एवं उत्कर्ष पाल और इंटरमीडिएट के टॉपर आस्था, पल्लवी अवस्थी एवं हरवंश को भी लैपटॉप देकर सम्मानित किया।

अखिलेश यादव ने टॉपर छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि आप लोग अपने सपनों को पूरा करेंगे। जीवन में मेहनत करने वाला ही सफल होता है। जिसका रास्ता साफ सुथरा होता है वही आगे बढ़ता है। सपा अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि वह आज केवल बच्चों को बधाई देने और लैपटॉप देने के लिए इस प्रेस कान्फ्रेंस में आए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपना जन्मदिन नहीं मनाते। जो लोग जन्मदिन मनाते हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि उनका एक साल कम हो जाता है।

## कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया अखिलेश का जन्मदिन

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का 49वां जन्मदिन लखनऊ सहित पूरे प्रदेश और अन्य राज्यों में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वत: स्फूर्त ढंग से पूरी धूमधाम व हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया। प्रात: से ही सपा कार्यालय लखनऊ में कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अखिलेश यादव ने अपने प्रति स्नेह प्रदर्शन के लिए सभी का धन्यवाद दिया। अखिलेश यादव के जन्मदिन पर प्रदेश के तमाम जनपदों में अनेक स्थानों पर केक काटा गया। पौधरोपण, मिष्ठान्न वितरण के साथ गरीबों को अन्नदान, भोजन वितरण तथा अस्पतालों में मरीजों को फल बांटे गए। यादव की दीर्घायु के लिए हवन-पूजनए भण्डारा किया गया। सपा कार्यालय में कोने कोने से आए गांवों के किसानों से लेकर प्रोफेसर, सभी बच्चे, वकील, नौजवान, विधायक, पार्टी पदाधिकारी, महिलाएं, व्यापारी, अफसर, संत-महात्मा, पत्रकार, उलेमाओं और मौलानाओं ने भी अखिलेश यादव से मिलकर उन्हें बधाई दी।

## अखिलेश के जन्मदिन के अवसर पर वृक्षारोपण



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर नगर पंचायत महोना के चेयरमैन एन इशरत बेग ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष एन इशरत बेग ने कहा कि आज दलितों, गरीबों, युवाओं एवं अल्पसंख्यकों के मसीहा, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिवस के अवसर पर संकल्प लेते हैं कि हम अपने घरों-खेतों में एक वृक्ष अवश्य लगाएंगे। जन्म दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर 101 वृक्ष लगाए गए। इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी सुहैल अहमद, बूथ अध्यक्ष इरफान खां, सभासद प्रतिनिधि वीरेंद्र, सपा अल्पसंख्यक सभा के सचिव मो कय्यूम खान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सीडीओ ने परसेंडी ब्लाक का किया निरीक्षण, जांचा रजिस्टर

● **प्राइवेट ऑपरेटर से कार्य करवाए जाने को लेकर वीडियो को फटकारा**

संवाददाता। परसेंडी सीतापुर



**विकासखंड परसेंडी** परिसर में आज मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा ने ब्लाक परिसर में समस्त कार्यालयों का निरीक्षण किया। जिसमें कनिष्ठ पटल सहायक दिनेश कुमार चौधरी से आइजीआरएस व अन्य रजिस्टर की मांग की जिसमें आइजीआरएस रजिस्टर उपलब्ध न मिलने पर सीडीओ ने बीडियो को निर्देशित किया की दो दिन में रजिस्टर कंप्लीट करके मुझे अवगत कराएं। एडीओ पंचायत कार्यालय में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर बबली से ई ग्राम स्वराज के बारे में जब सीडीओ ने पूछा तो कंप्यूटर ऑपरेटर के द्वारा बताया गया ई ग्राम स्वराज का कार्य प्राइवेट कर्मचारी मोहित कुमार के द्वारा किया जाता है जिस पर सीडीओ के द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुए वीडियो से ब्लॉक में किसी ऑपरेटर से कार्य करवाने के दिशानिर्देश दिए। इसके उपरांत सी एच सी केंद्र परसेंडी का निरीक्षण किया।जिसमें ओपीडी, औषधि कक्ष, इमरजेंसी, लेबर रूम सहित मरीजों के तीमारदारों से खानपान की जानकारी की वहां पर मौजूद डॉक्टर सुनील शुक्ला को आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर विशेष जोर देकर कहा। इसके उपरांत अस्थाई गौ आश्रय स्थल तालगांव का निरीक्षण किया। जिसमें भूसा खुले में देखकर व टीन सेड की कमी को लेकर सचिव विवेक कुमार को लगाई फटकार और कहा गौशाला में जलभराव की स्थिति ना हो और टीन सेट के नीचे चरही बनवाई जाए। इसके उपरांत राजकीय रेशम फार्म का निरीक्षण किया वहां पर कोई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद नहीं मिले । इसके उपरांत ग्राम पंचायत चांदपुर व जानीपुर में सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवनों का निरीक्षण किया जो कि सभी अधूरे पाए गए। इसके उपरांत ग्राम पंचायत दशेलिया में अमृत सरोवर के तहत चल रहे कार्य को देखा व आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके उपरांत ग्राम पंचायत रिखौना मे बन रहे अमृत वन का निरीक्षण किया जहां पर पौधरोपण के लिए ताजे गड्ढे खुदे हुए देख कर टीए बीरेन्द्र पाण्डेय को कड़ी फटकार लगाई व मौजूद एपीओ सुधांशु कुमार का वेतन रोकने के लिए बीडिओ को निर्देश दिए। वहीं पर प्राथमिक विद्यालय में बच्चो की कम उपस्थित के बारे में शिक्षको से गांव में संपर्क कर उपस्थित बढ़ाने पर जोर देने को कहा बच्चो की उपस्थिति बोर्ड पर पर संख्या गलत होने पर सीडीओ के द्वारा शिक्षको से ध्यान देकर लिखने का निर्देश दिया विद्यालय में बाउंड्री वाल ना होने पर प्रधान से पूछताछ की इस संबंध में प्रधान ने कोई सही जानकारी उपलब्ध नहीं करा पाये ! इसके उपरांत ग्राम पंचायत सोनारी मे बन रहे आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। सीडीओ के निरीक्षण के दौरान डीसी मनरेगा सुशील कुमार, बीडिओ काजल रावत, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कलीम, जे ई आर ई डी ललित कुमार वर्मा, एडीओ आईएसबी ओम प्रकाश वर्मा, सचिव विवेक कुमार, मुमताज अहमद व टीए मौजूद रहे।

## सपा मुखिया अखिलेश यादव का मनाया गया जन्मदिन

संवाददाता। सीतापुर

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के 49वां जन्मदिन सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव के

● **जिला कार्यालय पर एमएलसी ने काटा केक**

नेतृत्व में जिला कार्यालय पर केक काटकर मनाया गया। फिर कार्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संकल्पित होकर बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मनोनीत सदस्य विधान परिषद जासमीर अंसारी का जिला कार्यालय मे प्रथम आगमन पर नेताओं व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक अनिल वर्मा, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, राकेश राठौर, पूर्व मंत्री रामहेत भारती, जयसिंह यादव, मसूद आलम, शब्बीर खाँ, चन्द्रशेखर यादव, सुहैल अहमद, मनोज भारती, अशफाक खाँ, महेंद्र यादव, अंकित त्रिवेदी, बदलूराम निषाद, ओमेन्द्र वर्मा, नादिर प्रधान, मनोज राठौर, डॉ राजेंद्र मौर्य, कौशलेंद्र सिंह, आकाश राजवंशी आदि मौजूद थे।

# स्टेट बैंक के 67वें स्थापना दिवस पर लगा रक्तदान शिविर



● **एडीएम रामभरत तिवारी ने फीता काटकर किया शुभारंभ**

संवाददाता। सीतापुर

**भारतीय स्टेट** बैंक के 67वें स्थापना दिवस पर सीतापुर मुख्य शाखा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन रेडक्रास सीतापुर के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन एडीएम प्रशासन राम भरत तिवारी द्वारा कियागया उन्होंने कहा कि रक्तदान पुनीत कार्य है रक्तदान कर आप दूसरो के जीवन को बचाते है। एस बी आई मुख्य प्रबंधक अनुराग अस्थाना ने बताया कि एस बी आई क्षेत्रीय प्रबन्धक विक्रान्त तिवारी जी की प्रेरणा से रक्तदान षिविर का आयोजन किया गया है इस षिविर में 30 लोगो ने रक्तदान किया। रेडक्रास चेयरमैंन संजीव मेहरोत्रा ने बताया कि रक्त किसी फैक्ट्री में नही बनता है रक्त की पूर्ति रक्तदान करके ही पूरी की जा सकती है। इस अवसर पर रेडक्रास उपसभापति फरहत बेग, सचिव रियाज अहमद रेडक्रास सर्व इन्स्ट्रक्टर जाहिद अली अंसारी, हसनैन साजिद रेडक्रास सदस्य राहुल गुप्ता, मुकुल गुप्ता, आदि लोग मौजूद रहे। ब्लड बैंक टीम में रक्तकोश प्रभारी डा0 पूजा यादव लैब टैक्नीशियन दिवाकर, राजाराम आदि लोगो का योगदान सराहनीय रहा। बैंक प्रबन्धक अनुराग अस्थाना ने सभी स्टाफ एवं ग्राहकों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया और धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एसपी साहब! मछरेहटा पुलिस नहीं दर्ज करती रिपोर्ट

संवाददाता। मछरेहटा सीतापुर

● **पीड़ित बालिका इधर उधर भटकने को मजबूर**



**पूरे देश** में जहां प्रधानमंत्री के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया जा रहा है और बालिकाओं की शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए जहां योगी सरकार कार्य कर रही है वही सीतापुर के थाना मछरेहटा क्षेत्र की पुलिस स्वयं की एंटी रोमियो योजना की धज्जियां उड़ा रही है। यहां एंटी रोमियो के नाम पर चौराहों पर महिला सिपाहियों को खड़ा कर दिया जाता है केवल खाना पूर्ति के लिए वहीं आए दिन मछरेहटा क्षेत्र में छेड़छाड़ की घटनाओं में बाढ़ सी आ रही है। बताते चलें थाना क्षेत्र मछरेहटा के एक गांव की 14 वर्षीय बालिका ने थाने में तहरीर देकर यह आरोप लगाया है कि जब वह अपने खेतों की तरफ शाम लगभग 5 बजे शौच के लिए जा रही थी तभी गांव के निवासी हैं एक लड़के ने उसका पीछा किया और उसके सामने शर्मनाक हरकत की जिससे पीड़िता आहत होकर घर आई और अरोपी के घर उलाहना देने उसके घर गई तो आरोपी के माता-पिता ने उल्टा गाली देना शुरू कर दिया।इससे आहत होकर पीड़िता थाने पर तहरीर लेकर अपनी बहन व मां के साथ थाने पर आई तो थाना प्रभारी राम प्रकाश ने रिपोर्ट लिखने से मना कर दिया यह सारी बात पीड़िता की बड़ी बहन ने बताया इस मामले में जब थाना प्रभारी से जानकारी ली गई तो थाना प्रभारी टालमटोल करते नजर आए बताया कि अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है दोनों पक्ष थाने पर उपस्थित हैं।

# स्थापना दिवस पर मनकामेश्वर मंदिर का हुआ भव्य श्रृंगार

● **भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने छका प्रसाद**

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर



**नगर के** मोहल्ला गन्नी टोला स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर स्थानीय भक्त गणों द्वारा मंदिर के स्थापना दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भगवान शिव का भव्य श्रृंगार पूजन जलाभिषेक आदि के साथ-साथ विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया. जिसमें प्रमुख रुप से लहरपुर के पूर्व विधायक सुनील वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख परमेश्वर भार्गव दिलीप शुक्ला पंकज शुक्ला ,अरुण सिंह आचार्य, गोलू रस्तोगी पंकज रस्तोगी, राजू तिवारी, कैलाश शुक्ला, मनोज कुमार शुक्ला ,नीरज गौड़ प्रमुख रूप से शामिल हुए कार्यक्रम का आयोजन मनकामेश्वर मंदिर समिति के गोपाल शुक्ला आशुतोष तिवारी जुगल शुक्ला मनीष शुक्ला गोविंदा शुक्ला मनोज तिवारी आदि भक्त गणों द्वारा किया गया।

# सात घंटे तक कूड़ेदान में फंसा रहा सांड़, सफाई कर्मियों ने कराया मुक्त



**मैलानी-खीरी।** जहां एक तरफ प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ अवारा किस्म के घूमने वाले लोगों में आवारा गौवध के लिए अस्थाई व स्थाई गौशालाओं के निर्माण कार्य में खर्च कर रहे। इसके बावजूद भी एक घटना नगर मैलानी के बाईपास तिराहे पर देखने को मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रात में चौकीदारों व रात में अपनी दुकानों पर सोने वालों ने बताया कि इस सांड ने शायद भूखे होने के कारण एक प्लास्टिक के कूड़े दान में कुछ खाने के लिए डाला परंतु उसका उसी कूड़े फंस गया तथा नुकीले सींग प्लास्टिक के कूड़ेदान की प्लास्टिक टूटने के बाद उसके सींग इधर-उधर निकल गये। कूड़ेदान का डिब्बा उसके मुह में इस कदर फंस गया जोकि निकल ही नहीं रहा था। सुबह सूचना पाकर नगर पंचाय के सफाई नायक जय प्रकाश व राकेश कुमार सहित काफी मात्रा में सफाई कर्मी पहुंचे तथा कड़ी मशक्कत के बाद प्लास्टिक के कूड़ेदान को आरी से काटकर आवारा सांड़ को फंसे कूड़ेदान से मुक्त कराया तब जाकर सांड़ बाहर निकल सका।

# गुरुद्वारे के पास शव मिलने से मचा हड़कंप

● **तीन दिन से युवक था लापता** ● **नशे का था आदी**

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**कोतवाली क्षेत्र** के अंतर्गत पुलिस चौकी रेहरिया क्षेत्र के अजीत कुमार उम्र लगभग 23 वर्ष निवासी पड़रिया पुलिस चौकी रेहरिया का शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप। वहीं शव की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे रेहरिया पुलिस इंचार्ज पवन प्रताप सिंह ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। मां उर्मिला देवी ने मृतक की पत्नी तथा पत्नी के भाई सहित दो लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी है। समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट नहीं हुई थी दर्ज। प्राप्त जानकारी के अनुसार ही मिली सूत्रों के जानकारी के अनुसार अजीत कुमार का सब वेरिया चौकी के पास एक झाले के समीप मृत अवस्था में मिला। जिसमें लोगों ने पुलिस को सूचना दी। लोगों का कहना है अजीत कुमार नशे का आदी था। अजीत कुमार के एक बेटा व एक बेटी हैं। परिवार में रो-रोकर बुरा हाल है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य रूप से नशे का आदी था। वहीं लोगों का कहना है कि इस अजीत की मौत में परिवार का भी हाथ होने का अदेशा लगाया जा रहा है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। शरीर पर नहीं हैं कोई चोट के निशान।

## चौकीदार की हत्या का खुलासा, दो गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा 7/8 मार्च को गिरिजा दयाल राजेन्द्र बाजपेयी महाविद्यालय में चौकीदार संतराम की हत्या की खुलासा किया गया। पुलिस ने दो हत्यारों राहुल मिश्रा उर्फ गौरव मिश्रा पुत्र स्व. हजारीलाल निवासी थरवनगंज व ललित कश्यप पुत्र नन्हें कश्यप निवासी ग्राम गुटैय्याबाग शिवकालोनी को मनिकापुर तिराहे से बिना नंबर की अपाचे गाड़ी से भागते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अनिल कुमार सैनी, उप निरीक्षक यूटी अनूप कुमार मिश्र, हेड कांस्टेबल विमल रावत, कांस्टेबल विशाल त्यागी व कांस्टेबल अनमोल शामिल रहे।

## शावकों संग दिखा बाघ,मचा हड़कंप



**सिंगाही खीरी।** उत्तर निघासन रेंज के मंझरा के बाद दक्षिण निघासन रेंज के अजयोध्यापुरवा व बगलहा तकिया करदाहिया में बाघ व उसके दो शावक देखे जाने के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। जबकि वन विभाग तेंदुआ होने की संभावना जता रहा। इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया जब सुबह खेतों की तरफ करदाहिया निवासी राजाराम, बलराम, अनिल, हरिओम, कमलेश व मेवालाल को एक बाघ और उसके दो बच्चे खेलते नजर आए। यह नजारा देख उनकी सांसें थम गई। गांव आकर लोगों को जानकारी दी तो लोगों में भी दहशत फैल गई। इस सम्बन्ध में दक्षिण निघासन रेंज के क्षेत्रिय वनाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि पंजों के निशान बाघ के नहीं लेपर्ड के हो सकते हैं। वन विभाग की टीम को एलर्ट कर दिया गया है। गांव वालों को खेत जाते समय सतर्कता बरतने को कहा गया है। गन्ने के खेतों में बने मुर्गी फार्म स्वामियों को मरी मुर्गियों खेत में फेकने की बजाए जमीन में गाड़ने की सलाह दी गई है।

# पेज एक का शेष

## नुपुर शर्मा...

तो सस्ता प्रचार पाने के लिए की गईं अथवा किसी राजनीतिक एजेंडे या घृणित गतिविधि के तहत की गईं। पीठ ने पैगंबर के बारे में टिप्पणी को लेकर विभिन्न राज्यों में दर्ज प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने की शर्मा की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दी। पीठ ने कहा कि नुपुर शर्मा को खतरा है या वह सुरक्षा का खतरा बन गई हैं? जिस तरह उन्होंने देशभर में लोगों की भावनाओं को भड़काया है, देश में जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए केवल यह महिला जिम्मेदार है। हमने बहस देखी है। न्यायालय ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब शर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने पीठ के समक्ष कहा कि उनकी मुवक्किल को जान का खतरा है। पीठ ने आगे कहा कि जिस तरीके से उन्होंने देश की भावानाएं भड़काई हैं, उसी की देन है कि देश में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं। देश में जो कुछ हो रहा है वह केवल इस महिला के कारण हो रहा है। हमने (टेलीविजन की) बहस देखी है।

## केंद्र सरकार...

विरोधी गतिविधि है। गौरतलब है कि राहुल के इस कार्यालय में पिछले सप्ताह स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) कार्यकर्ताओं ने तोड़फोड़ की थी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि इस तरह का माहौल बनाना भारत और उसके लोगों के हितों के खिलाफ है। एक दिन यह त्रासदी साबित होगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी से विभाजनकारी विचाधाराओं के खिलाफ लड़ने के कांग्रेस के संकल्प को बल मिला है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत ने महत्वपूर्ण एवं दूरगामी टिप्पणियां की हैं। वाम दलों ने शीर्ष अदालत की टिप्पणियों को लेकर सरकार पर भी निशाना साधा। भाकपा महासचिव सीताराम एचुरी ने एक ट्वीट में कहा कि हमें उम्मीद है कि शब्दों से परे, अगर उच्चतम न्यायालय के अनुसार, शर्मा नफरत की बढ़ती घटनाओं और हिंसा के हालिया निंदनीय कार्यों की जिम्मेदार हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शाह वादा...

उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य प्रशासन को कांजुरमार्ग के बजाय आरे कॉलोनी में मेट्रो-3 कार शेड बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रस्तावित कार शेड स्थल को आरे कॉलोनी से कांजुरमार्ग में स्थानांतरित कर दिया था, लेकिन यह फैसला कानूनी विवाद में फंस गया था। ठाकरे ने भाजपा से पूछा कि उसने पहले क्यों इनकार किया कि ढाई साल पहले बारी-बारी से मुख्यमंत्री पद लिए जाने के संबंध में कोई समझौता नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा मानती तो सत्ता परिवर्तन शालीनता और गरिमापूर्ण ढंग से होता। उन्होंने यह भी पूछा कि भाजपा को इससे क्या हासिल हुआ जब उसके पास बाकी कार्यकाल के लिए भी अपना मुख्यमंत्री नहीं है। अभी भी तो एक तथाकथित शिवसैनिक को मुख्यमंत्री बनाया गया है। अगर मेरे और अमित शाह के बीच तय हुई बातों के अनुसार सब कुछ होता, तो सत्ता परिवर्तन बेहतर ढंग से होता और मैं मुख्यमंत्री नहीं बनता या महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन नहीं बनता। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे शिवसेना के मुख्यमंत्री नहीं हैं। फडणवीस ने सभी को आश्चर्यचकित करते हुए बृहस्पतिवार शाम घोषणा की थी कि शिंदे राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे।

## शिंदे सरकार...

दो दिवसीय विशेष सत्र शुरू हो रहा है। कांग्रेस के नाना पटोले के पिछले साल फरवरी में इस्तीफा देने के बाद से यह पद खाली था। विधानभवन के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे चार जुलाई को सदन में विश्वास प्रस्ताव पेश करेंगे।

## मुख्यमंत्री शिंदे...

की है। न्यायालय ने 29 जून को एक आदेश पारित किया था, उसके बाद एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ले ली है। हमारे सामने और विधानसभा के समक्ष यह समस्या है कि संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत विलय नहीं है तो मतों की गिनती कैसे होगी? उन्होंने कहा, (शिवसेना के) दोनों गुट व्हिप जारी करने जा रहे हैं। हम सदन की कार्यवाही को कैसे नियंत्रित करेंगे। वह (शिंदे) पार्टी नहीं हैं और यह मुद्दा केवल चुनाव आयोग द्वारा ही निर्णित हो सकता है। पीठ ने कहा कि वह इस मुद्दे को लेकर पूरी तरह सचेत है और 11 जुलाई को इस पर गौर करेगी जब उपसभापति द्वारा जारी अयोग्यता नोटिस के खिलाफ शिवसेना के 16 बागी विधायकों की मुख्य याचिका पर सुनवाई होगी। न्यायालय ने कहा, हम निश्चित रूप से इस मुद्दे पर गौर करेंगे। ऐसा नहीं है कि हम इसके प्रति सचेत नहीं हैं। देखते हैं कि किन प्रक्रियाओं को अपनाया जा रहा है। यदि प्रक्रिया दोषपूर्ण है तो कृपया एक हलफनामा दाखिल करें, हम उस पर भी विचार करेंगे। अवकाशकालीन पीठ ने 27 जून को शिवसेना के 16 बागी विधायकों को भेजे गए अयोग्यता नोटिस का जवाब देने का समय 12 जुलाई तक बढ़ाकर शिंदे गुट को अंतरिम राहत दी थी।

## मोदी ने...

पश्चिमी संरक्षकों द्वारा खतरनाक व उकसावे वाली प्रवृत्ति अपना संकट का बढ़ाने तथा राजनीतिक व कूटनीतिक तौर पर समाधान के प्रयासों को पटरी से उतारने पर ध्यान आकर्षित किया। क्रेमलिन प्रेस सर्विस के हवाले से कहा गया, पुतिन ने कई देशों द्वारा की गई व्यवस्थागत गलतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया, जिसके कारण खाद्य उत्पादों का मुक्त व्यापार बाधित हुआ और उनकी कीमत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। रूस के खिलाफ नाजायज प्रतिबंधों ने पहले से ही मुश्किल स्थिति को और जटिल कर दिया है। इसने यह भी कहा कि पुतिन ने जोर देकर कहा कि रूस भारतीय भागीदारों सहित अनाज, उर्वरक और ऊर्जा का एक विश्वसनीय उत्पादक और आपूर्तिकर्ता रहा है और बना रहेगा। पुतिन के साथ बातचीत के कुछ दिनों पहले मोदी ने यूक्रेन संकट के एक स्पष्ट संदर्भ में उल्लेख किया था कि जी -7 और जर्मनी में इसके शिखर सम्मेलन में आमंत्रित देश वैश्विक तनाव के माहौल के बीच मिल रहे हैं और जोर देकर कहा था कि भारत हमेशा शांति के पक्ष में रहा है।उन्होंने जी-7 शिखर सम्मेलन में अपनी टिप्पणी में कहा था, मौजूदा हालात में भी हमने लगातार बातचीत और कूटनीति के मार्ग का आग्रह किया है। इस भू-राजनीतिक तनाव का असर सिर्फ यूरोप तक ही सीमित नहीं है। ऊर्जा और खाद्यान्न की बढ़ती कीमतें सभी देशों को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि विकासशील देशों की ऊर्जा और सुरक्षा विशेष रूप से जोखिम में है।

## डीआरडीओ के...

मुताबिक, यह एक छोटे टर्बोफैन इंजन द्वारा संचालित होता है। विमान के लिए उपयोग किए जाने वाले एयरफ्रेम, अंडर कैरिज और संपूर्ण उड़ान नियंत्रण तथा वैमानिकी प्रणाली स्वदेशी रूप से विकसित हैं। बयान में कहा गया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर डीआरडीओ को बधाई दी। इसमें सिंह के हवाले से कहा गया कि यह मानवरहित विमानों की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है और इससे महत्वपूर्ण सैन्य प्रणालियों के रूप में आत्मनिर्भर भारत का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

## उत्तर प्रदेश...

कि पोर्टल पर भी चलेगा। प्रथम चरण में इसी जुलाई माह में 'रेडियो जय घोष' का पोर्टल लांच किया जाएगा। फ्रीक्वेंसी एलाट होते ही 'रेडियो जय घोष' अन्य रेडियो चैनल की भांति अपनी पूरी क्षमता के साथ अगस्त माह में पूरे प्रदेश में जबरदस्त धूम मचाने वाला है क्योंकि योगी सरकार के इस 'रेडियो जय घोष' में प्रदेश की संस्कृति, उत्सव, मनोरंजन, गीत-संगीत, कला आदि को समाहित किया जा रहा है। इतनी ही नही, देश भक्ति पर आधारित जनपदवार लघु फिल्म, नाकट का भी निर्माण कर प्रसारण किया जाएगा। इसके लिए संस्कृति विभाग 'रेडियो जय घोष' में बकायदा आरजे नियुक्त करने के साथ ही साथ अच्छा अनुभव रखने वाले स्क्रिप्ट राइटर व प्रोड्यूसर से काम ले रहा है। इस कार्य में लगी टीम के मुताबिक 'रेडियो जय घोष' के लिए अभी तक फिलहाल शौर्य नगर, पराक्रम, राज्य की रसोईं, राज्य की रफ्तार, घुमक्कड़ सरीखे मनमोहक कार्यक्रम तैयार किए जा चुके हैं जो लोगों के लिए मन मोहक के साथ ही काफी ज्ञान वर्धक भी होंगे। इसका कारण है कि 'रेडियो जय घोष' के कार्यक्रम में प्रदेश के प्रत्येक जनपद की संस्कृति, इतिहास तथा वहां के प्रसिद्ध कलाकारों, शूरवीरों की गाथाओं को भी बखूबी शामिल किया गया है। इसके साथ ही 'रेडियो जय घोष' पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। इस सम्बन्ध में निदेशक संस्कृति शिशिर ने कहा कि 'रेडियो जय घोष' प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इसको तैयार करने में तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। 'रेडियो जय घोष' के माध्यम से उत्तर प्रदेश की अनूठी संस्कृति को लोगों तक पहुंचाने का बड़ा कार्य किया जा सकेगा।

# जहां ठाकरे हैं, वहीं शिवसेना : राउत

भाषा। मुंबई

**शिवसेना** के नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा ने शिवसेना से अलग होने वाले विधायकों के गुट के साथ मिलकर महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में नई सरकार का गठन किया है और शिवसेना वहीं है, जहां ठाकरे हैं। राउत ने राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि भाजपा 2019 में अपनी बात पर कायम रहती, जो उसके पास ढाई साल तक मुख्यमंत्री का पद बना रह सकता था और शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस के साथ मिलकर महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार बनाने का प्रयोग नहीं होता। राउत ने सवाल किया कि फडणवीस के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद भाजपा को क्या मिला। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हम उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में अपने दल का विस्तार करने की कोशिश करेंगे। शिवसेना से अलग हुए एक समूह ने भाजपा के साथ मिलकर सरकार का गठन किया है।

राउत से सवाल किया गया था कि क्या शिंदे के नेतृत्व वाली नई सरकार शिवसेना-भाजपा की सरकार है। इसके जवाब में राउत ने यह बयान दिया। उन्होंने जोर दिया कि शिवसेना को विभाजित करने के शिंदे के कदम से पार्टी कमजोर नहीं होगी। राउत ने कहा, शिवसेना वहीं है, जहां ठाकरे हैं। शिंदे ने बयान दिया कि भाजपा के पास बागी समूह से अधिक विधायक होने के बावजूद उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर फडवणीस ने बड़ा दिल दिखाया। इस बयान पर राउत ने कहा कि नवनियुक्त मुख्यमंत्री की बड़े दिल की परिभाषा संभवत: अलग है। राउत ने नई सरकार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिवसेना से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत करने वाले शिंदे और फडणवीस को कृषि, बेरोजगारी संबंधी समस्याओं को मिलकर सुलझाना चाहिए। उन्होंने कहा, ऐसा करते समय, उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रशासन और पुलिस तंत्र बिना किसी पूर्वाग्रह के कार्य करें।



मुंबई में शिव सेना नेता संजय राउत मनी केस के लिए ईडी आफिस से बाहर निकलते हुए।

## मुझे मुख्यमंत्री बनाना फडणवीस का मास्टरस्ट्रोक है: एकनाथ शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि भाजपा के नेता देवेंद्र फडणवीस के मास्टरस्ट्रोक के कारण वह मुख्यमंत्री के पद पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, लोगों को लगा कि भाजपा सत्ता के लिए बेताब है, लेकिन सच में यह देवेंद्र जी का मास्टरस्ट्रोक है। बड़ी संख्या में (विधायकों के) होने के बावजूद किसी अन्य व्यक्ति को सत्ता सौंपने के लिए बड़े दिल की जरूरत होती है। राजभवन में बृहस्पतिवार शाम एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री और फडणवीस के उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद शिंदे ने कहा, उनके फैसले से राज्य और देश के लोगों को बड़े दिल की एक नई मिसाल देखने को मिली। शिंदे ने एक टीवी चैनल से कहा, सबसे ज्यादा संख्या वाली पार्टी मुख्यमंत्री पद पर दावा करती है, लेकिन इस मामले में, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जे पी नड्डा और विशेष रूप से देवेंद्र फडणवीस को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने बड़ा दिल दिखाया और एक शिव सैनिक को यह मौका दिया। शिंदे ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में फडणवीस का पिछला कार्यकाल उनके काम आएगा क्योंकि वह राज्य का नेतृत्व कर चुके हैं। उन्होंने कहा, फडणवीस अपने (पार्टी) वरिष्ठों के निर्देशों के कारण इस मंत्रिमंडल में शामिल हुए। मैं इसके कारण खुश हूं क्योंकि उनका अनुभव राज्य में विकास कार्यों को गति देने में काम आएगा।

## एकनाथ शिंदे और महाराष्ट्र के अन्य बागी विधायकों ने होटल जाने से पहले बिल चुका दिया था: अधिकारी

**गुवाहाटी।** आठ दिनों तक गुवाहाटी के एक पांच सितारा होटल में डेरा डाले रहे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और शिवसेना के बागी विधायकों ने बुधवार को निकलने से पहले अपना बिल चुका दिया था। होटल के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। होटल के अधिकारियों ने यद्यपि कुल बिल के बारे में चुप्पी साध रखी है जालूकबाड़ी के निकट गोटानगर में रेडिसन ब्लू होटल में इन विधायकों के ठहरने के मद में 68-70 लाख रूपए का भुगतान किया गया। होटल के विभिन्न तलों पर कुल 70 कमरे महाराष्ट्र के विधायकों एवं उनके सहयोगियों के लिए बुक किए गए थे। होटल ने 22 से 29 जून के बीच उनके ठहरने के दौरान अपने रेस्तरां, बैंक्वेट एवं अन्य सुविधाओं को बंद कर रखा था। होटल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा, महाराष्ट्र के विधायक सामान्य अतिथि की तरह ठहरे। उन्होंने जाने से पहले बिल चुका दिया। कोई भी पैसा लंबित नहीं है। अधिकारी ने हालांकि यह नहीं बताया कि यह बिल कितनी राशि का था लेकिन यह जरूर कहा कि विधायक सुपीरियर एवं डीलक्स श्रेणी के कमरों में ठहरे। रेडिसन ब्लू की वेबसाइट के अनुसार गुवाहाटी में उसके होटल में विभिन्न श्रेणियों के कमरों का शुल्क स्थिर नहीं है और लगभग प्रतिदिन बदलता है। सुपीरियर कमरों का किराया 7,500 रूपए एवं डीलक्स कमरों का किराया 8,500 रूपए हैं। रियायतों एवं करों के बाद कुल रकम करीब 68 लाख बैठती है।

## महाराष्ट्र : राकांपा नेता मुंडे ने उप मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाकात की

**मुंबई।** राकांपा नेता धनंजय मुंडे ने महाराष्ट्र के नवनियुक्त उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके शपथ लेने के कुछ घंटे बाद ही मुलाकात की है। यह जानकारी शुक्रवार को मुंडे के एक करीबी ने दी। उन्होंने दावा किया कि यह मुलाकात बृहस्पतिवार देर रात फडणवीस के आवास पर हुई। इससे पहले शिवसेना के बागी विधायक एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी जबकि भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस बतौर उपमुख्यमंत्री सरकार में शामिल हुए। शिवसेना- राकांपा-कांग्रेस की पूर्ववर्ती महा विकास आघाडी सरकार में मुंडे सामाजिक न्याय मंत्री थे। वह पहले भाजपा में ही थे, लेकिन बाद में अपने चाचा एवं दिवंगत नेता गोपीनाथ मुंडे के साथ मनमुटाव के चलते वह अलग हो गए थे। मुंडे को फडणवीस के साथ अच्छे संबंधों के लिए जाना जाता है। उन्हें राकांपा नेता अजित पवार का भी करीबी माना जाता है।

## महाराष्ट्र में सत्ता में पुनः आने पर जश्न के कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस यहां भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय पर शुक्रवार को आयोजित जश्न में मौजूद नहीं थे। उद्धव ठाकरे नीत एमवीए सरकार के गिरने के बाद महाराष्ट्र में सत्ता में वापस आने का जश्न मनाने के उद्देश्य से दक्षिण मुंबई में स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें फडणवीस मौजूद नहीं थे। उन्होंने बृहस्पतिवार को घोषणा की थी कि वह एकनाथ शिंदे नीत सरकार का हिस्सा नहीं होंगे, परंतु बाद में उन्होंने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। फडणवीस के एक करीबी ने बताया कि वह तीन जुलाई को आयोजित होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र से पहले अपने आवास पर बैठक करने में व्यस्त थे।



गांधीनगर में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 750 बिस्तर वाले अस्पताल का शिलान्यास करते हुए।

## भाजपा काम के प्रति ईमानदारी व दृढ़ निश्चिय को स्वीकार करती है: माणिक साहा

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा है कि भाजपा काम के प्रति ईमानदारी, सत्यनिष्ठता और दृढ़ निश्चिय को स्वीकार करती है। सिपाहीजाला जिले के नेलचार में पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि वह अपने प्रदर्शन की वजह से राज्यसभा के सदस्य बने। मैंने त्रिपुरा में बूथ प्रबंधन और सदस्यता के प्रभारी के रूप में पार्टी सदस्यों की संख्या दोगुनी कर दी थी। अगर आप समर्पित भाव से पार्टी के लिए काम करते हैं तो आपको निश्चित रूप से सबकुछ मिलेगा। 69 वर्षीय दंत चिकित्सक फिलहाल राज्यसभा के सदस्य हैं और वह प्रदेश भाजपा प्रमुख हैं। उपचुनाव में विधायक चुने गए हैं। उन्होंने अभी विधायक पद की शपथ नहीं ली है। इससे पहले वह त्रिपुरा क्रिकेट एसो. (टीसीए) के प्रमुख रह चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने इतने सारे पद संभाले हैं कि उनका नाम रिकॉर्ड बुक में शामिल किया जाना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री चौहान ने उद्धव सरकार के पतन को लेकर कांग्रेस नेता कमलनाथ पर कटाक्ष किया

**जबलपुर।** मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए गठबंधन सरकार गिरने को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर कटाक्ष करते हुए कहा, हम तो डूबे सनम, तुमको भी ले डुबेंगे। शिवसेना के भीतर विद्रोह के बाद एमवीए सरकार को बचाने के मिशन पर कांग्रेस ने कमलनाथ को पिछले दिनों महाराष्ट्र भेजा था। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार आखिरकार बुधवार को पतन हो गया। इसी तरह कांग्रेस के 22 विधायकों के मार्च 2020 में पार्टी छोड़ने से कमलनाथ के नेतृत्व वाली सरकार मप्र में भी गिर गई थी। चौहान ने पत्रकारों से बात करते हुए इस संदर्भ में कमलनाथ पर कटाक्ष करते हुए कहा, हम तो डूबे हैं सनम, तुमको भी ले डुबेंगे और वो ही किया, बेचारे उद्धव भी चले गए। चौहान ने आगे कहा, अब कांग्रेस भी अजब-गजब है, जो अपनी सरकार (कमलनाथ के नेतृत्व वाली मप्र सरकार) नहीं बचा पाए उनको महाराष्ट्र की सरकार बचाने भेजा। कांग्रेस में केवल एक नाथ हैं, बाकी सब अनाथ हैं।

### श्रीनगर में लश्कर के दो आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जिले में आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर पुलिस ने बृहस्पतिवार को विशेष नाकेबंदी की थी। अधिकारी ने बताया कि सनत नगर चौक-रंगरेथ रोड क्षेत्र में ऐसे ही एक नाके पर जांच के दौरान सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया, उसके पास से एक पिस्तौल और कुछ गोलियां भी बरामद हुई हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादी से मिली जानकारी के आधार पर शहर के पंपोर इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया गया, जिसमें एक और आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से तीन पिस्तौल और अन्य गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि एक मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि गिरफ्तार आतंकवादी श्रीनगर जिले में आतंकवादियों, हथियारोंविस्फोटक सामग्री को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने और लश्कर के आतंकवादियों को समान मुहैया कराने में सहायता प्रदान करते रहे हैं।

### पटना मे अदालत परिसर में देसी बम फटा, पुलिस अधिकारी जख्मी

**पटना।** पटना में भीड़-भाड़ वाले दीवानी अदालत परिसर में शुक्रवार को एक देसी बम में विस्फोट हुआ। विस्फोट में एक पुलिस अधिकारी जख्मी हो गया। यह अधिकारी जांच के उद्देश्य से विस्फोटक को अदालत लेकर आया था। पीरबहोर थाने के प्रभारी सबी उल हक ने बताया कि उपनिरीक्षक की बांह में चोट आई है और वह खतरे से बाहर है। घटनास्थल इसी थाना क्षेत्र में आता है। थानेदार ने बताया, जख्मी उपनिरीक्षक उमाकांत राय कदम कुआं थाने में तैनात हैं। उनके क्षेत्र में हाल में कुछ देसी बम जब्त किए गए थे और वे उन्हें सामान्य जांच प्रक्रिया के तहत अदालत लेकर लाए थे। राय ने एक डिब्बे में बम रखे हुए थे जो उन्होंने सहायक अभियोजन अधिकारी के समक्ष रखे तभी उसमें विस्फोट हो गया।

### डी.के. शिवकुमार ने नकदी छिपाने के लिए सहयोगियों के साथ आपराधिक साजिश रची : प्रवर्तन निदेशालय

**नई दिल्ली।** ईडी ने धन शोधन रोकथाम कानून के तहत कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के प्रमुख डी. के. शिवकुमार के खिलाफ दाखिल हालिया आरोप पत्र में कहा है कि 2017 में उनसे संबद्ध परिसर में आयकर विभाग के छापे में जब्त किए गए करोड़ों बेहिसाबी नकदी के स्रोत को छिपाने के लिए उन्होंने अपने चार सहयोगियों के साथ एक बखूबी सोची-समझी साजिश रची थी। करीब 60 पृष्ठों का आरोप पत्र 24 मई को एक विशेष पीएमएलए (धन शोधन रोकथाम अधि.) अदालत में दाखिल किया। मामला अगस्त 2017 से संबद्ध है जब आयकर विभाग ने शिवकुमार और उनके कथित कारोबारी सहयोगी एवं शराब व्यापारी सचिन नारायण (45), अन्य सहयोगी सुनील कुमार शर्मा (46), जो लग्जरी बसों का बेड़ा संचालित करते हैं।

## मणिपुर भूस्खलन : 17 शव बरामद, बचाव अभियान जारी

**नई दिल्ली।** एनडीआरएफ ने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर के नोनी जिले में एक रेलवे निर्माण स्थल पर हुई भूस्खलन की घटना के बाद अब तक 17 शव बरामद किए गए हैं। साथ ही कहा कि मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। भूस्खलन टुपुल यार्ड रेलवे निर्माण शिविर में बुधवार रात को हुआ था। एनडीआरएफ के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनआरडीएफ) के तीन दल के अलावा सेना, असम राइफल्स, प्रादेशिक सेना और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) द्वारा खोज एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है। प्रवक्ता ने शुक्रवार अपराह्न 3:30 बजे तक की अद्यतन जानकारी के हवाले से कहा, संयुक्त अभियान के दौरान घटनास्थल से अब तक 17 शव बरामद किए गए हैं। मलबे में और भी लोगों के दबे होने की आशंका है। बचाव एवं तलाशी अभियान जारी है।

## हिमंत बिस्व सरमा ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दर्ज करवाया

भाषा। गुवाहाटी

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पीपीई किट्स की खरीद में भ्रष्टाचार के लगाए गए आरोपों को लेकर दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दर्ज करवाया है। सरमा के वकील देवोजीत सैकिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरमा ने खुद पर लगे इन आरोपों को निराधार बताते हुए सिसोदिया के खिलाफ यह मुकदमा दर्ज करवाया है।

सिसोदिया ने सरमा पर कोविड-19 महामारी की पहली लहर के दौरान असम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों को बाजार से अधिक कीमतों पर पीपीई किट्स की आपूर्ति करने का आरोप लगाया था। सिसोदिया के खिलाफ यह मुकदमा कामरूप ग्रामीण जिले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में बृहस्पतिवार को दर्ज किया गया। मामले को शिकायतकर्ता का प्रारंभिक बयान दर्ज करने के लिए 22 जुलाई को सूचीबद्ध किया गया है।

सरमा पर आरोप है कि उनकी पत्नी रिंकी भुइयां सरमा के स्वामित्व वाली कंपनी जेसीबी इंडस्ट्रीज ने कोविड-19 महामारी की पहली लहर के दौरान असम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों को बाजार से अधिक कीमत पर पीपीई किट्स की आपूर्ति करवाई की थी।

सरमा के वकील देवोजीत सैकिया ने कहा, मनीष सिसोदिया ने चार जून को नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान उनके मुवक्किल हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। उन्होंने विशेष रूप से दावा किया था कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने सरमा की पत्नी के सह-स्वामित्व वाली कंपनी से अधिक कीमत पर पीपीई किट की खरीद की थी। यह खरीद 2020 में कोविड-19 महामारी की पहली लहर के दौरान की गई थी। उस समय सरमा असम के स्वास्थ्य मंत्री थे।

सैकिया ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा, सरमा ने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों से व्यथित होने और बाद में मामले पर कोई स्पष्टीकरण नहीं मिलने पर आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज करने का फैसला किया है। उन्होंने दावा किया कि जेसीबी इंडस्ट्रीज ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को ए पीपीई किट दान में दिए थे।

## धनखड़ ने रबींद्र भारती विवि के कुलपति की नियुक्ति कर नया विवाद खड़ा किया

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने रबींद्र भारती विश्वविद्यालय (आरबीयू) के अगले कुलपति को नामित कर एक और विवाद को जन्म दे दिया है। जबकि राज्य द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के तौर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नामित करने संबंधी विधेयक उनकी मंजूरी का इंतजार कर रहा है।

राज्यपाल मौजूदा समय में राज्य द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों के पदेन कुलाधिपति हैं और आरबीयू के मौजूदा कुलपति सब्यसाची बासु रॉय चौधरी का कार्यकाल जल्द ही खत्म होने वाला है। धनखड़ ने आरबीयू के नृत्य विभाग में प्रोफेसर महुआ मुखर्जी को अगले कुलपति के तौर पर नियुक्त किया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया कि उन्होंने रबींद्र भारती कानून, 1981 की धारा 9(1)(बी) के तहत अगले कुलपति के तौर पर मुखर्ती को नियुक्त किया है। राज्यपाल ने पद के लिए सरकार की खोज समिति की सिफारिश भी संलग्न की और कहा कि वह मुखर्जी का चयन कर रहे हैं, जिनका नाम सूची में शीर्ष पर है। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रदेश प्रवक्ता कुनाल घोष ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, राज्यपाल ने एक बार फिर साबित किया कि वह लोकतांत्रिक सिद्धांतों और संघवाद में यकीन नहीं रखते हैं।

घोष ने कहा, राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति पद पर मुख्यमंत्री को नियुक्त करने के लिए पश्चिम बंगाल विधानसभा से पारित विधेयक को उनकी मंजूरी का इंतजार है, जबकि माननीय राज्यपाल ने आरबीयू के कुलपति के तौर पर एक नाम की घोषणा कर दी है। उन्होंने इस घोषणा से पहले शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को विश्वास में लेना भी जरूरी नहीं समझा।

## राहुल वायनाड में क्षतिग्रस्त कार्यालय पहुंचे हमले को गैर जिम्मेदाराना हरकत बताया

भाषा। वायनाड (केरल)

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी** ने अपने कार्यालय पर हमला करने वाले एसएफआई कार्यकर्ताओं को बच्चा करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि उनके मन में इन लोगों के प्रति कोई क्रोध या शत्रुता नहीं है तथा हिंसा से कभी समस्याओं का समाधान नहीं होता। यहां अपने निर्वाचन क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे पर आए गांधी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ कार्यालय पहुंचे तथा नुकसान का जायजा लिया।

वायनाड से सांसद गांधी ने उन पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की जो इस हमले में घायल हो गए थे। उन्होंने क्षतिग्रस्त चीजों का निरीक्षण किया तथा हमलावरों द्वारा रखे गए केले के पौधे को हटाकर वह कार्यालय की कुर्सी पर भी बैठे। यहां अपने सांसद कार्यालय पर हमले के बाद यह पहली बार है जब गांधी अपने लोकसभा क्षेत्र में पहुंचे हैं। केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की छात्र शाखा स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने बफर जोन के मुद्दे पर पिछले शुक्रवार को गांधी के वायनाड कार्यालय पर हमला किया था।

गांधी ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि यह वायनाड के लोगों का कार्यालय है तथा वामपंथी छात्र कार्यकर्ताओं द्वारा जो कुछ किया गया, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हिंसा से कभी भी समस्याओं का समाधान नहीं होता और उनके मन में उनके (तोड़फोड़ करने वालों के) प्रति कोई क्रोध या शत्रुता नहीं है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, देश में आप सर्वत्र जो विचार देखते हैं वह यह है कि हिंसा से समस्याएं हल हो जाएंगी। लेकिन हिंसा कभी समस्याओं का हल नहीं करती है... ऐसा करना अच्छी बात नहीं है...उन्होंने गैर-जिम्मेदाराना ढंग से काम किया। लेकिन मेरे मन में उनके प्रति कोई गुस्सा या शत्रुता का भाव नहीं है।

## सुरक्षा कारणों से साढ़े तीन बजे के बाद अमरनाथ तीर्थयात्रियों के कश्मीर जाने पर पाबंदी

**बनिहाल/जम्मू।** तीर्थयात्रियों और पर्यटकों पर सुरक्षा कारणों से, अपराह्न साढ़े तीन बजे के बाद, रामबन जिले के बनिहाल इलाके से कश्मीर की ओर जाने पर पाबंदी लगा दी गई है। पर्यटकों की आड़ में गैर पंजीकृत अमरनाथ तीर्थयात्री यात्रा कर रहे हैं जिसके चलते सुरक्षा संबंधी समस्याएं खड़ी हो सकती हैं इसलिए यह कदम उठाया गया है। रामबन की पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा ने कहा, बिना आरएफआईडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान) के यात्रा कर रहे गैर पंजीकृत तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की आड़ में यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को अपराह्न साढ़े तीन बजे के बाद नवयुग सुरंग (बनिहाल क्षेत्र) से कश्मीर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सुरक्षा कारणों से अमरनाथ यात्रियों और पर्यटकों के वाहनों को चंद्रकोट पर अपराह्न डेढ़ बजे के बाद कश्मीर की ओर नहीं जाने दिया जाएगा और साढ़े तीन बजे के बाद उन्हें बनिहाल सुरंग से जाने की अनुमति नहीं होगी।

## महाराष्ट्र के घटनाक्रम के बाद मुर्मू के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बेहतर मौके हैं : ममता



भाषा। कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राष्ट्रपति पद की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू को चुनाव मैदान में उतारने से पहले विपक्ष के साथ चर्चा की होती तो विपक्षी दल उनका समर्थन करने पर विचार कर सकते थे। उन्होंने कहा कि मुर्मू के पास 18 जुलाई होने वाले राष्ट्रपति चुनाव जीतने की बेहतर संभावना है क्योंकि महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन के बाद राजग की स्थिति मजबूत हुई है। बनर्जी ने जोर देकर कहा, एक आम सहमति वाला उम्मीदवार हमेशा देश के लिए बेहतर होता है। बनर्जी ने यहां एक रथ यात्रा कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, भाजपा की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के पास महाराष्ट्र के घटनाक्रम के कारण (राष्ट्रपति चुनाव जीतने की) बेहतर संभावनाएं हैं। अगर भाजपा ने मुर्मू के नाम की घोषणा करने से पहले हमारा सुझाव मांगा होता, तो हम भी व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए इस पर विचार कर सकते थे। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने कहा कि वह विपक्षी दलों के निर्णय के अनुसार चलेंगी। कांग्रेस और तृणमूल सहित गैर-भाजपा दलों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा को राष्ट्रपति चुनाव के लिए संयुक्त उम्मीदवार के रूप में नामित किया है।

### राष्ट्रपति चुनाव में मुर्मू का समर्थन करेगा भाजपा का पूर्व सहयोगी शिरोमणि अकाली दल

**चंडीगढ़।** भाजपा के पूर्व सहयोगी शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने शुक्रवार को कहा कि वह राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने मुर्मू के समर्थन के लिए शिअद के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल से संपर्क किया था, जिसके एक दिन बाद पार्टी ने यह फैसला किया। शिअद ने कृषि कानूनों को लेकर भाजपा से नाता तोड़ लिया था, जिन्हें वापस लिया जा चुका है। बादल ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, हमने सर्वसम्मति से राष्ट्रपति पद के लिए द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने का फैसला किया है। कृषि कानूनों और सिख कैदियों की रिहाई के मुद्दों का हवाला देते हुए बादल ने कहा कि उनकी पार्टी के भाजपा के साथ कई मतभेद हैं, लेकिन शिअद ने हमेशा समाज के गरीब व कमजोर वर्ग के लिए काम किया है। उन्होंने कहा, यह मुद्दा एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली महिला का है और उन्हें राष्ट्रपति बनने का मौका मिल रहा है। बादल ने कहा, अपने राजनीतिक मतभेदों को अलग रखते हुए, हमने सही रास्ता चुनने का फैसला किया है। शिअद का इतिहास बताता है कि उसने हमेशा गरीबों, अल्पसंख्यकों और कमजोर वर्ग के लिए लड़ाई लड़ी।

### राष्ट्रपति चुनावः चंडीगढ़ पहुंची मुर्मू, भाजपा व जजपा विधायकों से की मुलाकात

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को यहां पहुंचीं और हरियाणा के भाजपा-जजपा विधायकों तथा सांसदों से मुलाकात की। वह 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार अभियान के सिलसिले में यहां आई हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष ओ.पी. धनखड़ और भाजपा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने यहां हरियाणा भवन में मुर्मू का स्वागत किया। अधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, अर्जुन राम मेघवाल, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, राज्य के कैबिनेट मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व जननायक जनता पार्टी (जजपा) के विधायक मौजूद थे। इस मौके पर चंडीगढ़ की सांसद किरण खेर भी मौजूद थीं। अठारह जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद ओडिशा की आदिवासी नेता मुर्मू और उनके प्रतिद्वंद्वी यशवंत सिन्हा के रूप में दो उम्मीदवार बचे हैं। राजग के सभी घटक दलों के अलावा, शिरोमणि अकाली दल, वाईएसआर कांग्रेस, बीजू जनता दल और बहुजन समाज पार्टी ने भी मुर्मू को समर्थन देने की बात कही है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 2 जुलाई 2022



# ओदेसा में रूस के मिसाइल हमले में 19 लोगों की मौत

एपी। कीव



**यूक्रेन** के बंदरगाह शहर ओदेसा के समीप एक तटीय शहर में शुक्रवार तड़के रिहायशी इमारतों पर रूस के मिसाइल हमलों में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब रूसी सेना काला सागर के एक प्रमुख द्वीप स्नेक आइलैंड से बृहस्पतिवार को पीछे हट गई। हमले के वीडियो में ओदेसा के दक्षिण पश्चिम में करीब 50 किलोमीटर दूर स्थित छोटे से शहर सेरहिव्का में इमारतों का मलबा देखा गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि रूस बमवर्षक विमानों द्वारा छोड़ी गई तीन एक्स-22 मिसाइल एक इमारत और दो शिविरों पर गिरी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ आंद्रे यरमाक ने कहा, एक आतंकवादी देश हमारे लोगों की हत्या कर रहा है। युद्ध क्षेत्र में हार के जवाब में वे नागरिकों से लड़ रहे हैं। यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने कहा कि दो बच्चों समेत 19 लोगों की मौत हो गई है। छह बच्चों और एक गर्भवती महिला समेत 38 अन्य लोग अस्पताल में भर्ती हैं। ज्यादातर पीड़ित रिहायशी इमारत के रहने वाले हैं। हमले से एक दिन पहले रूसी सेना स्नेक आइलैंड से पीछे हट गई, जिससे यूक्रेन के अहम बंदरगाह शहर ओदेसा पर खतरा कम हो गया है। हालांकि, रूसी सैनिक पूर्वी लुहान्स्क प्रांत को घेरने की कोशिशों में जुटे हैं। क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) ने स्नेक आइलैंड से सेना की वापसी को सद्भावना संकेत करार दिया। वहीं, यूक्रेन की सेना ने कहा कि यूक्रेन के तोपखाने और मिसाइल हमलों के बाद रूसी दो स्पीडबोट में द्वीप से भाग गए। सैनिकों की सटीक संख्या का खुलासा नहीं किया गया है। पूर्वी यूक्रेन में रूसी सैनिक लुहांस्क में यूक्रेनी सेना के प्रतिरोध के आखिरी गढ़ लुहांस्क को घेरने की कोशिशों में जुटे हैं, जो डोनबास क्षेत्र के तहत आने वाले दो प्रांतों में से एक है। लुहांस्क के गवर्नर सेरही हेदई ने कहा कि रूस लिसिचांस्क शहर को घेरने की कोशिश कर रहा है और शहर की एक पुरानी तेल रिफाइनरी पर कब्जा करने के लिए लड़ रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में भीषण बमबारी हो रही है। हालांकि, रूस के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव ने शुक्रवार को कहा कि रूस और लुहांस्क अलगाववादी बलों ने रिफाइनरी के साथ ही लिसिचांस्क में एक खदान और एक जिलेटिन फैक्टरी पर पिछले तीन दिनों में कब्जा कर लिया है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि पिछले 24 घंटे में रूस के कई हमलों में पूर्वी यूक्रेन में भी नागरिक मारे गए हैं।

## सूडान में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में आठ लोगों मौत

**काहिरा।** सूडान में तख्तापलट के विरोध में किए जा रहे प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षा बलों की कार्वाई में आठ लोगों की गोलियां लगने से मौत हो गई। देश के एक चिकित्सा समूह ने यह जानकारी दी। सूडान में हजारों लोगों ने देश के सैन्य शासकों की निंदा करने और सत्ता असैन्य नागरिकों को तत्काल सौंपे जाने की मांग करते हुए प्रदर्शन रैलियां निकालीं। सूडान के चिकित्सकों की एक समिति ने ट्वीट कर बताया कि सूडान की राजधानी खार्तूम के शहर ओमडुरमैन में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस द्वारा गोलियां चलाए जाने से छह लोगों की मौत हो गई। समिति ने बताया कि खार्तूम में नील नदी के पार गोली लगने से एक अन्य व्यक्ति और एक बच्चे की मौत हो गई। हताहतों की संख्या पर नजर रखने वाले इस समूह ने बताया कि आठों मृतकों में से किसी की भी तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। खार्तूम में शहर के बीचों-बीच सैन्य सत्ता के केंद्र रिपब्लिकन पैलेस तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हजारों प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

# डॉयचे वेले और वॉयस ऑफ अमेरिका की सेवा पर पाबंदी

● तुर्की में मीडिया पर नजर रखने वाले निकाय ने किया प्रतिबंधित

एपी। इस्तांबुल

**तुर्की** में मीडिया पर नजर रखने वाले निकाय (मीडिया वॉचडॉग) ने अमेरिका के सार्वजनिक सेवा प्रसारक वॉयस ऑफ अमेरिका और जर्मन प्रसारक डॉयचे वेले की तुर्की भाषा में सेवाओं पर अपने यहां प्रतिबंध लगा दिया है, हालांकि इस पाबंदी की आलोचना हो रही है। रेडियो और टेलीविजन के शीर्ष निकाय ने एक फरवरी के फैसले को लागू किया जिसमें अंतरराष्ट्रीय मीडिया के लिए तुर्की में ऑनलाइन टेलीविजन सामग्री प्रसारित करने से पहले प्रसारण लाइसेंस के लिए आवेदन करने को जरूरी बनाया गया है। अंकारा की एक अदालत ने बृहस्पतिवार देर रात सरकारी संस्था डॉयचे वेले और वॉयस ऑफ अमेरिका की वेबसाइटों तक पहुंच को बाधित करने का फैसला सुनाया। शुक्रवार को एक बयान में डॉयचे वेले ने कहा कि उसने लाइसेंस की जरूरत का पालन नहीं किया, क्योंकि यह तुर्की सरकार को संपादकीय सामग्री पर प्रतिबंध लगाने की अनुमति देता। महानिदेशक पीटर लिम्बर्ग ने कहा , तुर्की में रेडियो एवं टेलीविजन शीर्ष निकाय (आरटीयूके) किसी सामाग्री को अनुचित घोषित करता है, तो लाइसेंस प्राप्त मीडिया के लिए उस ऑनलाइन सामग्री को हटाना आवश्यक है। लेकिन यह एक स्वतंत्र प्रसारक के लिए अस्वीकार्य है। डॉयचे वेले सेवा पर पाबंदी के खिलाफ कानूनी कार्वाई करेगा। तुर्की के मुख्य विपक्षी दल रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी के आरटीयूके सदस्य इल्हान तासी ने दोनों विदेशी प्रसारकों की सेवा बाधित करने के कदम का विरोध किया।

## फलस्तीनी हिरासत में लिए गए आलोचकों को देता है यातना: एचआरडब्ल्यू

**तेल अवीव (इजरायल)।** एक अंतरराष्ट्रीय अधिकारवादी संगठन ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिमी तट एवं गाजा पट्टी में फलस्तीन प्रशासन हिरासत में लिए गए आलोचकों को व्यवस्थित ढंग से यातना देते हैं , जो मानवता के विरूद्ध अपराध जैसा है। ह्यूमन राइट्स वाच (एचआरडब्ल्यू) ने अपनी रिपोर्ट में यह कहते हुए दानकर्ता देशों से फलस्तीन सुरक्षाबलों के लिए वित्तपोषण रोक देने का आह्वान किया कि वे ही ऐसे अपराध करते हैं। उसने अंतराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से इन अपराधों की जांच करने की अपील भी की है। इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि आलोचकों एवं विरोधियों को डराने-धमकाने एवं उनका कबूलनामा लेने के लिए सुरक्षाबल एकांत जगह में उन्हें डाल देते हैं, उनके साथ मार-पीट करते हैं, उनके पैरों पर कोड़े मारते हैं, लंबे समय तक ऊपर की तरफ उनके हाथों को बांधकर उन्हें खड़ा कर देते हैं।

# अमेरिका में राज्यों के चुनावी अधिकारों से जुड़े मामले पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

● याचिका में की गई मांगों को मिलती है कोर्ट की मंजूरी तो अमेरिका के चुनाव प्रक्रिया और तरीकों में होंगे कई अहम बदलाव

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** का उच्चतम न्यायालय एक ऐसे मामले की सुनवाई के लिए सहमत हो गया है, जो देश में कांग्रेस (संसद)और राष्ट्रपति पद की चुनावी प्रक्रिया और तरीकों को नाटकीय रूप से बदल सकता है।

यदि संबंधित याचिका में की गई मांग को उच्चतम न्यायालय अपनी मंजूरी देता है तो इसके तहत राज्यों की विधायिका को चुनाव संबंधी अधिक शक्तियां प्रदान की जाएंगी और इसके अलावा विभिन्न राज्यों की अदालतों को चुनावी प्रक्रियाओं और परिणामों की समीक्षा करने से वर्जित कर दिया जाएगा।

अमेरिका की शीर्ष अदालत ने बृहस्पतिवार को इस मामले की सुनवाई को अपनी मंजूरी प्रदान की। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश इस बात पर विचार करेंगे कि क्या राज्यों की अदालतें, अपने प्रांत के संविधान का उल्लंघन साबित होने पर संघीय चुनावों और 10 साल में एक बार कांग्रेस जिलों (निर्वाचन क्षेत्रों) के होने वाले परिसीमन में बदलाव का आदेश दे सकती हैं।

## नेवार्क में गोलीबारी में नौ लोग घायल

**नेवार्क (अमेरिका)।** अमेरिका में न्यू जर्सी के नेवार्क में किराने की एक दुकान के बाहर बृहस्पतिवार शाम गोलीबारी हुई, जिसमें एक किशोर समेत नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों की जान को कोई खतरा नहीं है, उनके जीवित बचने की उम्मीद है। नेवार्क के कार्यवाहक जन सुरक्षा निदेशक राउल मालावे ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस, गोलीबारी के लिए संदिग्ध रूप से इस्तेमाल किए गए वाहन की तलाश कर रही है। मालावे ने बताया कि किशोर (17) समेत पांच घायल स्वयं अस्पताल पहुंचे, जबकि चार अन्य को आपातकर्मी अस्पताल लेकर आए। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोलीबारी में कितने लोग शामिल थे या गोलीबारी क्यों की गई।

## प्राउड ब्वॉयज को आतंकवादी संगठन घोषित किया न्यूजीलैंड ने

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड सरकार ने घोषणा की है कि अमेरिका के घोर दक्षिणपंथी समूह प्राउड ब्वॉयज और द बेस आतंकवादी संगठन हैं। ए दो समूह इस्लामिक स्टेट समेत उन 18 समूहों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्हें आधिकारिक रूप से आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। इसके साथ ही अब न्यूजीलैंड में इन्हें वित्त पोषण देना, इस समूहों में शामिल होना या इनसे जुड़ना गैरकानूनी हो गया है और प्राधिकारी ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्वाई करेंगे। हालांकि, अमेरिकी समूह न्यूजीलैंड में इतने सक्रिय नहीं माने जाते है लेकिन दक्षिण प्रशांत देश 2019 में क्राइस्टचर्च की दो मस्जिदों में एक श्वेत वर्चस्ववादी द्वारा 51 मुसलमानों की हत्या के बाद से घोर दक्षिणपंथ से खतरों को लेकर ज्यादा सतर्क है। अमेरिका में विदेश मंत्रालय केवल विदेशी समूहों को आतंकवादी संगठन घोषित करता है, लेकिन प्राउड ब्वॉयज को पिछले साल कनाडा में आतंकवादी समूह घोषित किया गया जबकि द बेस को ब्रिटेन, कनाडा तथा ऑस्ट्रेलिया में आतंकवादी समूह घोषित किया जा चुका है।

# धार्मिक स्वतंत्रता मामलों के अमेरिकी दूत ने भारत में धार्मिक समुदायों के साथ व्यवहार पर चिंता जताई

भाषा। वाशिंगटन

**अंतरराष्ट्रीय** धार्मिक स्वतंत्रता मामलों के अमेरिकी दूत रशद हुसैन ने भारत में कई धार्मिक समुदायों के साथ होने वाले व्यवहार को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि चुनौतियों से निपटने के लिए अमेरिका सीधे भारतीय अधिकारियों के संपर्क में है। वाशिंगटन में बृहस्पतिवार को आयोजित अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता (आईआरएफ) शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए हुसैन ने कहा कि उनके पिता 1969 में भारत से अमेरिका आए थे। इस देश ने हमें सब कुछ दिया लेकिन मैं भारत से प्रेम करता हूं और वहां रोजाना जो होता है, उस पर नजर रखता हूं। मेरे माता-पिता और हमारे बीच इसके बारे में चर्चा होती है। आपमें से कई लोग भारत में क्या हो रहा है, इसका भी ध्यान रखते हैं और इस देश को प्यार करते हैं तथा चाहते हैं कि वह अपने मूल्यों पर खरा उतरे। अमेरिका, भारत में कई धार्मिक समुदायों को लेकर चिंतित है और चुनौतियों से निपटने के लिए सीधे तौर पर भारतीय अधिकारियों के संपर्क में है। अमेरिकी दूत ने कहा, भारत में अब एक नागरिकता कानून है जोकि प्रक्रियाधीन है। भारत में नरसंहार का खुला आह्वान किया गया। गिरिजाघरों पर हमले हुए। हिजाब पर प्रतिबंध लगा। घरों को ध्वस्त किया गया। उन्होंने कहा, सार्वजनिक तौर पर ऐसी बयानबाजी की जा रही है जोकि अमानवीय है और यह इस हद तक है कि एक मंत्री ने मुसलमानों को दीमक करार दिया। हुसैन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की एक टिप्पणी के संदर्भ में यह बात कही। अपने एक भाषण में शाह ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को दीमक करार दिया था। उन्होंने कहा कि यह अमेरिका की जिम्मेदारी है कि वह भारत में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में मानवाधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता के मामलों में आवाज उठाए। भारत ने अमेरिका में उसके खिलाफ आलोचनाओं को लगातार खारिज किया है और कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में वोट बैंक की राजनीति की जा रही है। अपनी प्रतिक्रिया में भारत ने अमेरिका में नस्ली और जातीय रूप से प्रेरित हमलों, घृणा अपराधों और बंदूक हिंसा को लेकर चिंता जताई है। अमेरिकी दूत ने कहा कि उन्होंने भारत के ईसाइयों, सिखों और दलितों से भी मुलाकात की थी। हुसैन ने उदयपुर में दर्जी की हत्या के मामले का हवाला देते हुए कहा, यह महत्वपूर्ण है कि हम मिलकर कार्य करें और सभी नागरिकों के अधिकारों के लिए लड़ें। चाहे किसी भी व्यक्ति पर हमला हो, कल एक हमला किया गया, यह निंदनीय था और हमे इसकी भी निंदा करनी होगी।

# पाक में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी

भाषा। इस्लामाबाद

**आर्थिक** संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की तरफ से रखी गई शर्तों के अनुरूप पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी कर दी है। यह फैसला लागू होने के बाद से सभी पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में करीब 14 से 19 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो गई है। सरकार ने यह कदम नकदी की कमी के बीच आईएमएफ की तरफ से छह अरब डॉलर का राहत पैकेज बहाल करने की उम्मीद में उठाया है। पाकिस्तानी वित्त मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक, सरकार ने पेट्रोल पर दस रुपए प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी), केरोसिन और हल्के डीजल तेल (एलडीओ) पर पांच रुपए प्रति लीटर पेट्रोलियम शुल्क लगाया है। इसकी वजह से पेट्रोल की कीमत में 14.85 रुपए, एचएसडी में 13.23 रुपए, मिट्टी के तेल में 18.83 रुपए और एलडीओ में 18.68 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। पाकिस्तान में पेट्रोल की एक्स-डिपो अब 248.74 रुपए प्रति लीटर, एचएसडी 276.54 रुपए, केरोसिन 230.26 रुपए और एलडीओ 226.15 रुपए हो गया है। अप्रैल में सत्ता संभालने वाली शहबाज शरीफ सरकार के कार्यकाल में पेट्रोलियम उत्पादों में की गई यह चौथी बढ़ोतरी है। वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने संवाददाताओं से कहा कि इमरान खान की अगुआई वाली पिछली सरकार के हस्ताक्षरित समझौतों से मुकर जाने के बाद चार महीने पहले निलंबित कर दिए गए आईएमएफ राहत कार्यक्रम को बहाल करने के लिए यह बढ़ोतरी की गई है। आईएमएफ ने राहत पैकेज को दोबारा शुरू करने के लिए बिजली की दरों में बढ़ोतरी और पेट्रोलियम उत्पादों पर शुल्क लगाने जैसी सख्त पूर्व-शर्त रखी है। इन शर्तों को लागू करने के बाद आईएमएफ अपने कार्यकारी मंडल को ऋण किश्त की मंजूरी और कार्यक्रम के पुनरुद्धार के लिए पाकिस्तान के अनुरोध को प्रस्तुत करेगा।

# कच्चे तेल, डीजल, विमान ईंधन पर लगे कर की समीक्षा हर पखवाड़े




भाषा। नई दिल्ली

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि सरकार कच्चा तेल, डीजल-पेट्रोल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर लगाए गए नए करों की समीक्षा अंतरराष्ट्रीय कीमतों को ध्यान में रखते हुए हर पखवाड़े करेगी। सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह एक मुश्किल वक्त है और वैश्विक स्तर पर तेल कीमतें बेलगाम हो चुकी हैं। उन्होंने कहा, हम निर्यात को हतोत्साहित नहीं करना चाहते लेकिन घरेलू स्तर पर उसकी उपलब्धता बढ़ाना चाहते हैं। अगर तेल उपलब्ध नहीं होगा और निर्यात अप्रत्याशित लाभ के साथ होता रहेगा तो उसमें से कम-से-कम कुछ हिस्सा अपने नागरिकों के लिए भी रखने की जरूरत होगी। सरकार ने शुक्रवार को ही पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर कर लगाने की घोषणा की। पेट्रोल और एटीएफ के निर्यात पर छह रुपए प्रति लीटर और डीजल के निर्यात पर 13 रुपए प्रति लीटर की दर से कर लगाया गया है। यह एक जुलाई से प्रभाव में आ गया है। इसके साथ ही ब्रिटेन की तरह स्थानीय स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर भी कर लगाने की घोषणा की गई। घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर 23,250 रुपए प्रति टन का कर लगाया गया है।राजस्व सचिव तरूण बजाज ने कहा कि नया कर सेज इकाइयों पर भी लागू होगा लेकिन उनके निर्यात को लेकर पाबंदी नहीं होगी। रुपए के बारे में वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार स्थिति पर नजर रख रही है। सरकार आयात पर रुपए के मूल्य के असर को लेकर पूरी तरह सचेत है।

## जीएसटी संग्रह जून में 56 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि आर्थिक पुनरुद्धार जारी रहने और कर चोरी रोकने के प्रभावी कदमों के बूते जून के महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सालाना आधार पर 56 प्रतिशत बढ़कर 1.44 लाख करोड़ रुपए हो गया। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में जून के लिए जीएसटी आंकड़े देते हुए कहा कि एक साल पहले जून, 2021 में जीएसटी संग्रह 92,800 करोड़ रुपए रहा था। जून 2021 की तुलना में जून 2022 में वस्तुओं के आयात से प्राप्त राजस्व 55 फीसदी अधिक और घरेलू लेनदेन से राजस्व 56 फीसदी अधिक रहा। जीएसटी दिवस पर आयोजित समारोह में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी संग्रह के लिए 1.4 लाख करोड़ रुपए की एक निचली सीमा बन चुकी है। जीएसटी व्यवस्था शुरू होने के बाद से यह पांचवी बार है जब मासिक जीएसटी संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है और मार्च 2022 के बाद से लगातार चौथा महीना है जब संग्रह इतना अधिक रहा है। मंत्रालय ने कहा कि मई 2022 में बने कुल ई-वे बिल 7.3 करोड़ रहे जो अप्रैल 2022 के 7.4 करोड़ ई-वे बिल से दो फीसदी कम है। मई 2022 में जीएसटी राजस्व करीब 1.41 लाख करोड़ रुपए रहा था और अप्रैल में 1.68 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर था।

# आवास के लिए शीर्ष आठ शहरों में अहमदाबाद सबसे किफायती: रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**अहमदाबाद** देश के शीर्ष आठ शहरों में सबसे किफायती आवास बाजार है। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट के मुताबिक 2022 की पहली छमाही के दौरान देश में आय के मुकाबले ईएमआई अनुपात के लिहाज से घर खरीदने की क्षमता में कमी हुई। नाइट फ्रैंक इंडिया ने शुक्रवार को 2022 की पहली छमाही (जनवरी-जून) के लिए अपनी वहनीयता सूचकांक रिपोर्ट जारी की। यह सूचकांक वास्तव में व्यक्तियों की मकान या अन्य चीजें खरीदने की क्षमता को बताता है। यह रिपोर्ट एक औसत परिवार के लिए आय के मुकाबले ईएमआई (समान मासिक किस्त) अनुपात पर नजर रखती है। रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई के रेपो दर में 0.90 प्रतिशत की बढ़ोतरी से घर खरीदने की क्षमता प्रभावित हुई है, क्योंकि इसके चलते बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों ने आवास ऋण महंगा कर दिया।

**To Whomsoever It May Concern**

General Public is hereby informed that our Clients Babulal (Father), Laxmi Devi (Mother), Ashok Kumar (Brother) and Rekha (Renu) (Sister) R/o H-1/31B, Gali No. 25, Raja Puri, Uttam Nagar New Delhi-110059. Have Disowned their Son/brother namely Chander aged 28 Years from all movable and immovable property. Thus, he don't have any claim over H-1/31B, Gali No. 25, Raja Puri, Uttam Nagar, New Delhi-110059. Which Is owned by our clients. and our clients are not responsible for his actions.

**Vinod Pant (Advocate)**
Ch: 500-501, Western Wing M.Com, CWA, MBA, LLB Tis Hazari, New Delhi-54 (M): 09313633143

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client ASHUTOSH KUMAR AGARWAL S/O Late Shri Ram Kumar Agarwal Rio Plat No.9-F, Second Floor, Block-A, DDA MIG SFS Flats, Munirka, New Delhi-110061, Allottee/Mutatee of Flat No.9-F, Second Floor, Block-A, DDA MIG SFS Plus, Munirka, New Delhi-110067, has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. **Original Possession letter, NOC for Water and Electricity Connection, and Site Possession Slip**, of the above flat have been lost. An F.I.R. to this effect has been lodged in the Police Station Crime Branch Delhi vide LR No.540691/2022, dated 28.06.2022, SO No. 430/2014. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write contract with above named person at above Address/Phone No.9899899467 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (LAB) Housing or Director(H)I, D Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that I, **VINEETA DOGRA W/O PURAN CHAND DOGRA R/O- SFS FLAT NO. 4032, GROUND & FIRST FLOOR, POCKET- 5 & 6, SECTOR-B, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070, I am** the legal owner of **SFS FLAT NO. 4032, GROUND & FIRST FLOOR, POCKET- 5 & 6, SECTOR-B, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070, FILE NO. F-126 (28)1988/VK/SFS/III, which is allotted by the DDA. Original DDA Possession Letter & WATER & Electricity NOC** of the above Plot has been lost. An FIR/NCR to this effect has lodged in P. S. Crime Branch, Delhi vide LR No. 549491/2022, Dated-01-07-2022.Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write / contact with above named person at above address/phone No. 9463742308 within 15 days from the date of publication of this notice. Any person claiming any right, interest, or having any objections with respect to this property can also personally inform/contact me.

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE REGARDING LOST SHARE CERTIFICATES OF BHARTI PATHAK & RAKHI BAGGA PVT. LTD., Regd. Office: G-72, Delta-II, Greater Noida, Gautam Budh Nagar-201308, Uttar Pradesh. I, Bharti Pathak residing at H. No. C-027, Sector–Eta 1, Greater Noida, Rampur Jagir, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh –201306, the registered holder of the under mentioned shares held in the above said Company, hereby give notice that the Share Certificates in respect of the said shares have been untraceable and I have applied to the Company for issue of duplicate Share Certificates. Any person having claim in respect of the said shares should lodge such claims with the Company at its above said address within 15 days from today, else the Company will proceed to issue duplicate Share Certificates and no further claim will be entertained by the Company thereafter.

| Folio No. | Cert. No. | Distinctive Nos. | No. of Shares |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 001 to 5000 | 5000 |
| 1 | 3 | 10001 - 110000 | 100000 |
| 1 | 4 | 110001 - 210000 | 100000 |
| 1 | 5 | 210001 - 310000 | 100000 |
| 1 | 6 | 310001 - 344002 | 34002 |
| 1 | 11 | 678005 - 778004 | 100000 |
| 1 | 12 | 778005 - 839002 | 60998 |

Date: 30.06.2022 Sd/-
Place: Noida Bharti Pathak

## बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों से वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम: आरबीआई

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि वित्तीय सेवाएं देने वाली बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा करती हैं। इसका कारण वित्तीय संस्थानों के साथ उनके जटिल आपसी संबंध हैं जो आर्थिक संकट पैदा कर सकते हैं और इसका परिणाम प्रतिस्पर्धा-रोधी प्रभाव के रूप में भी सामने आ सकता है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Mahander Singh Dahiya, resident of Flat No. 112, Guru Apartments, Plot No.-2, Sector-06, Dwarka, New Delhi-110075, hereby declare that the name of Mahander Dahiya has been changed to Mahander Singh Dahiya.
PD(90120)C

# बैंक बोर्ड ब्यूरो अब हुआ वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो

● बीबीबी में बदलाव दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के बाद हुआ

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) एवं वित्तीय संस्थानों के प्रमुखों के चयन के लिए गठित बैंक बोर्ड ब्यूरो (बीबीबी) को कुछ संशोधनों के साथ वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) में तब्दील कर दिया है। सूत्रों ने इस बदलाव की जानकारी देते हुए कहा कि अब सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों के महाप्रबंधकों एवं निदेशकों के चयन का दायित्व भी नवगठित एफएसआईबी को दे दिया गया है।

दरअसल बीबीबी के स्वरूप में बदलाव दिल्ली उच्च न्यायालय के पिछले साल के आदेश की वजह से जरूरी हो गया था। अदालत ने कहा कि बीबीबी सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों के महाप्रबंधकों एवं निदेशकों के चयन के लिए एक सक्षम संस्था नहीं है। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले की वजह से गैर-जीवन बीमा कंपनियों के करीब आधा दर्जन नवनियुक्त निदेशकों को पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने वित्तीय सेवाएं विभाग से कहा कि वित्त मंत्री की सहमति से राष्ट्रीयकृत बैंकों की प्रबंधन योजना में जरूरी बदलाव कर एफएसआईबी के गठन का प्रस्ताव पेश करे। यह बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के पूर्णकालिक निदेशकों एवं गैर-कार्यकारी चेयरमैन की नियुक्ति संबंधी अनुशंसा करने वाला इकलौता निकाय होगा।

# बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

भाषा। मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 111.01 अंक टूटकर बंद हुआ। सरकार के पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर कर लगाने के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के शेयर में भारी गिरावट रही। तीस शेयरों पर आधारित सूचकांक 111.01 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,907.93 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 924.69 अंक तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 28.20 अंक या 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,752.05 पर बंद हुआ। सरकार ने शुक्रवार को पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर निर्यात कर लगाया। साथ ही स्थानीय स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर होने वाले अप्रत्याशित लाभ पर भी कर लगाया है। सेंसेक्स में सबसे अधिक 7.14 फीसदी की गिरावट आरआईएल में हुई। इसके अलावा पावरग्रिड, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, मारुति, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज और आईसीआईसीआई बैंक गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर आईटीसी, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, टीसीएस और एचडीएफसी बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। आईटीसी में सबसे अधिक 3.99 प्रतिशत की तेजी हुई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार से प्रतिकूल संकेतों के कारण रुपए में कमजोर रुख और तेल रिफाइनरियों में बिकवाली के कारण बाजार नुकसान में रहा। सप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 179.95 अंक या 0.34 प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी में 52.80 अंक या 0.33 प्रतिशत की तेजी रही। सैमको सिक्योरिटीज में इक्विटी शोध प्रमुख एशा शाह ने कहा कि जल्द ही वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही के वित्तीय नतीजे आने लगेंगे, जिससे शेयर आधारित गतिविधियां देखने को मिलेंगी। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक में क्रमश: 0.67 प्रतिशत और 0.09 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। क्षेत्रवार बात करें तो ऊर्जा में 3.99 प्रतिशत, तेल एवं गैस में 3.21 प्रतिशत, बिजली में 0.77 प्रतिशत और दूरसंचार में 0.36 प्रतिशत की गिरावट हुई। दैनिक सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों का सूचकांक 2.47 प्रतिशत बढ़ा। इसके अलावा धातु, उपभोक्ता वस्तुओं, वित्त, स्वास्थ्य देखभाल और रियल्टी में भी तेजी रही। अन्य एशियाई बाजारों में तोक्यो, सोल और शंघाई के बाजार गिरकर बंद हुए। दोपहर कारोबार में यूरोपीय शेयर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.90 फीसदी उछलकर 111.1 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहुंच गया। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को शुद्ध रूप से।,138.05 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

शुद्धिपत्र

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

पायनियर (हिन्दी) तथा पायनियर (अंग्रेजी) में कर्जदार/सह-कर्जदार नाम मोनिका शर्मा/दीपक चोपड़ा ऋण खाता सं. एलबीजीयूआर00002407970, एलबीडीईएल00002403986, एलबीजीयूआर00003050742 के अंतर्गत दिनांक 22 जून, 2022 को सरफासी ऐक्ट के तहत सूचनाएं प्रकाशित की गई थीं। हम यह उल्लेख करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना किसी आशय के उक्त प्रकाशन में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा ऋण खाता सं. एलबीडीईएल00002403986 के स्थान पर एलबीजीयूआर00002403986 वर्णित की गई है। इसलिए हम आपसे उसको कृपया एलबीडीईएल00002403986 के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना में वर्णित अन्य सभी विवरण वही रहेगा। हम इस संबंध में आपको हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 02-07-2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# प्रेमजाल में फंसाकर रुपए ऐंठने के मामले में तहसीलदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**भाषा।** शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर जिले** में प्रेम जाल में फंसाने और शादी करने का झांसा देकर रुपए ऐंठने के मामले में महिला तहसीलदार (न्यायिक) और उसके परिवार के लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। महिला तहसीलदार फिलहाल प्रयागराज में तैनात है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार मामला न्यायालय के आदेश पर बंडा थाना पुलिस ने दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) संजीव बाजपेई ने शुक्रवार को पीटीआई–भाषा को बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर बंडा पुलिस ने 29 जून को आकांक्षा मिश्रा (तहसीलदार, न्यायिक), सलमान अहमद और आकांक्षा के परिवार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 406 (किसी के साथ विश्वासघात और आपराधिक कृत्य) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

संजीव ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दर्ज कराई गई प्राथमिकी के हवाले से पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थाना बंडा अंतर्गत बसंतापुर गांव निवासी गुरविंदर सिंह वर्ष 2012 में दिल्ली में कोचिंग करता था और उसी के साथ आकांक्षा मिश्रा भी कोचिंग करती थीं। उन्होंने बताया कि आकांक्षा से उसके प्रेम संबंध हो गए और आकांक्षा ने शादी का आश्वासन दिया। आरोप के अनुसार इसके बाद आकांक्षा ने उससे काफी धनराशि वसूली तथा धनराशि अपने परिवार को भी दिलवाई।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बाद में कुछ धनराशि वापस भी की गई, लेकिन इसी बीच आकांक्षा मिश्रा की नियुक्ति नायब तहसीलदार के पद पर प्रतापगढ़ जिले में हो गई। इसके बाद भी आकांक्षा की जरूरतों को पूरा करने के लिए गुरविंदर पैसे खर्च करता रहा। पुलिस के मुताबिक आकांक्षा के परिवार वाले गुरविंदर को शादी का आश्वासन देते रहे। बाद में आकांक्षा व उसके परिवार की नीयत बदल गई। इसके बाद आकांक्षा ने अपने एक मित्र सलमान अहमद और परिवार के साथ षड्यंत्र करके गुरविंदर के विरुद्ध थाना (लालगंज) प्रतापगढ़ में मुकदमा दर्ज करा दिया। गुरविंदर ने तहरीर में आरोप लगाया है कि आकांक्षा मिश्रा द्वारा केवल रुपयों की खातिर उसके साथ प्रेम का दिखावा किया गया, इससे उसे मानसिक और आर्थिक क्षति हुई। वहीं, प्रयागराज में तैनात तहसीलदार (न्यायिक) आकांक्षा मिश्रा से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दोषी को 22 साल कैद की सजा

**बरेली।** बरेली की एक विशेष अदालत ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दोषी व्यक्ति को 22 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। वर्ष 2018 में इस जिले के सुभाष नगर क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) सुरेश कुमार गुप्ता ने अमित कनौजिया को बृहस्पतिवार को दोषी करार दिया और उसे 22 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 28,000 रुपए जुर्माना लगाया। पीड़िता के पिता द्वारा पुलिस के पास दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक लड़की के मकान के भूतल पर रहने वाली रिंकी रस्तोगी ने सुरेंद्र पाल नाम के व्यक्ति की मदद से उस लड़की का अपहरण किया था। आरोपी उस लड़की को एक होटल में ले गई, जहां अमित ने उससे दुष्कर्म किया। कुछ दिनों पहले पुलिस द्वारा बरामद की गई लड़की ने कहा कि रिंकी ने उसका अपहरण करने के लिए उसे शीतल पेय (कोल्ड ड्रिंक) पिलाया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने नाबालिग लड़की का अपहरण करने के लिए रिंकी और सुरेंद्र पाल को भी पांच साल के कारावास की सजा सुनाई और उन पर 13,000– 13,000 रुपए जुर्माना लगाया।

# ट्रेलर ने ई–रिक्शा को रौंदा, पांच की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

**भाषा।** सुलतानपुर

**जिले की** थाना कोतवाली देहात अंतर्गत प्रयागराज–अयोध्या बाईपास पर शुक्रवार को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर वाहन ने एक ई–रिक्शा को रौंद दिया। दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी रवीश गुप्ता और पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस के मुताबिक, प्रयागराज से अयोध्या की तरफ जा रहे ट्रेलर के चालक ने बाईपास पर नियंत्रण खो दिया और कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ओदरा गांव के निकट एक ई–रिक्शा उसकी चपेट में आ गया। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर घायलों को रिक्शे से बाहर निकाला और उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। मृतकों में फूलकली (60), राजेंद्र (45), रघुवीर (55), निर्मला (52) और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल है। जिलाधिकारी रवीश कुमार ने बताया कि पुलिस ने ट्रेलर के चालक समेत दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है और ट्रेलर को कब्जे में ले लिया गया है। मामले में कानूनी कार्वाई की जा रही है। पीड़ितों के परिजनों को इस घटना से अवगत कराया गया है। पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## प्रयागराज में बिजली के करंट की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत

**भाषा।** प्रयागराज

**जिले के** यमुनापार कोरांव थाना क्षेत्र के अमिलियापाल गाढ़ा गांव में शुक्रवार की सुबह बिजली के करंट की चपेट में आने से एक बच्चे समेत तीन लोगों की मृत्यु हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मेजा की क्षेत्राधिकारी अमिता सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह सात बजे के आस पास दीपांशु (सात) बिजली के खंभे के पास खेल रहा था और खेलने के दौरान उसने बिजली के खंभे को पकड़ लिया जिसमें करंट था। उन्होंने बताया कि बच्चे को बचाने के क्रम में वहां पर मौजूद दो अन्य व्यक्ति भी करंट की चपेट में आ गए जिससे बच्चे समेत तीनों की मृत्यु हो गई। मृतकों में दीपांशु (सात) , चिंतामणि (35) और अशोक कुमार (27) शामिल हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार भाकियू के दो पदाधिकारी निष्कासित

**भाषा।** मुजफ्फरनगर

**सामूहिक दुष्कर्म** की एक घटना के संबंध में गिरफ्तार किए जाने के बाद भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के दो पदाधिकारियों को शुक्रवार को यूनियन से हटा दिया गया। नरेश टिकैत की अगुवाई वाली भाकियू से निष्कासित पदाधिकारियों में सहारनपुर इकाई के सुबोध काकरण और विकी तोमर शामिल हैं। भारतीय किसान यूनियन के मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष योगेश शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि सामूहिक दुष्कर्म की एक घटना के संबंध में उत्तराखंड पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद इन लोगों को भाकियू से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन में ऐसे लोगों के लिए कोई जगह नहीं है। उत्तराखंड पुलिस ने 30 जून को भाकियू के दो पदाधिकारियों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। इन लोगों ने 24 जून को रुड़की में चलती कार में 35 वर्षीय महिला और उसकी पांच साल की बेटी से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया था।

# डीएम ने किया एल्गिन चरसड़ी बंधे का औचक निरीक्षण

**संवाददाता।** गोंडा

**शुक्रवार को** जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने बाढ़ के दृष्टिगत एल्गिन चरसड़ी बंधा के नकहरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंधा के समीप सभी गांव की बाढ़ के संबंध में जानकारी ली। स्थानीय लोगों से समस्याओं के बारे में जानकारी करते हुए उन्होंने क्षेत्र के लेखपालए राजस्व निरीक्षक तथा उप जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि बंधा के किनारे बसे हुए गांव के लोगों को बाढ़ के समय कोई समस्या न होने पाये। साथ ही गांव के लोगों को बिजली व्यवस्थाए स्वास्थ्य व्यवस्था आदि सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के समय गांव वासियों का कोई नुकसान न होने पाए इस पर विशेष ध्यान रखे जाये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी करनैलगंज हीरालालए पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैलगंजए संबंधित गांव के लेखपालए राजस्व निरीक्षक एवं ग्राम प्रधान सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।


एल्गिन चरसड़ी बंधे का निरीक्षण करते डीएम डा. उज्जवल कुमार।

# महिला के अपहरण, धर्मांतरण, जबरन शादी और फिर उससे सामूहिक दुष्कर्म के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**भाषा।** गोंडा

**गोंडा जिले** के परसपुर थाना क्षेत्र से एक महिला को कथित तौर पर अगवा करने, धर्मांतरण कराकर उससे जबरन शादी करने और सामूहिक दुष्कर्म के मामले में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) संतोष कुमार मिश्रा ने 23 वर्षीय महिला के पिता द्वारा दी गई तहरीर का हवाला देते हुए बताया कि उसके गांव का ही निवासी जावेद मुंबई में नौकरी करता है। वह फोन से उसकी बेटी से बातचीत किया करता था और उसे घूमने के लिए मुंबई बुलाता था, किन्तु वह कभी जावेद के झांसे में नहीं आई। आरोप के मुताबिक 14 जून को जब उनकी बेटी नित्यकर्म के लिए बाहर गई थी, तो जावेद के भाई बहादुर ने उसे पकड़कर कुछ नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया और उसे मुंबई ले जाकर एक कमरे में बंद कर दिया। वहां एक मौलवी को बुलाकर उसका जबरन धर्म परिवर्तन कर जावेद से निकाह करा दिया गया। पिता ने शिकायत में कहा कि वहां महमूद, इबरार और जावेद ने उसकी बेटी के विरोध के बावजूद उसके साथ कई बार सामूहिक दुष्कर्म किया। इस बीच जावेद को पता चल गया था कि लड़की के परिजनों को घटना के बारे में विस्तृत जानकारी हो गई है, तो वे लोग मुकदमा दर्ज होने और गिरफ्तार किए जाने के भय से उसकी बेटी को 23 जून को कर्नलगंज रेलवे स्टेशन पर छोड़ गए। जावेद ने उसकी बेटी को इस बारे में मुंह खोलने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी है। एसपी के निर्देश पर चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि अभियोग पंजीकृत कर बालिका को चिकित्सीय परीक्षण तथा अन्य कानूनी औपचारिकताओं के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। जल्द ही अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### रेलवे के बिजली उपकरण चुराने का आरोपी पूर्व सैनिक गिरफ्तार

**बलिया।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की रेलवे की पटरी और बिजली के उपकरण की कथित चोरी के आरोपी सेवानिवृत्त सैनिक रणविजय सिंह को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ के उपनिरीक्षक मनीद्र यादव ने कहा कि रणविजय सिंह सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के हरदिया गांव का रहने वाला है। उसे बृहस्पतिवार की रात गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि सेना से सेवानिवृत्त सिंह रेलवे की पटरियो और बिजली के तार चोरी करने में लिप्त था जिसे उसने रेलवे पटरी के पास खुले में भंडारण कर रखा था। अधिकारियों के मुताबिक सिंह किसी अन्य व्यक्ति के आधार कार्ड से फर्जी सिम प्राप्त कर उसी के माध्यम से परिवहन की व्यवस्था कर खुले में पड़ी रेल पटरी और बिजली के सामानो को बिहार में बेचता था। चोरी के सामान को पटना स्थित एक गोदाम में रखा जाता, जहां से उसे स्थानीय उद्योगो को बेच दिया जाता था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने पिछले कुछ वर्षो में 1.25 करोड़ रुपए मूल्य की रेल पटरी और बिजली के तार चुराए।

### भदोही में सियार के हमले में डेढ़ वर्षीय बच्चे की मौत

**भदोही (भाषा)।** भदोही जिले के औराई क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात एक सियार के हमले में डेढ़ साल के एक बच्चे की मौत हो गई। औराई के थाना प्रभारी अजय कुमार सेठ ने बताया की औराई थाना क्षेत्र की तुलापुर वनवासी बस्ती में बृहस्पतिवार रात शंकर वनवासी अपनी पत्नी शीला और डेढ़ साल के बेटे देवा के साथ अपने मड़हे (कच्चा मकान) में सो रहा था, तभी एक सियार वहां आया और देवा को उठाकर ले गया। उन्होंने बताया कि शीला की अचानक आंख खुली और देवा को पास नही पाकर उसने शोर मचाया, जिसके बाद आस पास के लोगो ने मड़हे से पांच सौ मीटर दूरी पर एक सियार को देखा जो देवा को अपना निवाला बना रहा था। सेठ ने बताया कि बस्ती के लोगो ने देवा को किसी तरह सियार के चंगुल से छुड़ाया, लेकिन तब तक सियार बच्चे के दोनो पैर खा चुका था और उसने उसे कई जगह अपने नुकीले दांतो से नोचा हुआ था। घर लाते समय देवा की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि देवा के शव का पंचनामा कर उसे परिजन को सौप दिया गया है।

### जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक सम्पन्न

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र की अध्यक्षता में गुरूवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद में संचालित उचित मूल्य दर की दुकानों के निलम्बित एवं निरस्तीकरण की जानकारी ली गई। तथा राशन कार्ड सत्यापन की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मे कुल 9 दुकानें निलम्बित चल रही है तथा 8 दुकाने निरस्त चल रही है। उन्होने बताया कि जिले के 5 विकास खण्डो में से 4 विकास खण्ड जिसमें इकौना को छोडकर 20 जून 2022 तक की सत्यापन रिपोर्ट के अनुसार राशनकार्ड सत्यापन में 1164 कार्डधारक आपात्र पाये गये तथा 2870 कार्डधारको द्वारा स्वयं अपना राशनकार्ड समर्पण किया जा चुका है। बैठक में उपजिलाधिकारी इकौना द्वारा राशनकार्ड सत्यापन रिपोर्ट न दिये जाने पर अपर जिलाधिकारी द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक का संचालन जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पलिका परिषद भिनगा अजय आर्याए जिला महामंत्री पुरूषोत्तम कौशलए उपाध्यक्ष पूजा पाण्डेयए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रभुराम चौहानए जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा सिंहए जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा शर्माए मुख्य चिकित्साधिकारी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए दिलाई गई शपथ

**संतकबीरनगर।** नगर पंचायत मगहर द्वारा शुक्रवार को सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकण एवं प्रतिबन्ध हेतु जन-जागरुकता सम्बन्धी अभियान रेस रिडक्शन एवरनेस सोल्यूशन एण्ड मास इनगेजमेंट के सम्बन्ध में जन जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी नवीन श्रीवास्तव, संजय दूबे वरिष्ठ लिपीक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पंकज द्विवेदी समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं स्वयं सेवी संस्थाओ, नगर पालिका के सभासदों, द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं स्वच्छ भारत मिशन भारत के अन्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग न करने के लिए शपथ के साथ लोगो को जागरुक किया गया।

### 46 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद कर 17 हजार का जुर्माना ठोंका

**जालौन (उरई)।** सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के लिए नगर पालिका की टीम ने नगर में चौकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 46 किग्रा पॉलीथीन जब्त कर व्यापारियों से 17 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। शुक्रवार से प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। नगर पालिका में तैनात सफाई निरीक्षक देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के लिए बाजार में चौकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्राहकों पॉलीथीन में सामान देने से रोकने के लिए भी जागरूक किया गया। साथ ही चौकिंग अभियान में जिन दुकानों में पॉलीथीन मिली उन्हें जब्त भी किया गया। इस दौरान एक दर्जन दुकानों से 46 किग्रा पॉलीथीन जब्त की गई और व्यापारियों से 17 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। एसआई देवेंद्र कुमार ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लग चुका है। यदि कोई दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक में सामान बेचता मिलता है अथवा दुकान पर सिंगज यूज प्लास्टिक मिलती है तो न ऐसे सामान को न सिर्फ जब्त किया जाएगा बल्कि जुर्माना भी वसूला जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक की बनी पॉलीथीन के आलावा प्लास्टिक अथवा थर्मोकॉल के गिलास, दोने, पत्तल, स्ट्रॉ आदि पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इसलिए इनकी खरीद बिक्री भी न की जाए।

### दस दिन बाद भी कल्लू का नहीं लग सका सुराग

**जालौन (उरई)।** दस दिन पूर्व घर से बाहर टहलने के लिए निकले पिता के वहीं से लापता होने की सूचना पुत्र ने कोतवाली में दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फर्दनवीस निवासी कल्लू सोनी ने पुलिस को बताया कि उनके पिता मोहन सोनी (42) पुत्र रामेश्वर 20 जून की सुबह घर से बाहर टहलने के लिए निकले थे। काफी समय तक जब वह वापस नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू की। सभी नाते रिश्तेदारों, दोस्तों और अन्य संभावित स्थानों पर तलाशने के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चला। उनके पास मोबाइल भी नहीं है, जिससे उनका पता चल सके। पुत्र ने पुलिस से पिता की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके मोहन सोनी की तलाश शुरू की।

## पारिवारिक विवादों को समझने के लिये मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर दिया बल

**उरई (जालौन)।** शुक्रवार को मध्यस्थता एवं सुलह–समझौता केन्द्र के कार्य में गतिशीलता लाये जाने एवं सफल मध्यस्थता का प्रतिशत बढ़ाये जाने के उद्देश्य से अध्यक्ष, जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेनू यादव द्वारा अपरान्ह मध्यस्थों की समीक्षा बैठक ली गयी। मध्यस्थता एवं सुलह–समझौता केन्द्र में नये प्रकृति के आ रहे फौजदारी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, आर्बिट्रेशन मामलों एवं सिविल वादों में मध्यस्थता कराये जाने की रणनीति पर इस बैठक में विचार–विमर्श किया गया तथा वैवाहिक व पारिवारिक विवादों की पृष्ठभूमि और पक्षकारों की मंशा को समझने के लिये मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। पक्षकारों की निजता बनाये रखने एवं सुलह–समझौता केन्द्र में घरेलू वातावरण देने की आवश्यकता अनुभव की गया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेनू यादव द्वारा समस्त मध्यस्थों को मध्यस्थों को निर्देशित किया गया कि वह भविष्य में और प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी मध्यस्थता करायें, ताकि कुछ मामले ऐसे है, जिनमें मध्यस्थता प्रारम्भ नहीं हो सकी। इसका कारण पूछने पर मध्यस्थों ने बताया कि पक्षकारों की उपस्थिति अत्यन्त कम है। इस संबंध में यह पाया गया कि मध्यस्थों द्वारा ''उत्तर प्रदेश सिविल प्रक्रिया मध्यस्थता नियमावली, 2009'' की अनुसूची–4 का पालन नहीं किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में सभी मध्यस्थगण से अपेक्षा की गयी कि अनुपस्थित पक्षकार की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु मध्यस्थगण पक्षकार को नोटिस तैयार कर सूचित करेंगे। इस संबंध में उक्त नियमावली की अनुसूची–4 में प्रावधानित व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी मध्यस्थों ने अनुपालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उपस्थित मध्यस्थगण को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत तथा प्री–लिटिगेशन के प्रकरणों में भी सहयोग देने हेतु प्रेरित किया गया।

# भारी धांधली के चलते बड़ाकछार गांव का राशन कोटा निरस्त

**संवाददाता।** हमीरपुर

**सुमेरपुर ब्लाक** के बड़ाकछार गांव के राशन कोटेदार का लाइसेंस जांच में भारी अनियमितता पाये जाने पर निरस्त कर दिया गया है। जांच अधिकारी एसडीएम सदर ने कहा है कि स्टाक की जांच कर कम राशन सामग्री पाये जाने पर कोटेदार से वसूली की जाये और तत्काल दूसरे राशन दुकान का प्रस्ताव किया जाये।

जानकारी के मुताबिक ब्लाक के सुरौलीबुजुर्ग गांव के मजरा बडाकछार के कोटेदार गंगादीन ने करीब पचास लाभार्थियों से पास मशीन में अगूठा लगवाने के बाद उनको राशन नही दिया था इस मामले की जानकारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामफूल निषाद ने उच्चाधिकारियों को दी थी, मामले की जांच आपूर्ति निरीक्षक व सुमेरपुर ब्लाक के खंड विकास अधिकारी ने की और राशन दुकान निरस्त करने की संस्तुति कर दी।

जांच अधिकारी ने बताया कि कोटेदार ने अपने बचाव में सही उत्तर नही दे पाया लिहाजा उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। ग्रामीणो ने बताया कि कोटेदार गरीबों का राशन बहुत दिनो से डकार रहा था अब उसकी करतूतों का पर्दाफाश हो पाया है। हालाकि कुछ अधिकारी व जनप्रतिनिधि भ्रष्ट कोटेदार को बचाने का प्रयास करते रहे मगर बाद में बचाव का कोई रास्ता न होने के कारण कोटा आज निरस्त कर दिया है।उपजिलाधिकारी ने कोटेदार से कहा है कि पास मशीन व अन्य अभिलेख कोटेदार सहदेव सिंह को सौप दे ताकि उपभोक्ताओ को कोई असुविधा न होने पाये।

# केनरा बैंक ने मनाया स्थापना दिवस


केक काटकर स्थापना दिवस मनाते केनरा बैंक के कर्मचारी

**गोंडा।** केनरा बैंक ने अपने 117वें स्थापना दिवस पर शाखा के वरिष्ठ ग्राहक डॉ. ओंकार पाठक को सम्मानित किया। इस मौके पर केक काटकर बैंक कर्मियों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए ग्राहकों को बेहतर सुविधा व सेवा प्रदान करने का संकल्प लिया। केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक करुणा निधान मिश्र ने बताया कि वर्तमान में इस बैंक की जिले में कुल 3 शाखाएं, सिविल लाइंस, बड़गांव तथा मलारी संचालित हैं। जिनमें लगभग 25000 खातेदार हैं। प्रबंधक श्री मिश्र ने यह भी बताया कि केनरा बैंक में किसानों, व्यापारियों व अन्य ग्राहकों को हर तरह के लोन की सुविधा कम ब्याज दरों पर तथा अत्यंत सरल शर्तों पर प्रदान की जा रही है। वहीं सावधि जमा पर अधिकतम 6.25 प्रतिशत ब्याज दिया जाता है। स्थापना दिवस पर पूर्व सैनिक वेद प्रकाश मिश्र, सहायक प्रबंधक दीपिका मिश्रा, बैंक कर्मी राहुल तिवारी, महेश पांडेय, अब्दुल वहीद समेत अनेक ग्राहक भी मौजूद थे।

# पावर हाउस में रखा आठ एमबीए का ट्रांसफार्मर हुआ धड़ाम

### ● काम चलाऊ बिजली सप्लाई हेतु शेड्यूल जारी

**कोंच (जालौन)।** मांग और आपूर्ति के बीच चल रहे भारी अंतर के चलते पहले से ही नागरिक बिजली की बेतहाशा अघोषित कटौती से जूझ रहे हैं, दूसरी ओर एक बार फिर लोगों के लिए एक बुरी खबर है। 33/11 नहर पावर हाउस से जुड़े इलाके की बड़ी आबादी को सप्लाई देने वाला फर्स्ट फीडर का 8 एमवीए का ट्रांसफार्मर धड़ाम हो गया है जिससे नगर की बिजली आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित होने वाली है। गौरतलब यह भी है कि अभी दो महीने पहले 28 अप्रैल को भी इसी बिजलीघर पर रखे नगर को सप्लाई देने वाले दोनों ट्रांसफार्मर जिनमें एक 5 एमवीए और दूसरा 8 एमवीए का है, फुंक गए थे जिसके कारण तीन दिन तक आधा नगर अंधेरे में डूबा रहा था। बहरहाल, बताया जा रहा है कि शुक्रवार को जो ट्रांसफार्मर धड़ाम हुआ है उसकी बॉडी क्रेक हो गई है जिससे सप्लाई पिछले कई घंटों से ठप्प पड़ी है। हालांकि उरई से टेस्टिंग टीम आ गई है और ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग का काम फिलहाल जारी है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक दूसरा ट्रांसफार्मर आने में एक–दो दिन का समय लग सकता है। तब तक इधर उधर से समायोजित कर पानी या अन्य छोटी–मोटी जरूरतों के लिए काम चलाऊ सप्लाई देने की कोशिश की जाएगी। इस स्थिति में जब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं आ जाता है तब तक विद्युत विभाग ने लोगों को काम चलाऊ सप्लाई देने के लिए शेड्यूल जारी किया है। एसडीओ अनिरुद्ध कुमार मौर्या ने बताया है कि 5 बजे तक कोंच प्रथम फीडर, एसआरपी फीडर और पंचानन फीडर की सप्लाई चलेगी। 5.30 से 9.30 बजे तक ग्रामीण उरई फीडर और जालौन फीडर की सप्लाई चलेगी। कोंच नगर सेकंड फीडर और इंडस्ट्रियल एस्टेट फीडर की सप्लाई पहले जैसे ही चलती रहेगी।


खराब हुआ ट्रांसफार्मर

# जामों में तालाब की भूमि हुई अतिक्रमण से मुक्ति

**गौरीगंज, अमेठी।** तालाब व चरागाह की जमीन पर हुए अवैध अतिक्रमण प्रशासन की नजर टेढ़ी हो गई है। अवैध अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने के लिए पूरी तरह से कमर कस चुकी है। नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व दल की टीम पुलिस बल के साथ अभियान को आगे बढ़ा रहा है। विदित हो कि उपजिलाधिकारी व तहसीलदार दिग्विजय सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय के नेतृत्व में जामों के कपासी में गाटा संख्या 371 रकबा 19 बिस्वा जो कि सरकारी अराजी में तालाब के रूप में दर्ज है। उस पर गांव के कुछ लोग अवैध अतिक्रमण किए हुए थे। ग्रामीणों की शिकायत पर नायब तहसीलदार मौकस्थल पर पहुंचकर तालाब को अतिक्रमण से मुक्ति कराया। तथा ग्रामीणों को भविष्य में किसी तरह से अतिक्रमण न करने की हिदायत भी दिए। इस मौके पर कानूनगो आर एन दिवाकर, राजस्व कर्मी अनिल पाल, अरविन्द कुमार, संजय चौधरी, घनश्याम शुक्ला सहित मय पुलिस बल मौजूद रहा।


अतिक्रमण हटवाते हुए प्रशासन के अधिकारी

# पंत की शानदार पारी से भारत ने वापसी की


## ● इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट

**भाषा।** बर्मिंघम

**ऋषभ पंत और** रविंद्र जड़ेजा की उम्दा बल्लेबाजी से भारत ने पांचवें टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड के खिलाफ खबर लिखे जाने तक 72 ओवर में सात विकेट खोकर 329 रन बनाए। ऋषभ पंत ने 146 रन की बेहतरीन पारी खेली। जडेजा 74 रन बनाकर खेल रहे थे। पंत ने 111 गेंद में 19 चौके व छह छक्कों की मदद से 146 रन जोड़े।

इससे पहले ऋषभ पंत और रविंद्र जड़ेजा की 76 रन की नाबाद साझेदारी की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को वापसी करते हुए चाय तक पांच विकेट पर 174 रन बनाए थे। उस समय पंत 52 गेंद में 53 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि जडेजा ने 65 गेंद में 32 रन बना थे। दोनों ने 101 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की। बारिश के कारण दूसरे सत्र का खेल एक घंटा विलंब से शुरू हुआ। इंग्लैंड ने भारत के पांच विकेट 98 रन पर निकाल दिए थे। जेम्स एंडरसन जहां सुबह हावी रहे तो मैथ्यू पोट्स ने खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली (11) का कीमती विकेट लिए। उन्होंने हनुमा विहारी (20) को भी पवेलियन भेजा। विहारी को पो्टस ने पगबाधा आउट किया। अगले ओवर में उन्होंने कोहली को पवेलियन भेजा। भारत के बाहर अपना पहला टेस्ट खेल रहे श्रेयस अय्यर ने पोट्स को तीन चौके जड़कर आक्रामक शुरूआत की लेकिन 11 गेंद में 15 रन बनाकर आउट हो गए।

एंडरसन ने उन्हें शॉर्ट गेंद डाली और सैम बिलिंग्स ने बेहतरीन डाइव लगाकर एक हाथ से उनका कैच लपका। इसके बाद पंत और जडेजा ने डटकर और संभलकर खेलते हुए पारी को आगे बढाया। दोनों के तेवर देखकर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच को गेंद सौंपी जिनका स्वागत पंत ने दो चौकों और एक छक्के के साथ किया। उन्होंने लीच को डीप स्क्वेयर लेग में चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। उनके सबसे कामयाब तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने वर्षाबाधित सुबह के सत्र में दबाव बनाया जिससे मेहमान टीम ने लंच तक दो विकेट 53 रन पर गंवा दिए। बारिश के कारण लंच ब्रेक 20 मिनट पहले ही लेना पड़ा। एंडरसन ने सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (24 गेंद में 17 रन) और चेतेश्वर पुजारा (46 गेंद में 13 रन) को दूसरी स्लिप में जाक क्रॉली के हाथों लपकवाकर इंग्लैंड को सफलता दिलाई। क्रॉली अगर मैथ्यू पॉट्स की गेंद पर विहारी का कैच लपक लेते तो भारत के तीन विकेट हो गए होते। श्रृंखला का आखिरी मैच खेलने लौटी भारतीय टीम ने इससे पहले महज एक चार दिवसीय अभ्यास मैच खेला है। दूसरी ओर इंग्लैंड ने विश्व टेस्ट चैम्पियन न्यूजीलैंड के खिलाफ क्लीन स्वीप किया है। इंग्लैंड के हालात का सामना करना भारतीय सलामी बल्लेबाजों के लिए कठिन चुनौती थी। एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने उन्हें खुलकर खेलने ही नहीं दिया। गिल ने एंडरसन को मिड विकेट पर चौका लगाकर शुरूआत की। इसके बाद स्ट्रेट ड्राइव भी लगाया लेकिन एक खराब शॉट खेलकर अपना विकेट गंवा बैठे। आफ स्टम्प से बाहर जाती एंडरसन की गेंद पर उन्होंने बल्ला अड़ाया और दूसरी स्लिप में कैच आउट हो गए। पांच ओवर बाद एंडरसन ने पुजारा को उनके कैरियर में 12वीं बार आउट किया। काउंटी क्रिकेट में रन बनाकर भारतीय टीम में लौटे पुजारा भी आफ स्टम्प पर पड़ती गेंद का शिकार हुए।



पंत

| रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|
| 146 | 111 | 19 | 04 |

# रोहित पहले टी-20 से उपलब्ध होंगे, दूसरे मैच में जुड़ेंगे कोहली, पंत और बुमराह

**भाषा।** बर्मिंघम

कप्तान रोहित शर्मा कोविड-19 पॉजिटिव होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे लेकिन वह सफेद गेंद की श्रृंखला में टीम की अगुआई के लिए उपलब्ध होंगे क्योंकि बीसीसीआई ने गुरूवार को उन्हें टी20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे टीम में शामिल किया है। तीन मैचों की टी20 श्रृंखला सात जुलाई से साउथम्पटन में शुरू होगी। रोहित को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से खेलना था लेकिन वह टेस्ट मैच नहीं खेलेंगे तो वह पहले मैच से ही उपलब्ध हैं। विराट कोहली, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह और श्रेयस अय्यर सहित पांच खिलाड़ी नौ जुलाई को एजबेस्टन में दूसरे मैच के लिए टीम से जुड़ेंगे। टी20 टीम में मोहम्मद शमी का नाम नहीं है जिन्हें पिछले टी20 विश्व कप के बाद से ही छोटे प्रारूप की टीम में नहीं चुना गया है क्योंकि वह आस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व कप की योजना में शामिल नहीं हैं। मौजूदा टीम में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी शमी, शिखर धवन (37) और मोहम्मद सिराज वनडे टीम का हिस्सा हैं जो 15 से 20 जुलाई तक खेले जाएंगे। पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय के बाद रूतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह और राहुल त्रिपाठी सहित कुछ खिलाड़ी स्वदेश लौट जाएंगे। इससे समझा जा सकता है कि ए खिलाड़ी टी20 विश्व कप के लिए पहली पसंद नहीं हैं।

### इंग्लैंड ने 34 साल के तेज गेंदबाज ग्लीसन को चुना

**लंदन।** लंकाशर के अनुभवी तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को भारत के खिलाफ सात जुलाई से साउथम्पटन मे शुरू होने वाली तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए इंग्लैड की टीम मे पहली बार शामिल किया गया। जोस बटलर मेजबानो के लिए सफेद गेंद की कप्तानी संभालेंगे। भारत के खिलाफ एजबेस्टन मे चल रहे टेस्ट मैच मे खेल रही इंग्लैड की टीम मे शामिल कोई भी खिलाड़ी टी20 श्रृंखला मे नही खेलेगा। हालांकि जॉनी बेयरस्टो, जो रूट और टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स वनडे टीम से जुड़ेंगे जिसका पहला मैच ओवल मे 12 जुलाई को होगा। यार्कशर के स्पिनर आदिल रशीद हज के लिए मक्का गए हुए है जिससे वह दोनो श्रृंखलाओ मे नही खेलेंगे।

### विश्व कप में हर मैच के चारों क्वार्टर में निरंतर रहना होगा: वंदना

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड)।** भारतीय महिला हॉकी टीम की अनुभवी फारवर्ड वंदना कटारिया ने कहा कि शुक्रवार से शुरू हो रहे विश्व कप मे सफलता के लिए टीम को हर मैच के प्रत्एक क्वार्टर मे निरंतर अच्छा प्रदर्शन करना होगा। टूर्नामेंट स्पेन के टेरासा में सह-मेजबान स्पेन और कनाडा के बीच मैच के साथ शुरू होगा। भारत रविवार को यहां पूल बी में इंग्लैड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। 'लैड के खिलाफ खेलेगा।

### कतर विश्व कप में ऑफ साइड फैसलों के लिए नई तकनीक लाएगा फीफा

**जिनेवा।** फीफा इस साल कतर मे होने वाले फुटबॉल विश्व कप मे ऑफ साइड फैसलों को बेहतर करने के लिए नई तकनीक शुरू करेगा जिसमें लिंब-ट्रैकिंग कैमरा (पैर की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए) प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा। फीफा ने शुक्रवार को कहा कि वह सेमी-ऑटोमेटिड ऑफसाइड तकनीक (एसएओटी) लांच करने के लिए तैयार है जिसमें कई कैमरे खिलाड़ी के मूवमेंट पर नजर रखते है और साथ ही गेंद मे एक सेंसर लगा होगा जिससे स्टेडियम की स्क्रीन पर तुरंत ही त्रि-आयामी छवियां दिखेंगी जिससे प्रशंसको को रैफरी के फैसले को समझने मे मदद मिलेगी।

### श्रीलंकाई बल्लेबाज मैथ्यूज पहले क्रिकेट टेस्ट के दौरान कोविड-19 पॉजिटिव

**गॉल।** श्रीलंकाई बल्लेबाज एंजेलो मैथ्यूज आस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे पहले क्रिकेट टेस्ट के दौरान कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए और उन्हे मैच मे खेल रहे साथी खिलाड़ियों से पृथक रख दिया गया है। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे टेस्ट मैच के तीसरे दिन मैथ्यूज वायरस की जांच मे पॉजिटिव पाए गए, वह अच्छा महसूस नही कर रहे थे। बोर्ड ने कहा कि बचे हुए मैच मे उनकी जगह खेलने के लिए ओशादा फर्नांडो को टीम मे शामिल किया गया है।

### पीएसजी ने पोर्तो के मिडफील्डर वितिन्हा से पांच साल का अनुबंध किया

**पेरिस।** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने मिडफील्डर वितिन्हा से पांच साल का अनुबंध किया है जिससे वह 2027 तक क्लब के साथ रहेंगे। पीएसजी ने 22 साल के वितिन्हा से सत्र से इतर करार किया है जो पुर्तगाल के क्लब पार्तो से आए है। क्लब के बयान मे हालांकि करार की वित्तीय जानकारी नही दी गई है लेकिन खबरों के अनुसार यह अनुबंध चार करोड़ यूरो (चार करोड़ डॉलर) का है। माना जा रहा है कि वितिन्हा पीएसजी के मिडफील्डर मार्को वेराटी की जगह लेंगे।

### शुभंकर आयरिश ओपन में 69 के कार्ड के साथ संयुक्त 37वें स्थान पर

**किलकेनी (आयरलैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने होराइजन आयरिश ओपन के शुरुआती दौर में गुरुवार को यहां तीन बोगी और छह बर्डी के साथ तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया। वह इस दौरान एक समय शीर्ष 20 खिलाड़ियों में शामिल थे लेकिन दिन का खेल खत्म होने तक संयुक्त रूप से 37वें स्थान पर खिसक गए। न्यूजीलैंड के रयान फॉक्स आठ अंडर 64 के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है।


# जबेउर और वाटसन चौथे दौर में

## ● विम्बलडन टेनिस

**भाषा।** विम्बलडन

**तीसरी वरीयता** प्राप्त ट्यूनीशिया की ओंस जबेउर ने फ्रांस की डियाने पैरी को 6-2, 6-3 से हराकर विम्बलडन महिला एकल के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया।

अब उनका सामना पूर्व चैम्पियन एंजेलिक कर्बर या एलिसे मर्टेंस से होगा। जबेउर पिछले साल यहां क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी। ब्रिटेन की हीथर वाटसन भी पहली बार चौथे दौर में पहुंच गई जिन्होंने स्लोवेनिया की काजा जुवान को 7-6, 6-2 से मात दी। वह 12वीं बार यहां एकल वर्ग में खेल रही है। अब उनका सामना जर्मनी की जुले नीमेइएर से होगा। क्वालीफायर जैक सोक विम्बलडन के तीसरे दौर में पहुंचने वाले आठवें अमेरिकी पुरूष हो गए जिन्होंने मैक्सिम क्रेसी को 6-4, 6-4, 3-6, 7-6 से मात दी। विम्बलडन में 1995 के बाद पहली बार तीसरे दौर में 32 में से आठ खिलाड़ी अमेरिकी हैं। सोक ने तीन बार युगल वर्ग में ग्रैंडस्लैम जीते हैं जिनमें से दो बार विम्बलडन में ही विजय पाई है। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के क्वालीफायर जासन कुबलेर से होगा। फ्रांसिस टियाफो पहली बार विम्बलडन के चौथे दौर में पहुंच गए जिन्होंने कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को 3-6, 7-6, 7- 6, 6-4 से मात दी। अब उनका सामना युगो हुम्बर्ट या डेविड गोफिन से होगा। एलेना ओस्टापेंको भी लाटविया की इरिना कामेलिया बेगू को 3-6, 6-1, 6-1 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गई।



जबेउर

### किर्गियोस पर 10 हजार डॉलर का जुर्माना

**विंबलडन।** आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी निक किर्गियोस पर विबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम मे पहले दौर की जीत के दौरान खेल भावना के विपरीत आचरण करने के लिए 10,000 डॉलर का जुर्माना लगाया गया। यह टूर्नामेंट में अभी तक घोषित किया गया सबसे बड़ा जुर्माना है। किर्गियोस ने इस पहले दौर के मैच के बाद हुई प्रेस कांफ्रेंस मे स्वीकार किया था कि उन्होने परेशान कर रहे दर्शक की ओर थूका था। गुरुवार को आल इंग्लैंड क्लब ने मैच के दौरान लगे जुर्माने की राशि की घोषणा की। किर्गियोस के बाद एलेक्जेंडर रिट्सचार्ड पर 5,000 डॉलर का जुर्माना लगा गया जो क्वालीफाइंग मे पहले दौर के मैच के दौरान उनके खेल भावना के खिलाफ आचरण के लिए लगा था।

### कप्तान की तुलना में गेंदबाज के तौर पर बुमराह की ज्यादा जरूरत : द्रविड़

**भाषा।** बर्मिंघम

**भारतीय मुख्य** कोच राहुल द्रविड़ को लगता है कि इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे एकमात्र टेस्ट के दौरान मैच विजई तेज गेंदबाज - जसप्रीत बुमराह की जरूरत कप्तान के तौर पर जसप्रीत बुमराह से अधिक होगी। बुमराह शुक्रवार को टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम की अगुआई करने वाले 36वें खिलाड़ी बन गए और वह महान क्रिकेटर कपिल देव के बाद ऐसा करने वाले दूसरे तेज गेंदबाज हैं। रोहित शर्मा की मैच में उपलब्धता के बारे में स्थिति स्पष्ट होने के बाद द्रविड़ ने युवा कप्तान बुमराह से कहा, रिलैक्स रहो, हमें तुम्हारी जरूरत बतौर कप्तान से कहीं अधिक तेज गेंदबाज के तौर पर है। द्रविड़ ने आधिकारिक प्रसारक सोनी से कहा, पिछले दो दिन में मैंने उससे कुछ बातें की हैं जिसमें मैंने उसे सिर्फ रिलैक्स रहने को कहा है। हमें कप्तान से ज्यादा तेज गेंदबाज के तौर पर आपकी ज्यादा जरूरत है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह काफी समझदार है और खेल को बहुत अच्छी तरह समझता है। साथ ही टीम उसका सम्मान करती है जो कप्तान के तौर पर काफी अहम होता है।

# दीप्ति-पूजा के हरफनमौला खेल से भारत जीता

## ● महिला टीम ने श्रीलंका को चार विकेट से हराया

**भाषा।** पालेकल

**दीप्ति शर्मा और** पूजा वस्त्राकर के हरफनमौला खेल और दोनों के बीच सातवें विकेट के लिए 38 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारतीय महिला टीम ने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले में श्रीलंका को चार विकेट से हराकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। मैन ऑफ द मैच दीप्ति ने 8.2 ओवर में 25 रन पर तीन विकेट लेने के बाद मुश्किल परिस्थितियों में 22 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। पूजा ने पांच ओवर में 26 रन दो विकेट चटकाने के बाद नाबाद 21 रन (19 गेंद में) की आक्रामक पारी खेली। ऑफ स्पिनर दीप्ति और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह (29 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ने श्रीलंका की पारी को 48.2 ओवर में 171 रन पर समेटने के बाद 72 गेंद शेष रहते छह विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के कप्तान हरमनप्रीत कौर तथा अनुभवी स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ ने एक-एक विकेट चटकाए। श्रीलंका के लिए निलाक्षी डि सिल्वा ने सबसे ज्यादा 43 जबकि हसिनी परेरा ने 37 रन बनाए। भारत के लिए भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत ने 44, शेफाली वर्मा ने 35 और हरलीन देओल ने 34 रन का योगदान दिया।





### स्कोरबोर्ड

**श्रीलंका पारी:** परेरा पगबाधा दीप्ति 37, अटापट्टू का यास्तिका बो रेणुका 02, करूणारत्ना का पूजा बो दीप्ति 00, मडावी पगबाधा पूजा 28, दिलहारी का शेफाली बो हरमनप्रीत 02, डिसिल्वा पगबाधा रेणुका सिंह 43, संजीवनी का यास्तिका बो राजेश्वरी 18, रनासिंघे बो रेणुका 08, सिल्वा बो दीप्ति 07, रनावीरा का यास्तिका बो पूजा 12, कुलासूर्या नाबाद 00, **अतिरिक्त:** 16, **कुल योग:** (48.2 ओवर मे सभी आउट) 171, विकेट पतन: 1-13, 2-29, 3-63, 4-65, 5-84, 6-131, 7-144, 8-152, 9-171, गेंदबाजी: रेणुका 6-0-29-3, मेघना 8-0-23-0, दीप्ति 8.2-1-25-3, राजेश्वरी 9-0-33-1, हरमनप्रीत 7-1-13-1, पूजा 5-0-26-2, हरलीन 3-0-11-0, शेफाली 2-0-4-0

**भारत पारी:** शेफाली स्टं. संजीवनी बो रनावीरा 35, मंधाना बो रनासिंघे 04, भाटिया बो रनासिंघे 01, कौर पगबाधा रनावीरा 44, देओल पगबाधा रनावीरा 34, शर्मा नाबाद 22, घोष का संजीवनी बो रनावीरा 06, वस्त्राकर नाबाद 21, **अतिरिक्त:** 09, कुल योग: (38 ओवर मे छह विकेट पर) 172 रन, **विकेट पतन:** 1-9, 2-17, 3-61, 4-123, 5-130, 6-138, **गेंदबाजी:** कुलासूर्या 6-0-34-0, रनासिंघे 8-1-34-2, रनावीरा 10-0-39-4, दिलहारी 7-0-33-0, सिल्वा 6-0-30-0, अटापट्टू 1-0-4-0

### लाहिड़ी ने 69 का कार्ड खेला, संयुक्त 32वें स्थान पर

**सिल्विस (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने जॉन डीरे क्लासिक के शुरूआती दिन दो अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 32वें स्थान पर चल रहे हैं। ओपन चैम्पियनशिप में जगह बनाने की कोशिश में जुटे लाहिड़ी ने चौथे से सातवें होल में चार बर्डी लगाई। शीर्ष 10 (और संयुक्त रूप से रहने वाले गोल्फर) में शामिल खिलाड़ियों को इस हफ्ते द ओपन चैम्पियनशिप में जगह बनाने का मौका मिलेगा।

# सिंधू व प्रणय की हार से भारतीय चुनौती खत्म

## ● मलेशिया ओपन

**भाषा।** कुआलालंपुर

**दो बार** की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मलेशिया ओपन बैडमिंटन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां तीन गेम के कड़े मुकाबले में गत चैम्पियन चीनी ताइपे की ताई जू यिंग से हारकर बाहर हो गई। पुरुष वर्ग में एच एस प्रणय के जोनाथन क्रिस्टी के हाथों 18-21, 16-21 से हार के साथ इस सुपर 750 स्पर्धा में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। सातवीं वरीयता प्राप्त सिंधू तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता दूसरी वरीयता प्राप्त यिंग के खिलाफ पहले गेम को जीतने के बाद लय बरकरार नहीं रख सकी और 21-13, 15-21, 13-21 से हार गई। इस जीत के बाद यिंग ने भारत की इस शीर्ष खिलाड़ी पर अपना दबदबा और मजबूत कर लिया। सिंधू लगातार छठे मैच में यिंग से हारी है। दोनों के जीत हार का रिकॉर्ड भी 16-5 के बड़े अंतर से यिंग के पक्ष में है। सिंधू ने शुरुआती गेम में 2-5 से पिछड़ने के बाद लगातार 11 अंक हासिल कर शानदार वापसी की। चीनी ताइपे की खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद लंबी रैलियां खेलकर प्रतियोगिता में वापसी की कोशिश की लेकिन सिंधू ने उसे ज्यादा मौके नहीं दिए। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में भी अच्छी शुरुआत की लेकिन यिंग ने वापसी करते हुए ब्रेक तक अपनी बढ़त को 11-3 कर लिया।





### हेड और लियोन ने दिलाई आस्ट्रेलिया को 10 विकेट की जीत



**गॉल।** स्पिनर ट्रेविस हेड और नाथन लियोन के चार-चार विकेट से आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शुरुआती सत्र में श्रीलंका पर 10 विकेट से जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम पहली पारी में 212 रन पर सिमट गई थी। आस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन सुबह पहली पारी में आठ विकेट पर 313 रन से खेलना शुरू किया। तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो ने कमिंस (26) को अपनी यॉर्कर का शिकार बनाया। फिर उन्होंने इन-स्विंगर से स्वेपसन (01) को आउट कर आस्ट्रेलियाई पारी 321 रन पर खत्म की। इस तरह आस्ट्रेलिया पहली पारी के आधार 109 रन से आगे था। श्रीलंका की टीम दूसरी पारी में केवल 113 रन ही बना सकी जिससे आस्ट्रेलिया को जीत के लिए केवल पांच रन का लक्ष्य मिला और डेविड वार्नर ने चार गेंद में मैच खत्म कर दिया। कामचलाऊ ऑफ स्पिनर हेड ने 17 गेंद के अंदर चार विकेट झटक लिए जिससे उन्होंने 10 रन देकर चार विकेट चटकाए। उन्होंने पिछले 26 टेस्ट मैचों में केवल एक विकेट लिया था। लियोन ने अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखते हुए पहली पारी में 90 रन देकर पांच विकेट और दूसरी पारी में 31 रन देकर चार विकेट झटके। श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया की पहली पारी की बढ़त को जल्दी से खत्म करने के इरादे से स्पिनरों की मुफीद पिच पर दूसरी पारी में तेज शुरूआत की।

### जमुना, चोपाड़े एलोरडा कप के सेमीफाइनल में



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजों ने कजाखस्तान के नूर सुल्तान में हो रहे एलोरडा कप में अपना शानदार फॉर्म जारी रखा है और 2019 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता जमुना बोरो समेत छह ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। जमुना बोरो (54 किलो) ने कजाखस्तान की ऐशागुल एलेयुबाएवा को 5 -0 से हराया। विश्व युवा चैम्पियनशिप 2017 की विजेता ज्योति गुलिया (52 किलो) ने कजाखस्तान की जांसाया राखिमबेरडी को 4-1 से हराया। वहीं विश्व चैम्पियनशिप 2016 की रजत पदक विजेता सोनिया लाठेर (57 किलो) ने स्थानीय मुक्केबाज जुल्डिज शायाखमेतोवा को 5- 0 से मात दी। अनंत चोपाडे (54 किलो) ने कजाखस्तान के अल्तिनबेक नूरसुल्तान को 5 -0 से हराया जबकि सचिन (57 किलो) के प्रतिद्वंद्वी चीन के ल्यु पिंग दूसरे दौर में घायल होकर बाहर हो गए जिससे उन्हें अंतिम चार में प्रवेश मिला। साक्षी (54 किलो) ने कजाखस्तान की मुजदिमान बालूसा को 5 . 0 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं अर्शी (52 किलो) और आरती (57 किलो) को पराजय का सामना करना पड़ा। पुरूष वर्ग में आदित्य (67 किलो) और पवन (75 किलो) हारकर बाहर हो गए।

# नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग में रजत जीता

## इस साल 90 मीटर दूर भाला फेंकने का भरोसा

**भाषा।** स्टॉकहोम

**ओलंपिक** चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने गुरूवार को प्रतिष्ठित डायमंड लीग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए रजत पदक जीता, वह काफी करीब से 90 मीटर दूर भाला फेंकने से चूक गए लेकिन उन्हें भरोसा है कि वह इस साल इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। नीरज पहली बार डायमंड लीग शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रहे। 24 साल के एथलीट ने पहले ही प्रयास में 89.94 मीटर दूर भाला फेंका जिससे वह महज छह सेंटीमीटर से 90 मीटर से चूक गए। इस दौरान उन्होंने अपने 89.30 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया जो उन्होंने 14 जून को फिनलैंड के तुर्कु में पावो नुर्मी खेलों में दूसरे स्थान पर रहकर हासिल किया था। नीरज के अन्य थ्रो 84.37 मीटर, 87.46 मीटर, 84.77 मीटर, 86.67 मीटर और 86.84 मीटर के रहे। चोपड़ा ने रजत पदक जीतने के बाद जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स से कहा, पहला थ्रो काफी अच्छा था, मुझे अच्छा लग रहा है। ऐसा नहीं था कि पहले थ्रो में ही करना है। 90 मीटर के काफी करीब था, और लग रहा था कि कर दूंगा, पर अपना सर्वश्रेष्ठ किया तो अच्छा लग रहा है। विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 90.31 मीटर की दूरी से स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने यह दूरी तीसरे प्रयास में हासिल की। चोपड़ा ने कहा, मैं अब 90 मीटर के करीब हूं और इस साल मैं ऐसा कर सकता हूं। आज नहीं जीता लेकिन मुझे अच्छा लग रहा है क्योंकि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ किया। चोपड़ा अगस्त 2018 में ज्यूरिख में डायमंड लीग मीट में चौथे स्थान पर रहे थे। वह चार साल में पहली बार डायमंड लीग में खेल रहे थे। वह सात बार डायमंड लीग मीट - 2017 में तीन बार और 2018 में चार बार - में हिस्सा ले चुके हैं। उन्होंने कहा, जब एंडरसन पीटर्स ने 90 मीटर की दूरी तय की तो मुझे भी लगा कि मुझे भी ऐसा करना होगा। मेरे दिमाग में था कि सब कुछ परफेक्ट होना चाहिए, भाला एक ही लाइन में जाना चाहिए और तकनीक परफेक्ट होनी चाहिए। जब सबकुछ परफेक्ट होगा तभी आप इतनी लंबी दूरी तक थ्रो कर सकते हो। प्रतिस्पर्धा थी लेकिन मैं खुश हूं कि मेरे सभी थ्रो काफी अच्छे थे। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। मैं लंबे समय बाद खेल रहा हूं और अगली प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूंगा। चोपड़ा की निगाहें 15 से 24 जुलाई तक अमेरिका के यूजीन में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर लगी हुई हैं।



### सरकार ने टेटे टीम के पुर्तगाल दौरे को मंजूरी दी, शरत करेंगे अगुआई

**भाषा।** नई दिल्ली

**अनुभवी खिलाड़ी** अचंता शरत कमल आगामी बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले तीन से 10 जुलाई तक पुर्तगाल दौरे पर 10 सदस्यीय भारतीय टेबल टेनिस टीम की अगुआई करेंगे। टीम में पांच पुरूष और इतनी ही महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं जिनके साथ दो कोच रमन सुब्रमण्यम और अनिंदिता चक्रवर्ती जाएंगे। शरत के अलावा पुरूष टीम के अन्य सदस्य सानिल शेट्टी, गुणशेखरन साथियान, हरमीत देसाई और मानुष हैं। महिला टीम में श्रीजा अकुला, रीथ टेनिसन, मनिका बत्रा, दिया चिताले और स्वस्तिका घोष शामिल हैं। खेल मंत्रालय ने विदेश मंत्रालय की मंजूरी के अधीन इस दौरे को मंजूरी दी। शरत कमल अपने पांचवें राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेंगे और वह सबसे ज्यादा अनुभवी हैं।